www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -145 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



मप्र में 50 फीसदी कमीशन पर फिर घिरी सरकार 02

■ राजधानी को जी-20 सम्मेलन से पहले नया रूप दे...
■ गदर-2 फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए : रामदास आठवले 03

■ इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ी
■ यूएन ने सीरिया में 200 से ज्यादा सहायता मिशन चलाए 07

अपनी बहन नुपुर सेनन के साथ रक्षाबंधन मना... 10

## सार संक्षेप

### लंबे समय बाद नजर आया सुपर ब्लू मून का नजारा



**नई दिल्ली।** आसमान में एक दुर्लभ सुपर ब्लू मून के नजारे के साथ बुधवार को एक अनोखी और आश्चर्यजनक घटना घटी। देश के कई हिस्सों में ये नजारा दिखाई दिया। इसमें चांद बेहद चमकदार नजर आया। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, जैसे-जैसे रात होगी, ऐसा लगेगा जैसे शनि ग्रह चंद्रमा के चारों ओर एक चक्र में घूम रहा है। सुपर ब्लू मून का नजारा 31 अगस्त की सुबह तक जारी रहेगा।

### मुरैना में टैंक की सफाई के लिए उतरे 5 मजदूरों की मौत



**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में एक फूड प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्री में आज सुबह टैंक की सफाई की लिए उतरे पांच मजदूरों की मृत्यु हो गयी। मृतकों में तीन सगे भाई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में स्थित फूड प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्री में पानी से भरे एक टैंक की सफाई के लिए पहले एक मजदूर उतरा। उसकी हलचल नहीं मिलने के बाद एक-एक कर चार मजदूर और टैंक में उतर गए, जहां दमघुटने से सभी पांचों मजदूरों की मौत हो गई।

### मिजोरम, त्रिपुरा में 15.59 करोड़ की हेरोइन जब्त, 7 गिरफ्तार



**आइजोल।** अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने मिजोरम और त्रिपुरा में पिछले 24 घंटों के दौरान 15.59 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की है। साथ ही 7 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को आइजोल के पास दो स्थानों से 13.34 करोड़ रुपये मूल्य की 3,310 ग्राम हेरोइन जब्त की और चार लोगों को गिरफ्तार किया।

### नूंह हिंसा में गिरफ्तार बिट्टू बजरंगी को जमानत



**गुरुग्राम।** इस महीने की शुरुआत में हरियाणा में नूंह हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए गोरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है। 17 अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए बजरंगी को फरीदाबाद की नीमका जेल में रखा गया था। सहायक पुलिस अधीक्षक उषा कुंडू की शिकायत पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

---

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का आज से मुंबई में जमावड़ा

# मुंबई बैठक में 28 राजनीतिक दल शामिल होंगे : शरद

■ उद्धव बोले, लोकतंत्र की रक्षा के लिए साथ आए ■ बेंगलुरु बैठक में 26 पार्टियों ने लिया था हिस्सा

> हमारा गठबंधन बनते ही सरकार ने गैस के दाम कम कर दिए हैं। देखते जाइए, आगे फ्री सिलेंडर भी देंगे: उद्धव ठाकरे

> हम परिवर्तन के लिए एक साथ आए हैं। इसके विकल्प जरूरी है। हमें भरोसा है देश को एक बढ़िया विकल्प मिलेगा : शरद पवार

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)।** मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक आज से मुंबई में शुरू हो रही है। बैठक से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस अवसर पर शरद पवार ने कहा कि मुंबई में विपक्षी गठबंधन की बैठक में 28 राजनीतिक दलों के 63 प्रतिनिधि शामिल होंगे। बहुजन समाज पार्टी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि बीएसपी नेता मायावती भाजपा के साथ संपर्क में हैं।

इस दौरान उद्धव ने कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए साथ आए हैं। सभी मिलकर भाजपा से लड़ेंगे। एलपीजी की कीमत में कटौती पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि जैसे-जैसे इंडिया प्रगति कर रहा है, भाजपा सरकार गैस सिलेंडर मुफ्त तक दे सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा करना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले भी मौजूद थे।

एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा, मायावती की भाजपा से चल रही बात



### आज डिनर देंगे उद्धव ठाकरे

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर देंगे। इसके अगले दिन सुबह करीब 10 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों के नेता शामिल होंगे। बेंगलुरु की बैठक के पहले दिन सोनिया ने डिनर होस्ट किया था।

### कल हो सकती है संयोजक की घोषणा

बेंगलुरु की बैठक में विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) नाम दिया था। 1 सितंबर को होने वाली मीटिंग में विपक्षी गठबंधन के संयोजनक के नाम की घोषणा हो सकती है। नीतीश कुमार और मल्लिकार्जुन खड़गे इस रेस में आगे चल रहे हैं।

### प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा: ममता

विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिए विपक्ष के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी भी बुधवार को मुंबई पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के प्रधानमंत्रीउम्मीदवार को लेकर बड़ा बयान दिया। ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा।

उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि इंडिया गठबंधन की बैठक महाराष्ट्र में होने जा रही है। बेंगलुरु में हम 26 पार्टियां थे, यहां यह 28 पार्टियां हो गई हैं।

जैसे-जैसे इंडिया बढ़ेगा, वैसे ही चीन पीछे हटेगा। पटोले ने कहा कि हमारे गठबंधन में 11 मुख्यमंत्री हैं। गठबंधन में शामिल पार्टियों को पिछले चुनाव में 23 करोड़ वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले थे। तब हम अलग-अलग थे, इसलिए भाजपा जीत गई थी।

---

विशेषाधिकार समिति ने दी मंजूरी

## लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन का निलंबन खत्म

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)।** संसद की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को राहत देते हुए बुधवार को लोकसभा से उनका निलंबन रद्द कर दिया। इससे पहले विशेषाधिकार समिति ने चौधरी का निलंबन रद्द करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।



अभद्र टिप्पणियों के चलते निलंबित कर दिया था

उन्हें संसद के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में कुछ अभद्र टिप्पणियों के चलते निलंबित कर दिया गया था। अधीर रंजन चौधरी ने भाजपा सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता वाली विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहाकि सदन में बोलते हुए उनका किसी की भावना को आहत करने का मकसद नहीं था। इससे सहमत होते हुए समिति ने अधीर रंजन का निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव पारित किया। मानसून सत्र में मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलते हुए अधीर रंजन ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कुछ अभद्र टिप्पणियां की थी। उनके इस आचरण के चलते उन्हें 10 अगस्त का लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। हालांकि 11 अगस्त का सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया था। समिति ने 18 अगस्त को चर्चा की और 30 अगस्त को चौधरी को मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया।

### ध्वनिमत से निलंबन को मिली थी मंजूरी

अधीर रंजन चौधरी के विवादास्पद बयान के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने उनके निलंबन को लेकर एक प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया था। जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी थी। हालांकि प्रस्ताव पास होने से पहले कांग्रेस और सहयोगी दलों ने विरोध स्वरूप सदन का बहिष्कार कर दिया था।

---

## गाजियाबाद में वकील की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**गाजियाबाद, 30 अगस्त (देशबन्धु)।** तहसील में दो हथियारबंद बदमाशों ने दुस्साहसिक तरीके से चैंबर में घुसकर एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच पड़ताल में मामला पारिवारिक विवाद प्रकाश में आ रहा है। बुधवार को वकील मोनू उर्फ मनोज चौधरी तहसील में अपने चैंबर में बैठकर भोजन कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावर चैंबर में घुस गए और वकील की कनपटी में गोली मार दी। इससे वकील खून से लतपथ होकर वही लुढ़क गए। वारदात के बाद जब लोगों ने देखा कि वकील की हत्या कर दी गई है तो दहशत फैल गई।



■ चैंबर में घुसकर वकील को मारी गोली
■ हत्या का कारण पारिवारिक विवाद, 5 को किया नामजद

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

डीसीपी शहर निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना को लेकर पूछताछ की। पुलिस टीम बदमाशों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी ने 05 नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर दी है। तहरीर में हत्या का मुख्य कारण पारिवारिक विवाद बताया गया है।

---

कांग्रेस का सरकार पर बड़ा आरोप

## धारावी योजना अडानी को देने के लिए बदले नियम

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (देशबन्धु)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने करीबी उद्योगपति अडानी समूह को देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई के केंद्र में स्थित अत्यंत मूल्यवान धारावी स्लम विकास परियोजना का काम भी सौंपा है और इसकी निविदा हासिल करने में नियम बदलकर उसकी मदद की गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा प्रधानमंत्री के आदेश के पालन की प्रक्रिया के तहत मुंबई में धारावी स्लम विकास परियोजना को अपने सबसे पसंदीदा व्यवसायी को सौंपने के बाद महाराष्ट्र सरकार के पास देश की वाणिज्यिक राजधानी के केंद्र में स्थित एक मूल्यवान अचल संपत्ति अडानी समूह के कब्जे में देने में मदद करने के अपने बेतुके निर्णय का बचाव करने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा धारावी स्लम विकास परियोजना की मूल निविदा दुबई की एम फर्म ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर हासिल की थी लेकिन रेलवे भूमि के हस्तांतरण से संबंधित मुद्दों के कारण 2020 में इसे रद्द कर दिया गया लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने 2022 में नए टेंडर निकाले जिसमें ऐसी शर्तें शामिल की गई कि इस निविदा को लेने में अडानी की मदद की जा सके और मूल निवदा के खुलासे में दूसरे स्थान पर आने वाले अडानी समूह को बाहर का रासता दिखाया जा सके। इससे अडानी समूह को 5,069 करोड़ की बोली जीतने में मदद मिली।




■ निविदा हासिल करने में नियम बदलकर मदद की गई

### मूल विजेता की तुलना में 2,131 करोड़ कम में लगाई बोली

यह बोली समूह ने मूल विजेता की जीती बोली की तुलना में 2,131 करोड़ रुपए कम में लगाई गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसमें अडानी समूह को सहूलियत देने के लिए अन्य कदम भी उठाए गये। उनका कहना था इतना ही नहीं, कम से कम एक हजार करोड़ रुपये की रेलवे की जमीन को सरकार द्वारा अधिग्रहीत कर उसे थाली में सजाकर अडानी को सौंप दिया जा रहा है। इसके अलावा यह भी शर्त लगाई गई कि रेलवे कर्मचारियों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों के पुनर्वास की लागत भी सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

---

## प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची



■ इसरो ने बुधवार को जारी की तस्वीरें

चंद्रयान-3 मिशन

**चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव में उतरने के बाद प्रज्ञान रोवर द्वारा खींची गई विक्रम लैंडर की बुधवार को तस्वीर जारी की। यह तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) द्वारा ली गई है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के आधिकारिक हैंडल पर कहा, चंद्रयान -3 मिशन- कृपया मुस्कुराएं! प्रज्ञान रोवर ने आज सुबह विक्रम लैंडर की एक तस्वीर क्लिक की। 'मिशन की तस्वीर' रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) ने ली है। चंद्रयान-3 मिशन के लिए नवकैम को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम प्रयोगशाला द्वारा विकसित किया गया है। प्रणोदन मॉड्यूल से अलग होने के बाद 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतरा। कुछ घंटों के बाद विक्रम के अंदर से रोवर प्रज्ञान बाहर निकला और चहलकदमी शुरू कर दी।

### चंद्रयान-3 से मिलने वाले डाटा पर विश्व की निगाहें

एलईओएस ने चंद्रयान-3 रोवर पर लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण भी विकसित किया है, जिसने दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा की सतह की मौलिक संरचना पर पहली बार इन-सीटू माप किया है। आज यानी 30 अगस्त को प्रज्ञान का चांद पर 8वां दिन है। इसरो ने चंद्रयान-3 के जरिए बड़ी खोज की है। रोवर प्रज्ञान के पेलोड ने चांद पर ऑक्सीजन और सल्फर समेत अन्य पदार्थों की मौजूदगी का पता लगाया है। प्रज्ञान ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुववीय क्षेत्र में एल्यूमीनियम, सल्फर, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम और टाइटेनियम सहित कई रासायनिक पदार्थों की उपस्थिति की खोज की है।

---

## कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना शुरू

**मैसूरु, 30 अगस्त (एजेंसियां)।** राहुल गांधी ने मैसूरु में कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। राहुल गांधी के योजना का उद्घाटन करते ही योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाली 1 करोड़ 09 लाख 54 हजार महिलाओं के खाते में 2000 रुपए पहुंच गए। योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा, जिनके नाम राशन कार्ड है। जो महिलाएं या उसका पति इनकम टैक्स देता है, वह योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। इस मौके पर राहुल ने कहा कि हमने चुनाव में जो पांच वादे किए थे, उन्हें सरकार बनाने के 100 दिन के अंदर पूरा कर दिया है। इन पांच वादों में से चार महिलाओं के लिए हैं। इसके पीछे हमारी सोच है कि जैसे बड़े से बड़ा पेड़ मजबूत जड़ के बिना खड़ा नहीं रह सकता है, वैसे ही कर्नाटक की मजबूती का आधार यहां की मांएं-बहनें हैं।



■ महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2000
■ राहुल बोले, 100 दिन में हमने पूरे किए पांचों वादे

---

मणिपुर में फिर हुई हिंसा

## गोलीबारी में 2 स्वयंसेवकों की मौत

**इंफाल, 30 अगस्त (एजेंसियां)।** मणिपुर के बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर मंगलवार को दो गुटों में गोलीबारी हुई। इसमें ग्राम रक्षा दल के दो स्वयंसेवकों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हैं। नारानसीना में हमलावरों ने खेतों में काम कर रहे किसानों पर गोलाबारी की। इसके जवाब में स्वयंसेवकों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। मृतकों की पहचान लाइबुजम इनाओ और जांगमिनलेन गंगेट के रूप में हुई है। लाइबुजम को बिष्णुपुर के नारानसीना में गोली लग गई थी। उसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, जांगमिनलेन को चुराचांदपुर के सोंगदो गांव में झड़प के दौरान घायल हो गया था।

राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से जारी हिंसा में 160 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि मणिपुर में 6 हजार 523 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

---

परेशानी *अगस्त में सामान्य से 33 फीसदी कम बारिश हुई*

## 120 साल में सबसे सूखा रहा अगस्त

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अगस्त खत्म होने को आया है और देश अब भी तर कर देने वाली बारिश को तरस रहा है। अगस्त के दो और दिन बाकी हैं और मौसम विभाग के मुताबिक, इन दो दिनों में भी नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों और दक्षिण के कुछ इलाकों को छोड़कर अच्छी-जोरदार बारिश होने की संभावना नहीं है।**

इस साल का अगस्त 1901 से अब तक का सबसे सूखा अगस्त बन गया है। मानसून ब्रेक के चलते पूर्वोत्तर और हिमाचल-उत्तराखंड को छोड़कर अगस्त में बारिश की भारी कमी रही। इसकी वजह से अगस्त का औसत तापमान 27.55 डिग्री है, जबकि 29 दिनों का औसत इससे ज्यादा रहा। इस ट्रेंड के मुताबिक, दो दिन बाद जब अगस्त खत्म होगा तो यह इतिहास का सबसे गर्म अगस्त हो सकता है। अब तक अगस्त के 29 दिनों में 25 दिन सामान्य से कम बारिश हुई है। दरअसल, अगस्त में मानसून का तीसरा ब्रेक चल रहा है जो इस हफ्ते के आखिरी तक जारी रह सकता है। अगस्त खत्म होने पर ये मानसून ब्रेक इतिहास का चौथा सबसे बड़ा मानसून ब्रेक होगा। इस अगस्त में 33 फीसदी कम बारिश हुई है।



■ हिमाचल-उत्तराखंड को छोड़कर अगस्त में बारिश को तरसे कई राज्य

### 8 वर्षों में सबसे कम बारिश वाला मानसून

दक्षिण भारत में कमी 61 फीसदी, मध्य भारत में 44 फीसदी और उत्तर पश्चिमी भारत में 35 फीसदी तक है। 29 अगस्त तक भारत में 241 मिमी बारिश होती है लेकिन इस बार केवल 160 मिमी बारिश हुई है। यानी मानसूनी बारिश में 9 फीसदी की कमी है, अब सितंबर की सामान्य बारिश होने पर भी इसकी भरपाई संभव नहीं दिख रही। ऐसी स्थिति रही तो बीते 8 वर्षों में यह सबसे कम बारिश वाला मानसून रहेगा।

# देश

**उवाच** "शिवराज और मोदी जी हार के डर से ऐसे घबरा गए हैं कि लगता है अब हर त्योहार एक नया तोहफा देंगे। कांग्रेस सरकारों ने एलपीजी के दाम कम करने का ऐलान क्या किया, जनता के दुख दर्द से दूर मोदी शाह शिवराज एक के बाद एक कांग्रेस की घोषणाएं दोहराने लगे।"
–दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# देश को विदेशी आक्रमण से बचाएगा विपक्ष

## चीन के लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने पर बोला हमला

**मुंबई,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के रुख को दोहराते हुए पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि चीन ने लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है और विपक्ष अब देश को विदेशी आक्रमण से बचाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में 31 अगस्त-1 सितंबर को होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय विपक्षी गुट की बैठक से पहले मीडियाकर्मियों से कहा कि जैसे-जैसे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा और आगे बढ़ेगा, चीन भारतीय क्षेत्रों से पीछे हट जाएगा.. इंडिया भारत की रक्षा और सुरक्षा करेगा। संजय राउत ने कहा कि इस बार शिवसेना बैठक की मेजबानी करने वाला है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) हमारे साथ हैं। देशभर से हमारे प्रतिनिधि मुंबई पहुंचने लगे हैं। फिलहाल जो नेता अभी नहीं आ पाए हैं। वह कल सुबह तक आ जाएंगे। बता दें, इससे पहले गठबंधन की दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में आयोजित की जा चुकी हैं। इंडिया गुट की पहली बैठक जून में पटना में हुई थी, जबकि दूसरी जुलाई के मध्य में बेंगलुरु में हुई थी। गठबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि कुछ राज्यों में अभी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ चुनावी सहमतियां नहीं बन पाई है इसलिए लोकसभा की सभी सीटों पर प्रत्याशियों का पूरा खाता तैयार नहीं किया जा पाया है। उनका मानना है





**इंडिया जैसे-जैसे मजबूत होगा चीन लद्दाख से पीछे हट जाएगा : नाना पटोले**

कि जैसे ही बचे हुए राज्यों में भी विपक्षी दलों के साथ मिलकर सहमतियां बनेगी फिर एक साथ सभी प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतरने की रूपरेखा तैयार कर दी जाएगी। वहीं इस बार प्रमुख पक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने यही योजना बनाई है कि लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाली प्रमुख रैलियां और जनसभाओं में सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने से बचा जाए। इसके विपरीत प्रधानमंत्री की बजाए केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उनकी तथ्यों के साथ जनता के सामने हकीकत रखी जाने की योजना बनी है। योजना यह भी बनी है कि जो मुद्दे जनता से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं उनको ही अपनी रैलियों जनसभाओं और रोड शो के दौरान उठाया जाए। विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल एक प्रमुख नेता कहते हैं कि ऐसा करके वह सीधे तौर पर जनता के मुद्दों के माध्यम से न सिर्फ उन तक अपनी पहुंच बना सकेंगे बल्कि हाल के दिनों में हुए चुनावी राज्यों में इस तरह के मुद्दों से जीत भी मिली है, उसका असर भी दिखेगा। बेंगलुरु सम्मेलन में गठबंधन के नाम भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया था। इस बैठक में संयोजक और चेयरपर्सन के अलावा लोकसभा में विपक्ष के एकल प्रत्याशी को मैदान में उतारने का पूरा रोड मैप की चर्चा होगा। मुंबई में आयोजित होने वाली बैठक से पहले की दो बैठकों के बाद देश की 463 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाने का पूरा खाका खींच लिया गया है। चव्हाण ने पार्टियों को तोड़ने और निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की राजनीति में शामिल होने के लिए भी भाजपा की आलोचना की। जिन प्रमुख दलों ने इंडिया कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने की पुष्टि की है, उनमें ब्लॉक बैठक की मेजबानी करने वाली शिवसेना (यूटीवी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), समाजवादी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके डीएमके किसान एवं श्रमिक पार्टी शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार अन्य पार्टियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा, एमडीएमके, अपना दल, सीपीआई, सीपीआई (मार्क्सवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (एम), केएमडीके, केरल कांग्रेस (जे), वीसीके और सीपीआई (एम-एल) शामिल हैं।

### भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए आएं एक साथ : चव्हाण

इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक पर कहा कि हम लोकतंत्र को बचाने और भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आए हैं। एजेंडे पर चर्चा की जाएगी और हम उसी के अनुसार आगे की चीजें तय करेंगे। 2019 में गैर-भाजपा दलों को 23 करोड़ वोट मिले, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले। उन्होंने कहा कि अगर हम साथ मिलकर काम करें तो हम जीत सकते हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में गुरुवार से शुरू होने वाली है। इसे लेकर उद्धव बालासाहेब ठाकरे वाली शिवसेना के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा कि बैठक की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। देशभर से हमारे प्रतिनिधि मुंबई पहुंचने लगे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि 28 विपक्षी दलों के कम से कम 11 मुख्यमंत्री और 63 नेता मुंबई कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगे।

# कश्मीर में पहला अनूठा स्टार्ट अप कान्क्लेव सितम्बर में

## कई शीर्ष कारोबारी दिग्गज लेंगे सम्मेलन में हिस्सा

**जम्मू,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। यदि आप एक उद्यमी हैं और एक दिग्गज बनना चाहते हैं, तो शिल्प की जटिलताओं को जानने के लिए जम्मू और कश्मीर उद्यमिता कान्क्लेव आपके लिए सही जगह है। शीर्ष कारोबारी दिग्गज 16 सितंबर को श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में अपनी तरह के पहले मेगा उद्यमिता सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीनगर आएंगे। इस दौरान वे लान्चपैड द्वारा आयोजित, जो फास्टबीटल और कश्मीर बाक्स का एक समूह है-व्यापार और सरकारी क्षेत्रों के कम से कम 17 वक्ता सफलता के अपने मंत्र साझा करेंगे। फास्टबीटल के सीईओ और सह-संस्थापक शेख समीउल्लाह कहते थे कि यह एक स्टार्ट-अप कान्क्लेव है जिसमें उद्यमी अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह कश्मीर में अपनी तरह की पहली पहल है और इससे निश्चित रूप से हमारे उद्यमियों को लाभ होगा। उनका कहना था कि यह घाटी में स्टार्टअप इको-सिस्टम को भी बढ़ावा देगा। प्रमुख स्टार्टअप गुरुओं में अंकुर वारिकू, वेबवेडा के संस्थापक, लेखक, एंजेल निवेशक और





सार्वजनिक वक्ता, रजत तुली, उस्त्रा के सह-संस्थापक, आर टी कृष्णन, निदेशक आईआईएम बेंगलुरु, भैरवी जानी अध्यक्ष और संस्थापक आईईएफ, कार्यकारी और निदेशक एससीए समूह और अन्य शामिल हैं। महमूद शाह, निदेशक, उद्योग और वाणिज्य, कश्मीर, अतहर आमिर खान, नगर निगम आयुक्त, सीईओ, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सौरभ बघाट, आयुक्त, सचिव सूचना और प्रौद्योगिकी, ऐजाज अहमद भट निदेशक, ईडीआई और विक्रमजीत सिंह आयुक्त/सचिव सहित शीर्ष सरकारी अधिकारी उद्योग एवं वाणिज्य भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दिग्गज करेंगे स्थानीय उद्यमियों से बातचीत

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गज स्थानीय उद्यमियों से बातचीत करेंगे। समीउल्लाह बताते थे कि हमारे पास ऐसे मेहमान हैं जो व्यापार जगत में सम्मानित और प्रतिष्ठित हैं। उदाहरण के लिए, अंकुर वारिकू, जिनके पास कई सफल स्टार्ट-अप हैं, और दुनिया भर में प्रशंसकों के साथ एक प्रसिद्ध वक्ता और लेखक हैं, इस अवसर पर बोलेंगे। समीउल्लाह ने कहा कि इस आयोजन का विचार घाटी में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। समीउल्लाह बताते थे कि कान्क्लेव में स्टार्ट-अप मालिक बिजनेस दिग्गजों के सामने निवेश के लिए भी अपनी बात रख सकते हैं। उनके बकौल, इससे निश्चित रूप से उद्यमियों को मदद मिलेगी।

## सार संक्षेप

### ई-कॉमर्स साइटों पर नकली वॉटर प्यूरीफायर फिल्टर्स और उपभोक्ता वस्तुओं पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन शॉपिंग में आए उफान ने उत्पादों तक उपभोक्ताओं (ग्राहकों) के पहुंचने की क्षमता में क्रांति ला दी है और उन्हें सुविधा तथा विकल्पों की व्यापक श्रेणी प्रदान की है लेकिन, इस सुविधा के साथ अपनी चुनौतियाँ भी हैं, जिसमें से एक है बनावटी या नकली फिल्टर्स और उपभोक्ता वस्तुओं का फैलाव खासकर लोकप्रिय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी वस्तुओं की बढ़ती मौजूदगी के साथ घटिया दर्जे के उत्पादों से जुड़ा जोखिम बढ़ रहा है, समस्या की गंभीरता को देखते हुए, विनियामक निकायों ने इन जोखिमों पर लगाम कसने के लिए कार्रवाई की है जो हाल ही में 500 से अधिक जालसाजी भरे उत्पादों को सूची से हटाने के दिल्ली उच्च न्यायालय के के आदेश द्वारा हालिया दिशानिर्देशों में दिखा है। नकली फिल्टर्स और कंज्यूमेबल्स में आई बाढ़, उपभोक्ताओं के लिए बढ़ते खतरे, और इस समस्या का समाधान करने के लिए अपनाए जानेवाले उपायों का विषय सामने रखता है।

### पंडितों की वापसी तक कश्मीर अधूरा : महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों की घर वापसी तक कश्मीर अधूरा है। मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का भारी क्षति बताया। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में प्राचीन थाजिवारा मंदिर का दौरा करने के बाद कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष रूप से कश्मीर को भारी नुकसान हुआ था और कई लोगों की जान चली गई थी। मेरा मानना है कि कश्मीर भाई-बहनों का घाटी छोड़कर जाने भारी क्षति है। इस नुकसान की भरपाई तब तक नहीं की जा सकती, जब तक वे वापस नहीं लौट आते और मुस्लिम भाइयों के साथ मिलकर नहीं रहते।

### सरदार हुकम सिंह की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह को उनकी जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में याद किया गया। संसद के सदस्य, पूर्व सदस्य, लोकसभा महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार हुकम सिंह एक प्रख्यात सांसद, प्रसिद्ध न्यायविद्, समाज सुधारक और एक सक्षम प्रशासक थे। अप्रैल 1948 में वे संविधान सभा के लिए चुने गए। वह पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा के सदस्य भी थे।

# मप्र में 50 फीसदी कमीशन पर फिर घिरी सरकार

**भोपाल,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले पचास फीसदी कमीशन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस हमलावर है। बुधवार को एक ठेकेदार ने पचास फीसदी कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री आवास के करीब पत्नी के साथ धरना दिया। ठेकेदार के धरने पर फिर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने ट्वीट के साथ ठेकेदार और उसकी पत्नी का धरना वाला वीडियो साझा करते हुए लिखा, 50 फीसदी कमीशनखोर सरकार से सब परेशान हैं, अब ग्वालियर के रहने वाले संजय मिश्रा, जो खुद पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार हैं, भुगतान न होने की वजह से मुख्यमंत्री निवास के बाहर परिजनों के साथ धरने पर बैठे हैं और जल्द से जल्द भुगतान करने की गुहार शिवराज सिंह चौहान से लगा रहे हैं। इस धरने पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भी ट्वीट कर लिखा है, मध्य प्रदेश में चल रहा 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सभी हदें पार कर गया है। ग्वालियर के एक ठेकेदार

**मुख्यमंत्री आवास के करीब धरने पर बैठे ठेकेदार**



**प्रदेश में चल रहा 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सभी हदें कर गया है पार : कमलनाथ**

बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर अपनी पत्नी सहित धरने पर बैठे हैं और उन्होंने आत्महत्या करने की चेतावनी तक दी है। उनका सीधा कहना है कि 50 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने के कारण वह पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। बार-बार आग्रह करने के बावजूद न तो कोई अधिकारी और न ही मुख्यमंत्री उनकी बात सुन रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले ग्वालियर के ही एक ठेकेदार ने उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर 50 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था। लेकिन उस व्यक्ति को न्याय दिलाने की जगह आवाज उठाने वालों के खिलाफ शिवराज सरकार सक्रिय हुई। उसके बाद रीवा के एक ठेकेदार ने गौशाला निर्माण में 50 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया। उस मामले पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। राज्य की स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा, मैं देख रहा हूं कि शिवराज सरकार ने इसी तरह से व्यापम घोटाले में अपराधियों को संरक्षण दिया था और तब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, जब तक करीब 50 निर्दोष लोगों की संदिग्ध मृत्यु नहीं हो गई और सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया। मध्य प्रदेश का 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाला नहीं बचा है, यह मध्य प्रदेश के ईमानदार ठेकेदारों और अधिकारियों के लिए जानलेवा संकट बनता जा रहा है। जो मुख्यमंत्री अपने दरवाजे पर आए हुए व्यक्ति की फरियाद नहीं सुन सकता उससे हम न्याय की क्या उम्मीद रखें।

### चुनाव में नेतृत्व को लेकर भाजपा पर बोला हमला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सत्तारूढ़ दल भाजपा पर हमला बोला है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि मप्र में भाजपा चुनाव के लिए नेतृत्व का चेहरा भी बाहर का दिखा रही है। प्रचार के लिए मंत्री और विधायक भी बाहर से ला रही है, बाहरियों को ज्यादा महत्व देने के कारण संगठन में भी आपस में ठनी हुई है, मतलब सब कुछ बाहर से, ये भाजपा के सत्ता से बाहर जाने के स्पष्ट संकेत हैं। अब क्या भाजपा मतदाता भी बाहर से लाएगी, क्योंकि मप्र के सतर्क मतदाता तो अब इनके झांसे में नहीं आने वाले और न ही भाजपा को कोई चुनावी घपला करने देंगे। इस बार मप्र का हर मतदाता सजग है क्योंकि इस चुनाव से उसका और मप्र का भविष्य तय होना है। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और इसके लिए दोनों ही दल अपनी तैयारियां तेज करते जा रहे हैं।

# बंगाल उप चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तीस कंपनियां होंगी तैनात

**जलपाईगुड़ी,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पांच सितंबर को होने वाले धुपगुड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 30 कंपनियां तैनात की जाएंगी। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, 30 कंपनियों में से 15 कंपनियां पहले ही तैनात कर दी गई हैं और अन्य मतदान से कुछ समय पहले तैनात की जाएंगी। धुपगुड़ी विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक विष्णुपद रॉय के पिछले माह निधन होने से रिक्त हुयी है। श्री रॉय विधान सभा सत्र में शामिल थे। इस दौरान उनकी तबितयत बिगड़ गयी। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्मल चंद्र रॉय को इस सीट के लिए उम्मीदवार बनाया है। ईश्वर चंद्र रॉय और तापसी रॉय क्रमशः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार हैं।



■ **पांच सितंबर को होने हैं धुपगुड़ी विस उप चुनाव**

# बिहार के रोहतास में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

## कंटेनर व स्कॉर्पियो की टक्कर से हुआ हादसा

**डेहरी ओन सोन,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में रोहतास जिले मे शिवसागर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह कंटेनर और स्कॉर्पियो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर खास के निवासी सुदेश्वर शर्मा बोध गया से अपने परिवार के साथ स्कार्पियो से वापस आ रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय उच्च पथ-2 पर पखनारी गांव के निकट सड़क पर खड़ी कंटेनर में स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। इस घटना में स्कार्पियो पर सवार सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान कैमूर जिले के बम्हौर खास गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह प्रेमलता प्रियदर्शी, आदित्य विश्वकर्मा, रिया कुमारी, तारा कुमारी, चांदनी कुमारी तथा कुड़ारी थाना क्षेत्र के सबार गांव निवासी राजमुनि देवो के रूप में की गयी है। घायलों को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।





### नीतीश ने मृतकों की मौत पर शोक जताया

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क दुर्घटना में मृतकों की मौत पर शोक जताया। कुमार ने इस दुर्घटना को काफी दु:खद बताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



# बिप्लब ने त्रिपुरा की 10 केंद्रीय परियोजनाओं में मदद का किया दावा

**अगरतला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान त्रिपुरा के लिए 3.39 करोड़ रुपए की 10 केंद्रीय परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने में मदद की है। देब ने कहा कि इसके अलावा, संसद सत्र के दौरान, उन्होंने त्रिपुरा से संबंधित 17 सवाल उठाए और प्रस्तुत किए। संसद में अपनी चर्चा का उल्लेख करते हुए देब ने कहा कि देश में अभी भी कई ब्रिटिश कानून मौजूद हैं जिनमें से कई ऐसे हैं जिनके बारे में हम नहीं जानते हैं, जैसे कि पाइरेसी, जो समस्याएं उत्पन्न करते हैं और सरकार उन्हें निरस्त करने के लिए कदम उठाया है। मैंने राज्य के कैलाशहर में नए हवाई अड्डे के बारे में भी बात की है। हालांकि केंद्र सरकार ने धन की मांग की और मैंने कहा कि सरकार इतनी बड़ी राशि प्रदान नहीं कर सकती है लेकिन भूमि उपलब्ध करा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने एनएचआईडीसीएल को कुमारघाट-कैलाशहर सड़क का मरम्मत जल्द से जल्द करने के लिए एक पत्र भी लिखा है।



# मनरेगा श्रमिकों के बकाए का भुगतान करे केंद्र : जयराम रमेश

### मनरेगा श्रमिकों के बकाए को लेकर आधार को बताया जिम्मेदार

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को मनरेगा श्रमिकों के बकाए को लेकर सरकार सीधा हमला किया है और मनरेगा श्रमिकों के बकाया भुगतान जारी करने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार मनरेगा योजना के लाभ से लोगों को वंचित रखने के लिए आधार और प्रौद्योगिकी का हथियार के रूप में उपयोग कर रही है।

कांग्रेस ने कहा कि सरकार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लोगों को वंचित रखने के लिए आधार और प्रौद्योगिकी का हथियार के रूप में उपयोग बंद करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्विटर पर पार्टी की और से एक बयान जारी किया है। मनरेगा श्रमिकों के बकाए का भुगतान करना चाहिए और पारदर्शिता को बेहतर करने के लिए इसके स्थान पर ओपन मस्टर रोल और सोशल ऑडिट लागू करना चाहिए। कांग्रेस ने बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से मनरेगा के लिए भुगतान अनिवार्य करने की समयसीमा पांचवीं बार 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ा दी है। यह अपरिहार्य हो गया क्योंकि चार बार समयसीमा बढ़ाए जाने के बावजूद, कुल 26 करोड़ जॉब कार्ड धारकों में से 41.1 फीसदी अभी भी भुगतान के इस तरीके के लिए अयोग्य हैं।



**आस्था** *छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ अमरनाथ यात्रा का होगा समापन्न*

# चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिस अमरनाथ यात्रा से जम्मू-कश्मीर प्रशासन इस बार नाउम्मीद हुआ है वह अब 31 अगस्त को दोहरी श्रावण पूर्णिमा के बावजूद यात्रा की प्रतीक छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ ही समाप्त हो जाएगी। श्राइन बोर्ड के दावानुसार, इस बार यात्रा में शामिल होने वालों।**

ने बमुश्किल 4.50 लाख का आंकड़ा छुआ है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड को उम्मीद थी कि 8 से 10 लाख से अधिक श्रद्धालु इसमें शिरकत करेंगें और वे तीन से चार हजार करोड़ का बिजनेस प्रदेश के व्यापारियों को देंगें। इतना जरूर था कि इस बार के अनुभव के चलते प्रशासन ने अनेकों संस्थाओं के उस सुझाव पर विचार करने का फैसला जरूर किया है जिसमें कई सालों से यात्रा की अवधि को घटा कर एक माह करने के लिए कहा गया है। हालांकि अब इसके लिए मौसम को अधिक दोषी ठहराया जा रहा है पर पिछले कई सालों की यह परंपरा बन चुकी है कि यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलने के उपरांत यात्रा हमेशा ढलान पर रही है। श्राइन बोर्ड की तमाम कोशिशों के बावजूद हिमलिंग यात्रा के शुरू होने के कुछ ही दिनों के उपरांत पूरी तरह से पिघल जाता रहा है।

ऐसे में श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा की अवधि पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। दरअसल कई सालों से, जबसे यात्रा की अवधि को दो से अढ़ाई माह किया गया है, कई संस्थाओं ने इसे घटाने के सुझाव दिए हैं। लंगर लगाने वाली संस्थाओं ने इसे घटा कर 25 से 30 दिनों तक ही सीमति करने का आग्रह कई बार किया है।

अगर देखा जाए तो यात्रा की अवधि कम करने की बात पर्यावरण विभाग और अलगाववादी भी पर्यावरण की दुहाई देते हुए अतीत में करते रहे हैं। पर अब अधिकारियों को लगने लगा है कि हिमलिंग के पिघल जाने के उपरांत यात्रा में श्रद्धालुओं की शिरकत को जारी रख पाना संभव नहीं है जब तक कि हिमलिंग को सुरक्षित रखने के उपाय नहीं ढूंढ लिए जाते। अधिकारियों ने बताया कि सुबह महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंचेगी और वहां इसकी स्थापना के साथ ही यात्रा का समापन हो जाएगा। वार्षिक अमरनाथ यात्रा कल श्रावण पूर्णिमा के दिन 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के मुख्य दर्शनों के साथ ही संपन्न होगी। 30 जून को आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के 62 दिनों के भीतर 4.50 लाख श्रद्धालुओं ने हिमलिंग के दर्शन किए हैं। पिछले कई दिनों से यात्रा आम श्रद्धालुओं के लिए इसलिए बंद रखी गई है क्योंकि तलाश करने पर भी श्रद्धालु नहीं मिल रहे थे।

गुरुवार को पूजा प्रतिष्ठा के बाद इस 'छड़ी मुबारक' को पुन: उसी अखाड़े में स्थापित कर दिया जाएगा यहां से चली थी। कल शाम को छड़ी मुबारक को रात्रि विश्राम के लिए वापस पंजतरनी ले जाया जाएगा।



■ **आतंकी हमलों की धमकी के बावजूद यात्रा नहीं हुई प्रभावित**

**उल्टा पुल्टा**

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# राजधानी को जी-20 सम्मेलन से पहले नया रूप दे रही दिल्ली सरकार : आतिशी

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जी-20 की बैठक को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

**नई दिल्ली,**30 अगस्त (देशबन्धु)। जी-20 से पूर्व केजरीवाल सरकार दिल्ली को नया रूप दे रही है। इस दिशा में दिल्ली सरकार अपनी सड़कों को शानदार बना रही है। जी-20 की तैयारियों में कोई कमी न रहे इस बाबत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर दिल्ली सरकार और एमसीडी युद्धस्तर पर काम कर रही है। बुधवार को लगातार दूसरे दिन तैयारियों को जायजा लेने के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने राजघाट-शांतिवन रोड स्ट्रेच व दिल्ली गेट चौराहे का पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, जी-20 के दौरान पूरी दुनिया से डेलीगेट्स दिल्ली आ रहे है। ये दिल्ली और पूरे देश के लिए गर्व की बात है की हमें पूरी दुनिया के सामने अपने बेस्ट को दिखाने का मौका मिल रहा है। हम जोरो-शोरो से तैयारियां कर रहे है, पीडब्ल्यूडी की सड़कों के सौन्दर्यकरण का काम चल रहा है। इस दिशा में केजरीवाल सरकार ने राजघाट-शांतिवन स्ट्रेच का सौन्दर्यकरण भी किया है। पिछले 1.5 सालों से केजरीवाल सरकार ने राजघाट-शांतिवन स्ट्रेच जो राजघाट से लाल-किला तक जाता है, केजरीवाल सरकार ने इस रोड स्ट्रेच को शानदार लुक देने का काम किया है। सड़क के दोनों ओर शानदार एलईडी लाइट्स



जी-20 के दौरान दुनिया से डेलीगेट्स आ रहे है यह देश के लिए गर्व की बात : आतिशी

लगाई गई है। फुटपाथ और सेंट्रल वर्ज में हरियाली को बढ़ाने के लिए विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए है। स्ट्रीट फर्नीचर, परगोला और स्ट्रीट आर्ट के साथ पूरे स्ट्रेच की सुंदरता को बढ़ाने का काम किया गया है। साथ ही पीडब्ल्यूडी और एमसीडी साथ मिलकर यहां साफ-सफाई का भी विशेष प्रबंध कर रहे है। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विजन एक स्वच्छ, सुंदर और ग्रीन दिल्ली का है। और उनका निर्देश है कि जी-20 के दौरान विदेशी मेहमान जब दिल्ली आए तो यहां की खूबसूरती को देखकर वो अपने साथ शानदार यादें लेकर जाए। इस दिशा में पीडब्ल्यूडी कड़ी मेहनत कर रही है।

उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मानना है कि इस दौरान जो भी विदेशी मेहमान दिल्ली आएं, वह यहां की मेहमान नवाजी और दिल्ली वालों का प्यार अपने साथ लेकर जाएं। जी-20 की मेजबानी करना दिल्ली के लिए बहुत बड़ा मौका है। ऐसे मौके पर दिल्ली सरकार ऐसी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

### विदेशी मेहमान यहां से अपने साथ ले कर जाएं बेहतरीन यादें

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि इस रोड स्ट्रेच पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि भी है। ये राष्ट्रीय महत्व का स्मारक तो है ही साथ ही जी-20 के दौरान यहां कई राष्ट्राध्यक्षों के आने की संभावना भी है। ऐसे में हम पूरी दुनिया के सामने दिल्ली के शानदार स्वरूप को रखना चाहते है ताकि जब विदेशी मेहमान यहां से जाए तो अपने साथ बेहतरीन यादें लेकर जाये। ऐसे में यहां पीडब्ल्यूडी ने सड़कों की ब्लैक टॉपिंग के साथ शानदार स्ट्रीट आर्ट का काम भी किया है। साथ ही हरियाली के लिए यहां बड़ी संख्या में विभिन्न किस्मों के पौधे भी लगाए गए हैं।

# दिल्ली मेट्रो ने लगाए 106 अतिरिक्त फेरे

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन पर यात्रियों की सहूलियत के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) बुधवार को 106 अतिरिक्त फेरों का संचालन किया, बावजूद इसके स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। डीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए स्टेशनों पर अधिक टिकट काउंटर संचालित करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा कि इस दौरान यात्रियों से अपील की गई है कि काउंटर की भीड़ से बचने के लिए वे डीएमआरसी ट्रैवल मोबाइल ऐप के जरिए क्यूआर कोड आधारित टिकट खरीदें। अधिकारियों ने बयान में कहा कि यात्रियों की सहायता और मार्गदर्शन के लिए प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर गार्ड और कर्मचारी तैनात रहे।



■ रक्षाबंधन के चलते स्टेशनों पर दिखी यात्रियों की भारी भीड़

**महिलाओं ने की मुफ्त रिक्शा की सवारी**

रक्षाबंधन पर स्थानीय लोगों के लिए दिल से प्यार भरा संदेश देने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता, लोहिया ने एक नई और खास पहल की। इस दौरान छतरपुर और उत्तम नगर क्षेत्रों में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए फ्री रिक्शा सवारी की। फेस्टिवल सीजन के दौरान आम लोगों में उनकी देखभाल और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने के महत्व को पहचानते हुए, लोहिया की दिल से की गई इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए इस दिन सफर को अधिक सुविधाजनक और सुखद बनाना था। ताकि वे अपने भाइयों को पूरी सुरक्षा और आराम के साथ राखी बांधने के लिए जा सकें। इस प्रयास के तहत, लोहिया ट्रांसपोर्टेशन के लिए इको-फ्रेंडली और परेशानी मुक्त माध्यम को बढ़ावा देते हुए, रक्षा बंधन के दिन मुफ्त रिक्शा सवारी की।

# केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी को बनाया देश का प्रदूषित शहर : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि शिकागो विश्वविद्यालय की व्यापक रूप से प्रसारित रिपोर्ट से यह जानना चौंकाने वाला है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भारत का सबसे प्रदूषित शहर है, जहां पीएम 2.5 का स्तर 126.5 तक है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि यह आश्चर्य की बात है कि सीएम अरविंद केजरीवाल अक्सर अपने स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिकों पर न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का हवाला देते हैं लेकिन प्रदूषण पर शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट पर चुप हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदूषण से दिल्लीवासियों की औसत आयु 11 साल 9 महीने कम हो जाती है। हर दूसरे दिन हम छोटे बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को ब्रोन्कियल समस्याओं से पीड़ित सुनते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि 2021 से यानी कि कोविड चरण के तुरंत बाद से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय दावा कर रहे हैं कि दिल्ली में दशकों में सबसे अच्छी हवा का अनुभव हो रहा है और प्रदूषण कम हो गया है, लेकिन शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति तेजी से बदतर होती जा रही है।



■ शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट का दिया हवाला

### जहरीली हवा के खिलाफ हारी हुई लड़ाई लड़ रहा शहर

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह स्पष्ट है कि दिल्ली शहर जहरीली हवा के खिलाफ हारी हुई लड़ाई लड़ रहा है और अधिकारियों को प्रदूषण से लड़ने की योजनाओं को लागू करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। हमें अल्पकालिक उपाय के रूप में प्रदूषण पर राष्ट्रीय दिशा निर्देशों को तत्काल अपनाना सुनिश्चित करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि दिल्ली को फिर से एक जीवित शहर बनाने के लिए अगले तीन वर्षों में डब्ल्यूएचओ के दिशा निर्देशों को अपनाया जाए।

**सार संक्षेप**

### रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें में की गई कमी पर जताया आभार



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रक्षा बंधन के मौके पर देश भर की बहनों को तोहफा देने के लिए धन्यवाद दिया है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश की करोड़ों बहनों को गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम करके सौगात दी है। ऋचा पांडेय मिश्रा ने कहा कि सामान्य उपभोक्ताओं को 200 रुपए की कमी के साथ ही उज्जवला योजना के अंतर्गत मिलने वाले 200 रुपए की सब्सिडी को बढ़ाकर 400 कर दिया गया है जो एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि 75 लाख नए गैस कनेक्शन उज्जवला योजना के तहत और दिए जाएंगे। देश में अब तक 9.5 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन मोदी सरकार दे चुकी है। महिला मोर्चा दिल्ली भाजपा अध्यक्षा ने कहा कि आज देश के लगभग हर घर में एलपीजी कनेक्शन हैं यानि लगभग 33 करोड़ कनेक्शन हैं। उन्होंने कहा कि साल 2014 में एलपीजी के कनेक्शन लगभग 9 करोड़ थे जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार पदभार संभाला और आज इसमे बड़ी वृद्धि हुई है। ऋचा पांडेय मिश्रा ने कहा कि देश भर में और दिल्ली में भी महिलाएं अपने घरों के बाहर रंग बिरंगी रंगोली बना कर अपनी खुशी व्यक्त कर रही हैं। इतना ही नहीं हमने स्नेह यात्रा निकाला है जिसके अंतर्गत महिला मोर्चा की सदस्यता रेहड़ी पटरी वालो, रिक्शा चालक और ई रिक्शा चालकों को राखी बंधेगी। दिल्ली की बहने थैंक यू मोदी जी की सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया में साझा कर रहीं हैं और अपनी रंगोली, सिलेंडर रंगोली बना कर सेल्फ़ी ले रहीं हैं।

### डीटीसी की दो बसों के बीच हुई टक्कर में छह लोग घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संसद मार्ग पर डीटीसी की दो लो फ्लोर बसों की टक्कर हो गई जिसमें छह लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डीटीसी बसों के चालक और कई अन्य यात्री इस हादसे में घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों की स्थिति बेहतर है। हादसे की शिकार बसों की तस्वीर में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ है और उनका आगे का शीशा टूट गया है। चश्मदीद जगपाल सिंह ने बताया कि जब एक बाई सवार अचानक मुड़ा तब उसे बचाने के दौरान दोनों बसों की आपस में टक्कर हो गई।

# क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट 1871 क्रूरतम कानून : भाटी

**नई दिल्ली,**30 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली स्थित ईस्ट ऑफ कैलाश के आर्य ऑडिटोरियम में गुरुवार को दिल्ली गण परिषद द्वारा विमुक्ति जाति दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता क्रांति की वीर विमुक्ति जातियों के उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा गठित बी आर ईदाते आयोग की सिफारिशों को दिल्ली में कैसे लागू कराया जाए, इस विषय पर ये गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस विचार गोष्ठी के आयोजक रोमी भाटी ने कहा कि डीएनटी समाज को जागरूक करना और इदाते कमीशन को लागू करवाना ये दोनों मकसद को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा और डीएनटी में अंतर्गत आने वाले सभी समाज के प्रतिनिधियों की अपनी तरह की ये पहली विचार गोष्ठी होगी। रोमी भाटी ने ये भी बताया की अब तक के विश्व इतिहास में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट 1871 (सीटीए) अब तक की सबसे क्रूरतम कानून रहा है। इसमें एक नवजात शिशु भी पैदा होते ही क्रिमिनल मान लिया जाता था। इन वीर जातियों के संघर्ष करने के परिणाम स्वरूप अंग्रेजों ने इन जातियों के बच्चों बूढ़ों तक को मारने में संकोच नहीं किया था, गांव के गांव को तोपों से मिटा दिया गया था। आजादी के बाद भी उन जातियों को उनका हक नहीं मिला है। हमें उसे पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करना होगा।

**विमुक्ति जाति दिवस पर विचार गोष्ठी आज**





भाटी ने बताया कि हमने दिल्ली सरकार के प्रमुख सचिव को चिट्ठी लिखकर इस विषय पर सरकार के तरफ से उठाए कदमों पर उनके विचार रखने का निवेदन किया है। इसके अलावा दिल्ली सरकार से आधिकारिक रूप से निवेदन किया गया है कि डीएनटी पर सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु उन जातियों को डीएनटी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

### डीएनटी जातियों के उत्थान के लिए कई उठाए गए हैं कदम

दिल्ली गण परिषद तरफ से संयोजक धर्मबीर सिंह बसोया ने कहा कि परिणाम तक पहुंचे ऐसा प्रयास किसी भी सरकार द्वारा अभी तक दिखाई नहीं दिया है,ये जरूर है कि कहने के लिए डीएनटी जातियों के उत्थान के लिए कई कदम उठाए गए हैं। धर्मबीर ने ये भी कहा की डीएनटी सिर्फ इतिहास नहीं, कानूनी रूप से भी समझने का विषय है,इसके लिए हमारी टीम कई महीनों से इसपर काम कर रही है। परिषद के संरक्षक जगदीश लोहिया ने बताया की इस विचार गोष्ठी में अनेक समाज के प्रतिनिधियों के अलावा कई इतिहासकार और कानून के जानकार मौजूद होंगे और अपने विचार रखेंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैं अरसलान नाज़िम पुत्र श्री नाज़िम हुसैन अल जाफ़री, निवासी ए-109, खान अब्दुल गफ्फार खान एनक्लेव, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 घोषणा करता हूं कि भविष्य में अरसलान नाज़िम की जगह मेरा उपनाम नाजिम और नाम अरसलान होगा।

# गैस सिलेंडर की कीमतें कम कर मोदी सरकार ने महिलाओं को दिया तोहफा : प्रीति गुप्ता

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश की बहनों को गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौगात दी है। इसके लिए घोंडा विधानसभा वार्ड 231 निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। प्रीति गुप्ता ने कहा कि देश भर में और दिल्ली में भी महिलाएँ अपने घरों के बाहर रंग बिरंगी रंगोली बना कर अपनी खुशी व्यक्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बहने थैंक यू मोदी जी की सेल्फ़ी लेकर अपने सोशल मीडिया में साझा कर रहीं हैं और अपनी रंगोली, सिलेंडर रंगोली बना कर सेल्फ़ी ले रहीं हैं। वहीं सभी क्षेत्र वासियों एवं देश की जनता को भाई-बहन के इस पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर शुभकामनाएं भी दीं।



# गदर-2 फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए : रामदास आठवले



**नई दिल्ली,**30 अगस्त (देशबन्धु)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि गदर-2 फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाए और साथ ही देश के सभी राज्यों में अविलंब टैक्स फ्री फिल्म घोषित किया जाना चाहिए। फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक अनिल शर्मा के कार्यालय में भेंट कर आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने फिल्म में अभिनय करने वाले कलाकारों को ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी। आठवले ने कहा कि फिल्म जगत से जुड़े लोगो के समस्याओं के समाधान एवं सरकार द्वारा ज्यादा से ज्यादा बालीवुड को सहयोग प्रदान किए जाने के लिए शीघ्र ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक भी करेगे। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.रामदास आठवले ने कहा कि गदर-2 फिल्म के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित किया गया है और पूरे देश की जनता में फिल्म को लेकर उत्साह है इसलिए देश के सभी राज्यों को फिल्म को टैक्स फ्री करना चाहिए। इस अवसर पर फिल्म निर्माता एवं निर्देशक अनिल शर्मा ने रामदास आठवले का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आठवले हमेशा फिल्म जगत से जुड़े लोगों को सहयोग देते हैं। इस अवसर फिल्म कलाकार उत्कर्ष शर्मा, सिमरन कौर, अली खान, किशोर मासूम सहित फिल्म जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फर्जी काल से लगा तीन लाख का चूना

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,**30 अगस्त (देशबन्धु)। अगर आपके मोबाइल पर भी ऐसा कोई मैसेज आए कि आपके खाते में रुपए जमा किए गए हैं तो खुश होने के बजाए जरा दो मिनट रुककर अपने अकाउंट में बैंलेस जरूर चेक करिएगा, कहीं ऐसा तो नहीं कि किसी ने आपके साथ फ्रॉड किया हो। दिल्ली एनसीआर में कुछ दिनों से ठगी का ये नया ट्रेंड तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रहा है। राजधानी दिल्ली में साइबर क्राइम का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे। यहां एक सुनार को इस चक्कर में करीब 3 लाख रुपए का चूना लग गया। मामला, दिल्ली के चांदनी चौक इलाके का है, जहां नवल किशोर खंडेलवाल सोने-चांदी की ज्वैलरी का बिजनेस करते हैं। पिछले हफ्ते नवल किशोर खंडेलवाल किसी काम से अयोध्या गए तो उनकी दुकान पर एक शख्स का फोन आया और उनके बेटे से उसने 15 ग्राम सोने की चेन का सौदा तय कर लिया। शख्स ने कहा कि वो अभी शहर से बाहर है और दुकान पर नहीं आ सकता, इसलिए वो उसे बैंक डिटेल दे दें, ताकि वो ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर सके। खंडेलवाल के बेटे ने उन्हें इस सौदे की जानकारी दी और शख्स को अपने पिता की बैंक डिटेल भेज दी। कुछ देर बाद ही नवल किशोर खंडेलवाल के मोबाइल पर उनके खाते में 93,400 रुपए जमा होने का मैसेज आया और उन्होंने वो स्क्रीन शॉट अपने बेटे को भेज दिया। इसके बाद शख्स के बताए हुए पते पर 15 ग्राम सोने की चेन डिलीवर कर दी गई। अगले दिन फिर इसी शख्स ने फोन किया और कहा कि उसे एक 30 ग्राम सोने की चेन और चाहिए। खंडेलवाल के मोबाइल फिर से मैसेज आया कि उनके खाते में 1,95,400 रुपए जमा कर दिए गए हैं। और, फिर से सोने की चेन को बताए गए पते पर डिलीवर कर दिया गया। दो दिन के भीतर 45 ग्राम सोने की डील करने के बाद खंडेलवाल ने जब अपने मोबाइल पर बैंक के ऐप में स्टेटमेंट चेक की तो उन्हें पता चला कि उनके खाते में तो कोई रकम ही जमा नहीं हुई है। नवल किशोर खंडेलवाल का माथा ठनक गया और उन्होंने फिर से अपने मोबाइल में वो मैसेज चेक किए। ठीक से देखने पर पता चला कि उन मैसेज का फॉरमेट तो वही था, जो बैंक के मैसेज का होता है, लेकिन ये मैसेज बैंक से नहीं थे।

■ ठगी का नया ट्रेंड तेजी से लोगों को बना रहा अपना शिकार

**उत्तर रेलवे**

**पुनः निविदा सूचना ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना संख्या:** 32-W-Br-101-MB Dt. 30.08.2023 **कार्य का नाम व स्थान:** वरिष्ठ खंड अभियंता/पुल/पोषण/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में पुल संख्या 101 (33x24.4) के मौजुदा टूटी और जंग लगी टूफ़ प्लेटो को हटाना और पुल पर रिवेट्स के साथ लेटरल ब्रेसिंग लगाने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹10159499.82 **धरोहर राशि:** ₹200800.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छह) महीने। **निविदा जमा करने व खुलने का समय:** दिनांक 22.09.2023 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। **नोट:**- उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। **2699/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा**

**जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. T10-301, 3rd Floor, Tower-T10, Area-279.65 Sqm, Parsvnath Panorama, Sector Tau (Swarn Nagri) Greater Noida जो कि Mrs. Kusum Singh & Mr. Mahendra Pal Singh निवासी Flat No. T10-301, 3rd Floor, Tower-T10, Parsvnath Panorama, Sector Tau (Swarn Nagri), Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-09.12.2011 को पंजीकृत है। Mrs. Kusum Singh की मृत्यु के उपरान्त उनके पति Mr. Mahendra Pal Singh S/o Late Sh. Jag Raj Singh ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपनी पत्नी के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रप्त्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरन कार्यालय में दर्ज कराने कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Mahendra Pal Singh S/o Late Sh. Jag Raj Singh का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स )**

**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | ट्रैक रखरखाव डिपो/भटिंडा और ट्रैक रखरखाव डिपो/मुरादाबाद, उत्तर रेलवे में ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए 64 (चौंसठ) नंबर बी.जी. डिब्बों का कैम्पिंग कोच (कार्यशाला सह विश्राम वैन) में रूपांतरण करना। |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 18 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 14.11 करोड़ केवल |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 8,55,700/- |
| 5. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | रू शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक **01.09.2023** से दिनांक **21.09.2023** तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा **21.09.2023** को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (**www.ireps.gov.in**) पर दिनांक **07.09.2023** से दिनांक **21.09.2023** उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गयी है। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते है। |

निविदा संख्या: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-सी.सी. 11-23-24

दिनांक: 29.08.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **2688/23**

**आई0आई0एम0टी0 कॉलिज ऑफ साईस एण्ड टैक्नालांजी, ए-20, नॉलिज पार्क-III, ग्रेटर नोएडा**

**चुनाव सम्बन्धी सूचना एवं कार्यक्रम**

आई0आई0एम0टी0 कॉलिज ऑफ साईस एण्ड टैक्नालॉजी, ग्रेटर नोएडा की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव सोसाइटी कार्यालय एसोसिएसन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ओ-पॉकेट, गंगानगर, मेरठ में निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा।

**कार्यक्रम**

| क्रमांक | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.09.2023 | प्रातः 10 बजे |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची की आपत्तियाँ | 09.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 3 | आपत्तियों का निस्तारण व वैध अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| 4 | प्रत्याशियों का नामांकन | 10.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 5 | (अ) नामांकन पत्रों की जाँच/समीक्षा | 10.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (ब) वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 11.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 6 | (अ) नाम वापसी | 11.09.2023 | दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक |
| | (ब) चुनाव चिन्ह आवंटन | 11.09.2023 | दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (यदि चुनाव आवश्यक हुआ) | | |
| 7 | (अ) मतदान | 12.09.2023 | प्रातः 8 बजे से |
| | (ब) मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | 12.09.2023 | मतदान के तुरन्त बाद |

नोटः कृपया चुनाव के लिए निम्न अभिलेखों में से कोई एक सुविधा के लिए अवश्य लाये- पहचान पत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/आधार कार्ड/बैंक पासबुक/किसान जोत बही/राशन कार्ड/भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो पहचान पत्र/पासपोर्ट लाना आवश्यक है। कृपया भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत जारी गाईडलाईन (सोशल डिस्टेसिंग आदि) का अनुपालन कर मतदान में प्रतिभाग करें।

(डॉ0 वी0 पी0 राकेश)

चुनाव अधिकारी

**आई0आई0एम0टी0 कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट, ए-20, नॉलिज पार्क-III, ग्रेटर नोएडा**

**चुनाव सम्बन्धी सूचना एवं कार्यक्रम**

आई0आई0एम0टी0 कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव सोसाइटी कार्यालय एसोसिएसन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ओ-पॉकेट, गंगानगर, मेरठ में निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा।

**कार्यक्रम**

| क्रमांक | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.09.2023 | प्रातः 10 बजे |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची की आपत्तियाँ | 09.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 3 | आपत्तियों का निस्तारण व वैध अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| 4 | प्रत्याशियों का नामांकन | 10.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 5 | (अ) नामांकन पत्रों की जाँच/समीक्षा | 10.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (ब) वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 11.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 6 | (अ) नाम वापसी | 11.09.2023 | दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक |
| | (ब) चुनाव चिन्ह आवंटन | 11.09.2023 | दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (यदि चुनाव आवश्यक हुआ) | | |
| 7 | (अ) मतदान | 12.09.2023 | प्रातः 8 बजे से |
| | (ब) मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | 12.09.2023 | मतदान के तुरन्त बाद |

नोटः कृपया चुनाव के लिए निम्न अभिलेखों में से कोई एक सुविधा के लिए अवश्य लाये- पहचान पत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/आधार कार्ड/बैंक पासबुक/किसान जोत बही/राशन कार्ड/भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो पहचान पत्र/पासपोर्ट लाना आवश्यक है। कृपया भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत जारी गाईडलाईन (सोशल डिस्टेसिंग आदि) का अनुपालन कर मतदान में प्रतिभाग करें।

(डॉ0 वी0 पी0 राकेश)

चुनाव अधिकारी

**आई0आई0एम0टी0 कॉलिज ऑफ लॉ, ए-20, नॉलिज पार्क-III, ग्रेटर नोएडा**

**चुनाव सम्बन्धी सूचना एवं कार्यक्रम**

आई0आई0एम0टी0 कॉलेज ऑफ लॉ, ग्रेटर नोएडा की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव सोसाइटी कार्यालय एसोसिएसन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ओ-पॉकेट, गंगानगर, मेरठ में निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा।

**कार्यक्रम**

| क्रमांक | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.09.2023 | प्रातः 10 बजे |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची की आपत्तियाँ | 09.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 3 | आपत्तियों का निस्तारण व वैध अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| 4 | प्रत्याशियों का नामांकन | 10.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 5 | (अ) नामांकन पत्रों की जाँच/समीक्षा | 10.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (ब) वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 11.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 6 | (अ) नाम वापसी | 11.09.2023 | दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक |
| | (ब) चुनाव चिन्ह आवंटन | 11.09.2023 | दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (यदि चुनाव आवश्यक हुआ) | | |
| 7 | (अ) मतदान | 12.09.2023 | प्रातः 8 बजे से |
| | (ब) मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | 12.09.2023 | मतदान के तुरन्त बाद |

नोटः कृपया चुनाव के लिए निम्न अभिलेखों में से कोई एक सुविधा के लिए अवश्य लाये- पहचान पत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/आधार कार्ड/बैंक पासबुक/किसान जोत बही/राशन कार्ड/भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो पहचान पत्र/पासपोर्ट लाना आवश्यक है। कृपया भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत जारी गाईडलाईन (सोशल डिस्टेसिंग आदि) का अनुपालन कर मतदान में प्रतिभाग करें।

(डॉ0 वी0 पी0 राकेश)

चुनाव अधिकारी

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ बदमाशों की पहचान शेरे आलम और हशरे आलम हुई है। ये दोनों नोएडा के हरौला गांव में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और मुखबिर से सूचना मिलने के बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने सोशल साइट्स जैसे फेसबुक आदि पर अपनी कंपनी यूनिवर्सल टूर एण्ड ट्रेवल्स का विज्ञापन प्रसारित किया:-

**शक्ति मोहन अवस्थी, एडीसीपी नोएडा**

## ग्रामीणों और किसानों के बीच पहुंचे सीईओ, सुनी समस्याएं



**नोएडा**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। किसानों की मांग 5 प्रतिशत आबादी भूखंड, आबादी विनियमितीकरण और अतिक्रमण की मांग को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम वार रोस्टर जारी किया था। इस क्रम में बुधवार को सीईओ लोकेश एम व नोएडा प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों ने ग्राम याकूबपुर के सामुदायिक केंद्र में किसानों के बीच जाकर समस्याओं को सुना और गांव का दौरा किया। इस मौके पर 100 से 150 किसान उपस्थित रहे। जिसमें किसानों की कुछ समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं कुछ अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। किसानों की सभी समस्याओं की रजिस्टर में एंट्री की गई। जिससे भविष्य में उनकी मॉनिटरिंग की जा सके। इसके बाद ग्राम याकूबपुर का भ्रमण किया गया। आबादी विनियमितीकरण संबंधित समस्याओं को ग्राउंड लेवल पर देखा गया। इस मौके पर ग्राम वासियों से वार्ता कर उनके पक्ष को सुना गया। जिसमें याकूबपुर में चार स्थलों के अभिलेख सैटेलाइट इमेज, परिसंपत्तियां प्रपत्र, कब्जा पत्र एवं मौके की वस्तु स्थिति का परीक्षण किया गया। गांव में साफ-सफाई को लेकर भी निर्देशित किया गया।



## कुवैत और दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

### पूर्वांचल के लोगों को बनाते थे शिकार, 22 पासपोर्ट के साथ दो गिरफ्तार



**नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्वांचल के गांव के लोगों को दुबई और कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने वाले दो आरोपियों को थाना फेज-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग अब तक कई बेरोजगार लोगों को ठगी का शिकार बना चुके है। पुलिस ने इनके पास से 22 पासपोर्ट और फर्जी वीजा दस्तावेज के अलावा काफी सामान बरामद किया है। एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनकी पहचान शेरे आलम और हशरे आलम हुई है। ये दोनों नोएडा के हरौला गांव में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और मुखबिर से सूचना मिलने के बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने सोशल साइट्स जैसे फेसबुक आदि पर अपनी कंपनी यूनिवर्सल टूर एण्ड ट्रेवल्स का विज्ञापन प्रसारित किया। जिसमें ये बेरोजगार लोगों को दुबई व कुवैत भेजने के नाम पर एजेंट के जरिए अपने पास बुलाते थे।

दोनों आरोपी पीड़ितों से मूल पासपोर्ट ले लेते थे। साथ ही उन लोगों से वीजा बनवाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत फ्लाईट की टिकट, मेडिकल परीक्षण आदि के नाम पर धोखा देकर कई किस्त में 30,000 से 40,000 रुपए प्रति व्यक्ति लेते थे। इसके बाद उन लोगों को अपने लैपटॉप व प्रिंटर से स्कैन कर फर्जी वीजा व फ्लाईट की टिकट तैयार कर आगे की तारीख बताकर उनसे पैसे लेते थे। इनके पास से 02 लैपटॉप, 22 पासपोर्ट, 17 फर्जी वी, 110 विजिटीग कार्ड, 23 हजार रुपए बरामद किए है।

## जोन-दो में चला जीडीए का बुलडोजर, कई अवैध निर्माण ध्वस्त



**गाजियाबाद**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर बुधवार को जोन-2में चला और अस्पताल समेत कई अवैध निर्माण तोड़े गए। जीडीए की विशेषधिकारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में जीडीए की टीम भिककनपुर पहुंची और वहां पर अवैध कॉलोनी में बिना नक्शे के ही बन रहे अस्पताल को तोड़ दिया गया। अस्पताल संचालक को पहले ही विकास प्राधिकरण के द्वारा सूचना दे दी गई थी कि जिस इलाके में अस्पताल को बनाया जा रहा है। वह अवैध कॉलोनी के बीच में है। इसके बावजूद भी संचालक अस्पताल का निर्माण को कर रहा था।

## सार संक्षेप

### त्योहारों को देखते हुए मिठाई के लिए नमूने

**नोएडा।** आगामी त्योहार को देखते हुए जनपद में खाद्य एंव औषधि विभाग की ओर से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के निर्देशों के क्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने विंची बेक हाउस सेक्टर 80 नोएडा से घी व काजू का नमूना लिया। इसी तरह वीवीएस सिग्नेचर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर 155 नोएडा से खोये एवं दूध का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश एवं मुकेश कुमार के द्वारा स्टर्लिंग ग्रोसरी उद्योग केंद्र एक्सटेंशन टू ग्रेटर नोएडा से लाल मिर्च एवं हल्दी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर एवं विशाल गुप्ता के द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम प्यावली व कलौंदा में छापेमारी की गई, जहां पर नकली पनीर व खोये की भट्टियों के संचालन की शिकायत झूठी पाई गई व महागुन मार्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट से काजू की बर्फी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जो 7 नमूने आज संग्रहित किए गए हैं, उनको जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया जाएगा। जांच आख्या प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर के मोबाइल में मिला बच्ची का आपत्तिजनक कंटेंट

**नोएडा।** नोएडा में एक नामी एक डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगे है। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 पुलिस से शिकायत की इलाज के दौरान उनकी बच्ची का आपत्तिजनक कंटेंट अपने मोबाइल में लिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल ने मामले की जांच करते हुए मोबाइल डेटा को खंगाला। जिसमें बच्ची का आपत्तिजनक कंटेंट उन्हें मिला। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नोएडा के सेक्टर-30 में डॉक्टर गुरदीप सिंह रहते है। वो पेशे से साइकेट्रिस्ट (मनो रोग विशेषज्ञ) है। वो ऑनलाइन की मरीजों को देखते है। नोएडा में उनका काफी नाम भी है और उनके मरीज भी हाइप्रोफाइल ही है। हाल ही में एक परिवार ने अपनी बच्ची का इलाज के लिए उनसे संपर्क किया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि डॉक्टर ने इलाज के दौरान ही बच्ची का आपत्ति जनक कंटेंट अपने पास रख लिया। ये जानकारी पीड़ित परिवार को पता चली। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। बताया गया कि डॉक्टर के मोबाइल में और भी कंटेंट हो सकते है जिसको डिलिट किया गया हो। इसलिए साइबर सेल पूरे मामले की जांच कर रहा है। फिलहाल पुलिस ने डॉक्टर गुरदीप को उनके आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच कर रही है।

## हापुड़ की आंच पहुंची नोएडा, हड़ताल पर वकील

### 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम, डीएम और एसपी को हटाने की मांग



**नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गौतमबुद्ध नगर के वकीलों में आक्रोष है। दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे ज्ञापन में दोषी अफसरों के हापुड़ से हटाने, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और घायल वकीलों को मुआवजा देने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कालूराम चौधरी की अध्यक्षता और सचिव नीरज सिंह तंवर के संचालन में बुधवार को मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मामले में 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि 29 अगस्त को जनपद हापुड़ में पुलिस ने निहत्थे अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया। उस घटना का गौतमबुद्ध नगर जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन घोर विरोध करती है। हापुड़ की घटना के विरोध में राज्यव्यापी हड़ताल के तहत यहां के भी वकील काम से विरत रहेंगे। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि 48 घंटे के भीतर हापुड़ के डीएम और एसपी को हटाया जाए और दोषी पुलिसकर्मियों और अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और जख्मी वकीलों को मुआवजा दिया जाए।

## ट्विन टावर की जमीन को लेकर नया विवाद

### पौधरोपण करने पर प्राधिकरण ने भेजा नोटिस, जमीन पर सुपरटेक का मालिकाना हक



**नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-93 ए सुपरटेक एमराल्ड में जिस जमीन पर ट्विन टावर बने थे उसको लेकर नया विवाद सामने आया है। प्राधिकरण दस्तावेजों के अनुसार ये जमीन सुपरटेक लिमिटेड की है। जबकि सोसाइटी वासियों ने जमीन को अपना बताते हुए वहां पौध रोपण किया और उसे विजय पथ तक बना दिया। प्राधिकरण ने इस मामले में एमराल्ड कोर्ट ऑनर्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को नोटिस भेजा है।

इस नोटिस में साफ है कि प्राधिकरण द्वारा लीज पर दी गई भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण, विकास कार्य शुरू करने से पहले नियमानुसार प्राधिकरण की अनुमति लेनी चाहिए। इस भूमि को सुपरटेक लिमिटेड की ओर से हैंडओवर नहीं किया गया है। ऐसे में इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण विकास कार्य जिसमें पौधरोपण तक शामिल है नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक देवेंद्र निगम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सोसाइटी में बने ट्विन टावर को 28 अगस्त 2022 को ध्वस्त किया गया। इसके मलबे को हटा दिया गया साथ खाली जमीन 5 मई 2023 को सुपरटेक लिमिटेड को हैंडओवर कर दी गई। 8 अगस्त 2023 को सुपरटेक ने प्राधिकरण को अवगत कराया कि जिस भूमि पर ट्विन टावर था उसका मालिकाना हक सुपरटेक लिमिटेड के पक्ष में है। वर्तमान में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी प्रोसेस में है। इस भूमि को को आरडब्ल्यूए के हैंडओवर नहीं किया गया हे। सुपरटेक लिमिटेड ने अवगत कराया कि एनसीएलटी द्वारा अपने आदेश 25 मार्च 2022 को कारपोरेट इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया शुरू किया गया। इसके बाद भी 13 अगस्त 2023 को सोसाइटी वासियों ने यहां पौधरोपण का कार्य शुरू किया गया । ये गलत है। प्राधिकरण ने सुपरटेक लिमिटेड के पत्र का संज्ञान लेते हुए एमराल्ड कोर्ट के आरडब्ल्यूए को नोटिस जारी किया।

ट्विन टावर मामले में एमराल्ड सोसाइटी के प्रेसिडेंट यूबीएस तेवतियां ने बताया कि नोटिस का जवाब प्राधिकरण को दे दिया गया है। ये जमीन सोसाइटी का कॉमन एरिया है। जमीन आरडब्ल्यूए की है। इस पर यदि हम कोई कंस्ट्रक्शन करेंगे तो प्राधिकरण से अनुमति ली जाएगी। इसे पार्क के रूप में तब्दील किया जाएगा

## मुठभेड़ के दौरान दो गोकश गिरफ्तार पुलिस की गोली से एक घायल





**गाजियाबाद,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मधुबन बापूधाम पुलिस ने बुधवार की तड़के मुठभेड़ के दौरान गोकशी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से एक बदमाश घायल हो गया है। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल, एक यामाहा एफ जेड मोटरसाइकिल, दो तमंचे एक प्लास्टिक के कट्टे में 02 गडांसे और एक रस्सा बरामद हुआ हुए हैं। इन दोनों के खिलाफ विभिन्न थाना में गोकशी के कई मामले दर्ज हैं।

एसीपी कवि नगर राहुल श्रीवास्तव ने बुधवार की सुबह बताया कि हाल ही में गोविंदपुरी गोविंदपुरम पुलिस चौकी की कूड़ादन के नजदीक कुछ अज्ञात लोगों ने गोवंश काटा था । तभी से पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी थी और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। था। किसी के चलते मधुबन बापूधाम पुलिस मंगलवार बुधवार की तड़के मटियाला मोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल वह यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में रोकने का इशारा किया गया लेकिन यह लोग रुके नहीं और वहां से मोटरसाइकिलों की स्पीड बढ़ाते हुए सिकरोडा गांव की तरफ भागने लगे। जिनका पुलिस ने पीछा किया और कुछ ही दूरी पर दोनों को घेर लिया और दबोच लिया। इस दौरान पुलिस की ओर से चलाई गोली से एक बदमाश घायल हो गया जिसका नाम जीशान है। जो मसूरी थाना क्षेत्र के नहर गांव का निवासी है जबकि दूसरा बदमाश भी इसी गांव का रहने वाला है और उसका नाम जावेद है।

## बहनों ने भाई के हाथ पर राखी बांध लंबी उम्र की कामना की



**नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाई बहन के प्यार और स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांध लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने बहन की रक्षा का संकल्प भी दुहराया। बुधवार को भी रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। बच्चे से लेकर बड़ों तक ने भाई बहन के पर्व को उत्साह के साथ मनाया। दरअसल भद्रा के चलते तिथियों के उलट फेर से यह पर्व 30 एवं 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जा रहा है। रक्षा बंधन का त्योहार श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाता है, लेकिन आज पूर्णिमा तिथि शुरू होने के साथ ही भद्रा भी रहा जो रात तक रही। ऐसे में लोगों ने रात 9 बजे से बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बहनों ने राखी की थाली सजाई। इसमें रोली, चंदन, अक्षत, दही, राखी और मिठाई रखी गई और घी का दीपक जलाया। पूजा की थाली को सबसे पहले भगवान को समर्पित किया गया। इसके बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक करने के बाद कलाई पर राखी बांधी और उनकी आरती उतारी। फिर भाई को मिठाई खिलाई गई। छोटे से बड़े लोगों में को लेकर बेहद उत्साह दिखा। बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने रक्षा का संकल्प लिया।

रक्षाबंधन को लेकर बहन और भाई नए नए कपड़े पहनकर सज-धज के तैयार हुए और पर्व मनाया। बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। इसके अलावा कॉलोनियों में मिठाई की दुकानें और राखी की दुकानों खुली रही। जहां से बहनों ने मिठाई और राखी की दुकान पर खरीदारी की। बहने सुबह अपने परिजनों के साथ बाइक और बस द्वारा भाइयों के घर पहुंची और हर्षोल्लास से राखी बांधी गई।

## लैंड ऑडिट के लिए इसरो से ली जाएगी सैटेलाइट इमेज

### सीएजी की रिपोर्ट में 45 लाख वर्गमीटर पर है अवैध कब्जा, मास्टर प्लान 2031 के होगा मिलान

**नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा 203 वर्ग किमी में बसा हुआ है। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार इसके करीब 45 लाख वर्गमीटर जमीन पर अवैध कब्जा है। प्राधिकरण अब लैंड ऑडिट कराएगा। इसमें इसरो की मदद ली जाएगी। इसरो से मास्टर प्लान 2031 की सेटलाइट इमेज ली जाएगी। जिससे ये देखा जाएगा कि मास्टर प्लान-2031 के अनुसार किस-किस अधिसूचित जमीन पर योजनाओं का निर्माण होना है और वहां अवैध कब्जा है। वास्तविक स्थिति के लिए ड्रोन सर्वे कराया जाएगा। इस पूरे कार्य के लिए एक सलाहकार कंपनी का चयन किया जाएगा। जिससे अनुबंध किया जाएगा। ये कंपनी ही प्राधिकरणर का लैंड ऑडिट करेगी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि लैंड ऑडिट से लैंड बैंक और अवैध निर्माण की पूरी जानकारी मिलेगी। इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

सीएजी की रिपोर्ट में जिस जमीन पर अवैध कब्जा है इसकी कीमत करीब 16 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। इसमें औद्योगिक, कामर्शियल , आवासीय, संस्थागत की जमीन है। जिसमें इस समय निवेश किया जा रहा है। बता दे प्राधिकरण ने इस बार जीबीसी में करीब 85 हजार करोड़ का ग्राउंड तैयार किया है। इससे रोजगार भी बढ़ेगा। बहरहाल प्राधिकरण जल्द ही इसरों से सेटलाइट इमेज मांगेगा इसके लिए पत्र जारी किया जाएगा। इससे पहले भी मास्टर प्लान बनाने के लिए सेटलाइट इमेज की आवश्यकता पड़ती रही है।

#### इन गांवों में हुए अवैध कब्जे

*सरकारी जमीन पर , सर्फाबाद गढ़ी चौखंडी, छिजारसी, ममूरा, बरौला, भंगेल, सलारपुर, चौड़ा, गिझौड़, हरौला, नयाबांस, बख्तावरपुर, नंगली-वाजितपुर आदि गांवों में बड़ी संख्या में कब्जे हो रहे हैं। इसके अलावा 4 से 5 हजार हेक्टेयर में यमुना व हिंडन के डूब क्षेत्र की जमीन पर कब्जा है। तेजी से यहां कॉलोनियां काटी जा रही हैं।*

#### नक्शों के विपरीत बनाया तो इंफोर्समेंट सेल रोकेगी

इसके अलावा नोएडा में नक्शों के विपरीत निर्माण कार्य किया गया तो इसकी रोकने की जिम्मेदारी इंफोर्समेंट सेल की होगी। इस सेल में 20 जूनियर इंजीनियरों होंगे। इनकी नियुक्ति आउटसोर्सिंग से की जाएगी। प्राधिकरण की बोर्ड ने इसे पहले ही अप्रूव कर दिया है। जिनका काम सिर्फ ये देखना होगा कि नोएडा में स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्माण हो रहा है या नहीं। इनकी डियूटी होगी कि वे साइट पर जाए और निरीक्षण करे।

#### सीएजी की रिपोर्ट

| सर्किल | अवैध कब्जा ( वर्गमीटर ) | रुपए |
|---|---|---|
| वर्क सर्किल-1 | 97,500 | 3529500000 |
| वर्क सर्किल-2 | 71,808 | 2599449600 |
| वर्क सर्किल-3 | 2,27,849 | 8248133800 |
| वर्क सर्किल-4 | 43,950 | 1590990000 |
| वर्क सर्किल-5 | 3,29,821 | 11939520200 |
| वर्क सर्किल-6 | 3,46,466 | 12542069200 |
| वर्क सर्किल-7 | 95,840 | 3469408000 |
| वर्क सर्किल-8 | 4,61,169 | 166944317800 |
| वर्क सर्किल-9 | 10,47,901 | 37934016200 |
| वर्क सर्किल-10 | 18,04,160 | 65310592000 |

**मास्टर प्लान 2031 के अनुसार क्या है लैंड यूज**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आवासीय | 5722 हेक्टेयर | मनोरंजन / ग्रीनरी | 2433 हेक्टेयर |
| औद्योगिक | 2807 हेक्टेयर | अन्य | 2376 हेक्टेयर |
| यातायात | 1942 हेक्टेयर | | |

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल एक सितम्बर को आएंगे गाजियाबाद





### हरिश्चंद्र सार्वजनिक पुस्तकालय के कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**गाजियाबाद,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एक सितम्बर को गाजियाबाद आ रहे है। वह यहां नेहरू नगर में हरिश्चन्द सार्वजनिक पुस्तकालय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले रजत जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री वह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पुस्तकालय के संरक्षक बालेश्वर त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम में श्री सेवा 1 सितंबर की सुबह 10:30 बजे शिरकत करेंगे उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अध्यक्षता यशोदा अस्पताल के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश अरोड़ा करेंगे कार्यक्रम का आयोजन हरिश्चंद्र सार्वजनिक पुस्तकालय के सामने दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती शिशु मंदिर के खेल मैदान के सभागार में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में शहर के तमाम गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

व्यापारी को गोली मारकर घायल करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए हैं। जिनके पैर में गोली लगी है। जबकि उनका एक साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है:-

**-साद मियां खान, डीसीपी, ग्रेटर नोएडा**

## आबादी विभाग में अनियमिताओं को लेकर प्राधिकरण सख्त

**अनियमितता की शिकायत मिलने पर सीईओ आबादी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के करेंगे तबादला**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के छह प्रतिशत किसान आबादी विभाग में बढ़ती अनियमिताओं पर नकेल कसने की तैयारी है। विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के का तबादला होगा, ताकि व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जिन किसानों की जमीन लेता है, उन्हें कुल जमीन का छह प्रतिशत विकसित भूखंड देता है। इस भूखंड देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने छह प्रतिशत किसान आबादी विभाग बनाया हुआ है। इस विभाग में ओएसडी से लेकर वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी तैनात हैं। इस विभाग की शिकायत अक्सर किसान करते रहते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के पास भी इस विभाग की दर्जनों शिकायतें पहुंच गई हैं। इन शिकायतों का उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। वह अपने स्तर पर भी जांच कर रहे हैं। अब किसान आबादी विभाग की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। इस विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का तबादला दूसरे विभाग में किया जाएगा। इस विभाग में सभी नए अधिकारी एवं कर्मचारियों की तैनाती होगी ताकि व्यवस्थाओं को सुधारा जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उनके काम प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए। इसके लिए जो भी बदलाव की जरूरत होगी उसे किया जाएगा।

## यूपीसीडा ने उद्यमी संगठन के साथ की बैठक, त्रिनेत्र से होगी सुरक्षा



**■ उद्योगों के सीसीटीवी कैमरों को पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने की तैयारी**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। उद्योगों की सुरक्षा व्यवस्था ठीक करने के लिए त्रिनेत्र एप के जरिए उद्योगों के सीसीटीवी कैमरों को पुलिस कंट्रोल रूम जोड़ने की तैयारी चल रही है। इस मुद्दे पर बुधवार को यूपीसीडा कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान उद्यमी संगठन इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन (आईईए) और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने उद्यमियों से जुड़ी अन्य समस्याओं को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। बैठक में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा अन्य उपायों पर चर्चा की गई। आईईए के पदाधिकारियों ने अतिक्रमण, यूपीसीडा कार्यालय से आवंटियों को लिखित में जवाब न मिलना एवं सभी तरह के देयता पोर्टल पर उपलब्ध न होना आदि समस्याओं को भी उठाया। पुलिस अधिकारियों ने उद्यमियों को आस्त किया कि उद्योगों की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। आईईए के महासचिव संजीव शर्मा ने बताया कि उद्योगों के सीसीटीवी कैमरों को पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने के लिए सबसे पहले उद्यमी को एक फॅार्म भरना होगा। इसमें कुल सक्रिय कैमरों की संख्या, कैमरे का प्रकार, मॉडल, सक्रिय डीबीआर/एनवीआर का मॉडल,आईपी एड्रेस, सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम से लिंक है अथवा नहीं आदि जानकारी देनी होगी। उद्यमियों को उम्मीद है कि त्रिनेत्र एप से सुरक्षा में काफी मदद मिलेगी। बैठक में यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक एके शर्मा, कासना कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक गौरव कुमार, आईईए के कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल गोयल, उपाध्यक्ष पीएस मुखर्जी, गुरदीप सिंह तुली, संयुक्त सचिव नरेंद्र सोम, प्रमोद झा, हरवीर सिंह, सीपी राय, राम गोपाल आदि, आईआईए ग्रेटर नोएडा चौप्टर से चेयरमैन राकेश बंसल, राष्ट्रीय सचिव विशारद गौतम, जेएस राणा, मनोज सिराधना, कविता शर्मा, विख्यात गौतम ने हिस्सा लिया।

## अवैध गेट खोलने पर सुपरटेक इकोविलेज-1 को प्राधिकरण का नोटिस



**ग्रेटर नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-1 स्थित सुपरटेक इकोविलेज-1 को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध तरीके से गेट खोलने पर नोटिस भेजा है। बिल्डर प्रबंधन ने परियोजना में कमर्शियल काम्प्लेक्स के सामने ग्रीन बेल्ट में अनाधिकृत तरीके से गेट का निर्माण किया है जो परियोजना के स्वीकृत मानचित्र के विपरीत है तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भवन नियमावली का उल्लंघन है। शिकायत प्राप्ति उपरांत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मोबाइल स्क्वाड ने स्थलीय निरीक्षण किया और पाया कि कामर्शियल काम्प्लेक्स के सामने फ्रंट सेटबैक में अनाधिकृत रूप से गेट का निर्माण किया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर 10 दिन के अंदर अनाधिकृत निर्माण को हटाने का आदेश दिया है। सुपरटेक इकोविलेज-1 निवासियों ने बताया कि परियोजना के मानचित्र में कमर्शियल काम्प्लेक्स को कनविनिएंट शॉप के रूप में दर्शाया गया है, परन्तु वास्तविक स्थिति यह है कि कमर्शियल मार्किट पूरी तरफ से परियोजना का अलग हिस्सा कर दिया गया है,जिसका एंट्री-एग्जिट गेट भी अलग कर दिया है। कमर्शियल मार्केट का गेट सर्विस रोड़ पर बाहर खुलने की वजह से रोजाना शाम को सैकड़ों वाहन सड़क पर लगे होते हैं जिससे रोजाना शाम के समय ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है।

### सार संक्षेप

#### यमुना में आवासीय भूखण्ड योजना के लिए 1.80 लाख लोगों ने किया पंजीकरण

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना में अब तक 1.80 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अब तक 78 हजार से अधिक लोगों ने फार्म जमा कर दिया है। योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि पहली सितंबर है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के पास मकान बनाने का अगर आपका सपना है तो इसके लिए अभी दो दिन आपके पास और हैं। यमुना प्राधिकरण ने 1184 आवासीय भूखंडों की योजना निकाली है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि पहली सितंबर है। योजना में 120 वर्ग मीटर से लेकर 2000 वर्ग मीटर तक के भूखंड शामिल हैं। बुधवार तक 1.80 लाख लोगों ने अपना पंजीकरण कर लिया है। जबकि 123871 लोगों ने फार्म खरीद लिया है। 78290 लोगों ने फार्म जमा कर दिया हैञ इन लोगों ने पंजीकरण शुल्क जमा कर दिया है। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बार रिकॉर्ड तोड़ आवेदन आएंगे। यह आंकड़ा एक लाख को पार कर जाएगा।

#### बिजली के ट्रान्सफार्मर से तार व केबल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने ट्रांसफॉर्मर से कॉपर के तार व केबल चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए कॉपर के तार, केबल व चोरी का अन्य सामान बरामद है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बीते 12 अगस्त को सेक्टर-150 नोएडा के एक ट्रांसफॉर्मर से कॉपर के तार व केबल चोरी हो गए थे। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। छानबीन में जुटी पुलिस को अभियुक्तों के बारे में अहम सुराग मिले। बुधवार को दो अभियुक्तों को जेपी अमन सोसायटी के समीप से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान संदीप निवासी ग्राम बादौली व कुक्कू निवासी ग्राम गेझा नोएडा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चोरी का सामान बेचने के फिराक में थे। पुलिस इनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र व चेक






**ग्रेटर नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के पावन पर आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य व समग्र विकास के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया, जिससे बालिका शिक्षा ग्रहण कर अपने सपनों को साकार कर सकें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समान लिंगानुपात स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी श्रृंखला में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद हुआ। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 16 एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चेक का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, महिला कल्याण विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## व्यापारी को गोली मारने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार





**■ घटना के बाद गिरफ्तारी को लेकर 7 घंटे तक व्यापारियों ने दिया धरना**

**दनकौर,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास मंडी श्याम नगर कस्बे के बाजार में एक कपड़े व्यापारी को रंगदारी नहीं देने पर बदमाश ने मंगलवार को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो बदमाशों को बुधवार शाम मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। घायल अवस्था में दोनों बदमाशों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर व्यापारियों ने करीब 7 घंटे तक धरना भी बाजार को बंद करके दिया था। अंकुर अग्रवाल कपड़ा व्यापारी है। जिनके भाई से क्षेत्र के देवटा निवासी बदमाश विनोद ने मंगलवार को दुकान पर पहुंच रंगदारी मांगी थी। जिसका अंकुर ने विरोध किया था। जिसके बाद आरोपी ने अंकुर की दुकान पर पहुंचकर जान से मारने के उद्देश्य से गोली चला दी थी। गोली अंकुर के हाथ में लगी थी। जिनका ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी गोली मारने के बाद अपने दो साथी सचिन और तरुण के साथ दुकान के बाहर खड़ी बाइक पर बैठकर फरार हो गया था। इस मामले में पीड़ित अंकुर के भाई अंकित की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विनोद, सचिन और तरुण निवासी देवटा के खिलाफ 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगने और गोली मारकर घायल करने का केस दर्ज कर लिया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कस्बे के व्यापारियों ने बुधवार की सुबह से ही अपनी दुकान नहीं खोली। करीब 7 घंटे तक सैकडों व्यापारी धरने पर बैठे रहे। शाम करीब 3 बजे अडिशनल डीसीपी अशोक कुमार, एसीपी पवन गौतम और एसएचओ दनकौर संजय सिंह के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने बाजार को खोला। इस मामले में पुलिस ने बुधवार दोपहर को मुख्य आरोपी विनोद के साथी तरुण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि शाम को मुख्य आरोपी विनोद और उसके साथी सचिन को यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक से पुलिस ने सूचना के आधार पर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस पार्टी पर दोनों बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बचाव के दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। जिनके पैर में गोली लगी है। जिनके कब्जे से पुलिस ने दो तमंचा, 3 खोखा और एक बाइक बरामद की है। जिन पर कोतवाली में पहले से कई अपराधिक केस दर्ज हैं।

व्यापारी को गोली मारकर घायल करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए हैं। जिनके पैर में गोली लगी है। जबकि उनका एक साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है :

**साद मियां खान, डीसीपी, ग्रेटर नोएडा।**

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

### शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यालयों ने बच्चों का नामांकन बढ़ाएं



**ग्रेटर नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनावली, प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर, प्राथमिक विद्यालय मकनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। जिला अधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान पाया कि प्राथमिक विद्यालय में मिलने वाला मिड-डे-मिल सभी छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता के साथ मानकों के अनुरूप मिल रहा है। जिला अधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य/अध्यापकगणों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाए साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच करते हुए अध्यापक गणों को निर्देश दिये कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस रखा जाए। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर ब्लाक बिसरख विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गयी। विद्यालय प्रांगण में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित बारातघर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त अद्यतन बारातघर का हस्तांतरण नहीं हुआ है, जिसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बारातघर का हस्तांतरण तत्काल कराये जाने के लिए एवं साथ ही अन्य विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराये जाने तथा उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। कम्पोजिट विद्यालय लखनावली ब्लाक बिसरख निरीक्षण के समय विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था बहुत ही निम्न स्तर की पायी गयी। विद्यालय को हस्तांतरित कम्पोजिट ग्राण्ट मद से प्रधानाध्यापक द्वारा जो कार्य कराये गये है वह सन्तोषजनक नहीं है। आपरेशन कायाकल्प एवं कम्पोजिट ग्राण्ट के तहत कराये गये निर्माण कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक नहीं पायी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों का सन्तोषजनक प्रति उत्तर जिलाधिकारी को नहीं दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित प्रधानाध्यापक को भविष्य के लिये चेतावनी दी। प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर ब्लाक बिसरख निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञानित हुआ कि कक्षा 2 के चार छात्रों के नाम अभिभावकों द्वारा विद्यालय से पृथक करा लिये गये है। जिलाधिकारी अध्यापकों को चेतावनी दी गयी कि गाँव में अभिभावकों से सम्पर्क कर छात्र छात्राओं नामांकन को बढाया जाये तथा राज्य सरकार द्वारा जो योजनाएं बच्चों के लिये लागू की गयी है यथा नि:शुल्क यूनीफार्म, पाठ्य पुस्तक, जूता, मोजा, स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं मध्यान्ह भोजन योजना आदि से अभिभावकों को अवगत कराया जाये ताकि विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन हो सके। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में दो नवीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माण का भी निरीक्षण किया गया, जिसकी भौतिक स्थिति देखने पर ठीक नहीं पायी गयी।

## साइबर सुरक्षा हैकथॉन कवच में जीएल बजाज के विद्यार्थियों ने दर्ज की जीत



**स्टॉप साइबर सुरक्षा हैकथॉन में पूरे भारत से 500 से अधिक छात्रों और 106 टीमों ने लिया था हिस्सा**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के जीएल बजाज के टीम कोडसेज के छात्रों ने कवच 2023 के 'न्यू एज वूमेन सेफ्टी ऐप' श्रेणी में 36 घंटे का नॉन-स्टॉप साइबर सिक्योरिटी यूनिक हैकथॉन जीता है। छात्र अमन कुमार सिंह, आदित्य राज, आर्यन राज (बी.टेक सीएसएआईएमएल), प्रगति सिंह, सौरभ सिन्हा (बी.टेक सीएसएआई), और यश सिंघल (बी.टेक सीएसई) कवच 2023 के ग्रैंड फिनाले के लिए पनवेल, महाराष्ट्र गए थे और अपनी श्रेणी में विजयी हुए। उन्हें 1 लाख के नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। कवच हैकथॉन में पूरे भारत से 500 से अधिक छात्रों और 106 टीमों ने भाग लिया। कवच 21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नवीन अवधारणाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों की पहचान करने वाला अनोखा 36 घंटे का नॉन-स्टॉप साइबर सुरक्षा हैकथॉन था। एमओई के इनोवेशन सेल, एआईसीटीई ने ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के साथ मिलकर 'कवच-2023' लॉन्च किया था। इसकी कल्पना आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, ऑटोमेशन, बिग डेटा और क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग करके साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विचारों और रूपरेखाओं की संकल्पना करने के लिए भारत के इनोवेटिव दिमागों को चुनौती देने के लिए की गई थी।

## सहकारी समितियों का दायरा बढ़ाने के लिए 1 सितम्बर से सदस्यता अभियान



**■ सदस्यता महाअभियान 2023 को एक उत्सव की तरह मनाएं**

**■ हम सब साथ मिलकर आगे बढ़ें और सहकारिता आन्दोलन को प्रदेश में नई दिशा देने के सारथी बनें**

**ग्रेटर नोएडा/जेवर,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करने के उददेश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूर्ण करने के लिये सहाकारिता आंदोलन को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रदेश में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक महासदस्यता अभियान चलाने के निर्देश जारी किये हैं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता विवेका सिंह ने निर्देशन में शुक्रवार से महासदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा व नीति के अनुरूप सहकारिता विभाग की ओर से पैक्स को बहु आयामी एवं बहुददेशीय बनाने की कवायत प्रारम्भ की जा चुकी है। शासन के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए सहकारी समितियों में विभिन्न योजनाये संचालित की जा रही हैं जिससे कृषकों व अकृषकों को सहकारी समिति की सदस्यता से अर्जित लाभ एवं सुविधाऐं एक ही छत के नीचे प्राप्त हो रही हैं। विकास खंड जेवर के सहायक विकास अधिकारी सहाकारिता आलोक रंजन सिंह ने किसानों एवं सहकारिता में रूचि रखने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि 200रू का न्यूनतम अंश क्रय करके अधिक से अधिक संख्या में निकटवर्ती समिति अथवा जिला सहाकारी बैंक की शाखा से सम्पर्क कर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं जिसके लिए टोल फ्री न0 180021884444 डायल कर जिला, विकास खंड, गांव का नाम दर्ज कराना है। उसके पश्चात सम्बंधित अधिकारी 24 घंटे के अंदर आगे की प्रक्रिया के लिए सम्पर्क स्थापित करेंगे। सहकारी समितियां अल्पकालीन कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 3 प्रतिशत के रियायती साधारण व्याज दर पर कृषक एवं अकृषक को ऋण उपलब्ध कराती है, जबकि वाणिज्यिक बैंकों में सहकारी समितियों के बानिस्पत 4 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज दर पर कृषि ऋण वितरित किया जाता है, अत: सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि आवश्यकताओं की पूति हेतु ऋण लेना कृषक एवं अकृषक के हितों के अनुकुल है। प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से सहकारी कृषको के क्रेडिट कार्ड योजना दिसम्बर 1999 से लागू है। यह ऋण सदस्यों को फसल तैयार करने हेतु नगद एवं वस्तु के रूप में किसान केडिट कार्ड योजनान्तर्गक उपलब्ध कराया जाता है, जिसके अन्तर्गत समिति के सदस्य समिति से अपनी निर्धारित ऋण सीमा के अन्तर्गत कृषि कार्य, पशुपालन एवं मत्स्य पालन इत्यादि हेतु जब भी चाहें तथा जितनी बार चाहे ऋण ले सकते हैं तथा अपनी सुविधा अनुसार ऋण वापस कर सकते है।

## खनन माफियाओं पर रात में खेत से मिट्‌टी चुराने का आरोप



**■ ग्रेटर नोएडा के रहने वाले पीड़ित ने दो नामजद व अन्य के खिलाफ पुलिस से की शिकायत**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रहने वाले एक अध्यापक ने कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुये खनन माफियाओं पर रात में खेत से मिट्टी चुराने का आरोप लगाते हुये पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रेटर नोएडा की आम्रपाली कैसल के रहने वाले जितेन्द्र सिंह ने बताया कि जेवर कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवारा में उसकी कृषि भूमि है। आरोप है कि खनन माफियाओं द्वारा उसके खेत से रात के समय जेसीबी व डम्फर से मिट्टी चोरी कर खेत को गहरे गड्ढों में तब्दील कर दिया है।

मंगलवार को पीडित जब अपने खेत पर पहुचा तो उसे मिट्टी चोरी की जानकारी मिली। ग्रामीणों से जानकारी करने पर उसे खनन माफियाओं के बारे में जानकारी मिली। पीडित ने दो नामजद व अन्य खनन माफियाओं पर खेत से मिट्टी चोरी करने का आरोप लगाते हुये शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 31 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# भाई का प्यार या हार का डर ?

'रक्षाबन्धन की बहनों को सौगात' के नाम पर चाहे केन्द्र सरकार ने रसोई गैस की कीमत एक सुखद आश्चर्य के रूप में तत्काल प्रभाव से घटाई हो, परन्तु माना जा रहा है कि यह जनहित में उठाया गया कदम नहीं वरन सियासी मकसद गांठने की कवायद है। इसका कारण यह है कि हर वस्तु की कीमतों में सिर्फ बढ़ोतरी करने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किसी भी उपभोक्ता वस्तु या सेवा की कीमतें कम करने की कोई उम्मीद ही नहीं करता। उससे ऐसे किसी भी लोक कल्याणकारी कदम की अपेक्षा देशवासियों ने रखनी छोड़ दी है। जो भी हो, इसका लाभ महंगाई से त्रस्त जनता को आंशिक रूप से ही सही, लेकिन मिलेगा तो ज़रूर। वैसे यह देखना दिलचस्प होगा कि सत्तारुढ़ भाजपा को इसका राजनैतिक लाभ मिलता है या नहीं। मंगलवार को लिये गये फैसले के अंतर्गत केन्द्र द्वारा सीधे-सीधे प्रति सिलेंडर 200 रुपये की कमी की घोषणा की गई है। यह दर बुधवार से लागू हो गई। अब 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर 903 रुपये का मिलेगा। उज्ज्वला योजना के तहत इसकी कीमत 703 रुपये होगी।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसे 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से महिलाओं को राखी का उपहार' बताया है। स्वयं मोदी ने एक बयान में कहा है कि 'रक्षाबन्धन का पर्व खुशियां बढ़ाने वाला होता है। इस फैसले से बहनों को राहत मिलेगी। मेरी प्रार्थना है कि मेरी हर बहन खुश और स्वस्थ रहे।' इस फैसले का लाभ 33 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगा। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 75 लाख नये एलपीजी कनेक्शन दिये जाने का भी निर्णय लिया गया है जिससे इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जायेगी। चाहे गैस घटाने का उद्देश्य करोड़ों बहनों को कथित राहत पहुंचाना और उन्हें खुश व स्वस्थ देखने की पीएम की मंगल कामना बतया गया है लेकिन इसे इसी साल होने वाले 5 राज्यों के तथा अगले वर्ष के लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र लिया गया निर्णय माना जा रहा है। इसे राजस्थान सरकार द्वारा 500 रुपये में दिये जा रहे सिलेंडर का जवाब भी समझा जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने यह ऐलान कर रखा है कि अगर उसकी सरकार बनती है तो सस्ते गैस सिलेंडर दिये जायेंगे। राजस्थान सरकार के निर्णय एवं मप्र कांग्रेस के इस वायदे से धारणा बन गई है कि भाजपा को हराने से जनता को सस्ती दर पर सिलेंडर मिलेंगे। अब भाजपा को डर है कि उसे यह मुद्दा महंगा पड़ सकता है और इसका असर विधानसभा चुनावों तक सीमित न रहकर लोकसभा चुनावों के नतीजों पर भी पड़ सकता है।

यह फैसला ऐसे वक्त पर लिया जा रहा है जब कांग्रेस सहित 26 विपक्षी दल गुरुवार व शुक्रवार को महाराष्ट्र की राजधानी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बैठक करने जा रहे हैं। इस वर्ष के ही जून में बिहार की राजधानी पटना और फिर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में (जुलाई, 2023) विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) की हुई बैठकों से लगातार विस्तृत और मजबूत हो चुका है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तंज कसा है कि 'अभी तो हमारे संगठन की सिर्फ दो बैठकें हुई हैं और एलपीजी 200 रुपये सस्ती हो गई है। ये है 'इंडिया' का दम।' ममता के बयान में इसलिये वजन है क्योंकि ऐसे संकेत हैं कि इंडिया में कुछ नये दल शामिल हो सकते हैं और राजनैतिक पण्डित मानते हैं कि पांच राज्यों के नतीजों के बाद यह कुनबा और भी बढ़ सकता है। ऐसा इस आधार पर कहा जा रहा है कि क्योंकि 5 राज्यों में भाजपा की पराजय तय बतलाई जा रही है।

विधानसभा के साथ ही साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं, वे भी भाजपा को डरा रहे हैं। ध्रुवीकरण का भाजपा का चिर-परिचित मुद्दा और मोदी का चेहरा अब स्वयं भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चुनाव जीतने की गारंटी नहीं दे रहा है। संघ के मुखपत्र ने पहले ही चेता दिया है कि हिन्दुत्व व मोदी के बल पर अगला चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। कई तरह के चुनावी सर्वे भाजपा के नेतृत्व में बने एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस) पर 'इंडिया' की बढ़त और ब्रांड भाजपा-मोदी में बड़ी गिरावट दर्ज कर रहे हैं। भाजपा के हिन्दुत्व एवं सामाजिक ध्रुवीकरण के कई पैंतरे बेकार हो चले हैं। हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक के चुनावी नतीजे तो इन विमर्शों की सीधी-सीधी हार ही बतला रहे हैं। इन्हीं कारणों से मोदी की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किरकिरी भी हुई है। मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी साम्प्रदायिक दंगे, नूंह में हुआ हिन्दू-मुसलमान टकराव, जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस का गोली कांड (जिसमें एक व्यक्ति द्वारा मुसलमानों की हत्या करना) आदि ऐसी वारदातें हैं जिनके कारण भाजपा सरकारों की पर्याप्त बदनामी हुई है और उसकी लोकप्रियता जबर्दस्त रूप से गिरी है।

इन कारणों से भाजपा को आखिरकार जनहित के मुद्दों का सहारा लेना पड़ रहा है। 1 दिसम्बर 2011 को 400 रुपये का मिलने वाला गैस सिलेंडर दिसम्बर 2015 को 545, मई 2020 को 588, अगस्त 2023 को निर्विघ्न रूप से केन्द्र सरकार द्वारा 1103 रुपये कर दिया गया। इसकी आलोचना करने या विरोध करने वालों को राष्ट्रविरोधी व हिन्दूविरोधी करार किया जाता रहा। यूपीए सरकार के समय गैस महंगी होने पर सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने वाली स्मृति ईरानी खामोश रहीं। जो भी हो, अब जनता को पेट्रोल, डीज़ल, प्याज, चीनी, दाल सहित महंगी हो चुकी सैकड़ों वस्तुओं की कीमतें घटने का इंतज़ार है- चुनावी पराभव से डरकर ही सही।

# इंसानियत की कीमत

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

मोहित ने इंसानियत दिखाई थी और अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकाई। जिस देश में भाजपा आजादी का अमृतकाल लाने का दावा करती है, ये दो वाक्य उस अमृतकाल का कड़वा सच हैं। अब इंसानियत दिखाने वाले को सम्मानित नहीं किया जाता। उसे आदर्श के तौर पर समाज में प्रस्तुत नहीं किया जाता। बल्कि अब इंसानियत दिखाने वाले को जान देकर उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। यूपी रोडवेज में बस कंडक्टर की नौकरी करने वाले मोहित यादव का कसूर यही था कि उन्होंने संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का सम्मान किया। अपनी बस में सवार मुस्लिम यात्रियों के लिए दो मिनट बस रुकवा दी, ताकि वो नमाज पढ़ सकें। बरेली-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3 जून को यूपी रोडवेज की बस में सवार दो मुस्लिम यात्रियों के लिए ड्राइवर और कंडक्टर ने दो मिनट के लिए बस रोक दी, क्योंकि उनकी नमाज का समय हो गया था। बस सिर्फ दो मिनट के लिए रुकी थी और इसी दौरान दोनों यात्रियों ने नमाज पढ़ ली थी। लेकिन इस घटना का किसी यात्री ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कितने नकारात्मक संदर्भों में हो सकता है। किस तरह एक उपयोगी चीज को नफरत फैलाने का जरिया बनाया जा सकता है, इसका एक और उदाहरण इस घटना से सामने आया है। इससे पहले भी कभी ट्रेन में या मॉल में या अस्पताल में किसी मुस्लिम ने नमाज पढ़ी तो उसे इस तरह दिखाया गया, मानो कोई गलत काम हो रहा है। एयरपोर्ट पर घेरा बनाकर गरबा करने को जो लोग संस्कृति से प्रेम बताते हैं, सड़क घेरकर भंडारा करने, भजन करने को धर्म की सेवा बताते हैं, उन्हीं लोगों को शांति से नमाज पढ़ने वालों से इतनी तकलीफ हो जाती है, कि उसे धर्म के लिए खतरे की तरह पेश किया जाता है। मोहित यादव के साथ ऐसा ही हुआ। नमाज के लिए दो मिनट बस रुकवाने पर उन्हें तरह-तरह से बेइज्जत किया गया। इस मामले में उन्हें और ड्राइवर को निलंबित भी कर दिया गया। मोहित अनुबंध पर नौकरी में थे, तो उन्हें वापस नौकरी मिलने की कोई उम्मीद भी नहीं रही। आठ लोगों के परिवार को अकेले पालने वाले मोहित इस घटना से इतने परेशान हो गए कि अवसाद में चले गए और इस सोमवार को ट्रेन से कटा उनका शव मिला।

दो मिनट के वीडियो से फैलाई गई नफरत का इतना घातक असर हुआ कि एक संभावनाशील जीवन का दारुण अंत हो गया। तकनीकी तौर पर मोहित यादव ने आत्महत्या की है। लेकिन क्या यह नफरत प्रायोजित हत्या प्रतीत नहीं होती। सोशल मीडिया की ट्रोल आर्मी इस बात पर घमंड कर सकती है कि उसकी कमाई का जरिया नफरत का प्रसार है। उसके पास इतनी ताकत है कि वह अदृश्य रहकर, परदे के पीछे रहकर महज अपने शब्दों से किसी को मानसिक तौर पर परेशान, उत्पीड़ित कर सकती है। लेकिन यह प्रताड़ना जानलेवा भी हो सकती है, यह बात भी ट्रोल आर्मी को याद रखना चाहिए। जो लोग इस प्रताड़ना को सहन कर लेते हैं वो जिंदा रह जाते हैं, जो नहीं कर पाते वो मोहित यादव जैसे खुद को ट्रेन के आगे डाल देते हैं। मोहित यादव अपनी मौत से पहले काफी परेशान रहते थे और टाइम्स ऑफ इंडिया के एक रिपोर्टर को उन्होंने अपनी व्यथा सुनाई भी थी, जिसे बाकायदा रिकार्ड किया गया है। वीडियो में मोहित यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि मैंने यह सोचकर बस रुकवाई कि सिर्फ दो मिनट की ही तो बात है। वो इस दौरान नमाज भी पढ़ लेंगे। बस रुकी तो लोग शौच के लिए भी गए। लेकिन किसी ने उस बारे में शिकायत नहीं की। सारी शिकायत नमाज पढ़ने देने को लेकर है। मोहित की पत्नी ने उनकी मौत के बाद कहा है कि मोहित ने इंसानियत दिखाई और अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकाई है।

> **लोगों को धर्म के नाम पर उन्मादी बनाकर कुछ लोग अपने लिए स्थायी सत्ता बनाना चाहते हैं। हिटलर ने जर्मनी में यही प्रयोग किया था। हिटलर को गुमान हुआ था कि लोगों ने उसे शिखर पर पहुंचाया है और वो उसकी नफरत पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। लेकिन आखिर में हिटलर को क्या हासिल हुआ, यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। आज जर्मनी में हिटलर का नाम लेना भी गुनाह जैसा है।**

वैसे अगर हम ये मान रहे हैं कि मोहित की मौत के बाद समाज की आंखें खुलेंगी, लोग नफरत के घातक असर को समझेंगे और धर्म के नाम पर खड़े किए जा रहे बेबुनियाद झगड़ों से खुद को बचाएंगे, तो ये केवल मुगालता ही है। आज के भारत में एक-दूसरे से द्वेष और घृणा का असर कितना बुरा हो रहा है, इसका उदाहरण हम मणिपुर से लेकर नूंह तक देख चुके हैं। लेकिन भविष्य के भारत के लिए भी नफरत के बीज बोए जा रहे हैं, इसके कुछेक उदाहरण अभी सामने आए हैं। मुजफ्फरनगर में एक प्राइमरी स्कूल का वीडियो पिछले दिनों सामने आया था, जिसमें तृप्ता त्यागी नाम की शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को किसी मामूली गलती पर खड़ा करवाकर उसके हमउम्र बाकी बच्चों से उसे थप्पड़ लगवाए। बड़ों का काम छोटों के बीच झगड़ों को रुकवाना और उनमें सुलह करवाना है। लेकिन न्यू इंडिया में जो ऊंचे पद पर बैठा है, वो झगड़ा करवा रहा है, यही परिपाटी चल रही है। तृप्ता त्यागी ने भी उसका अनुसरण किया। उन्होंने धर्म के आधार पर बच्चों में भेद करवाया। एक बच्चे को बाकियों से अलग किया और उनसे प्रताड़ित करवाया। जो बच्चा पीड़ित हुआ, वो अब मानसिक तौर पर परेशान बताया जा रहा है। बाकी बच्चों के दिल में नफरत के जो बीज बोए गए हैं, वो शायद अंकुरित होना शुरु हो गए होंगे। इस गंभीर घटना के बाद कायदे से सभी बच्चों को एक साथ बिठाकर उन्हें मानसिक परामर्श और संबल देने की जरूरत थी। लेकिन इस घटना से राजनैतिक नुकसान हो सकता था, तो अब इसे गांव की बात गांव में रहे, इस अंदाज से निपटाया जा रहा है। पहले बच्चों को किसान नेताओं ने एक-दूसरे के गले लगने कह दिया, एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और बात खत्म हो गई। बच्चे नासमझ होते हैं, इसलिए उन्हें थप्पड़ लगाने कहा तो वो उसमें राजी हो गए, गले मिलने कहा तो गले भी मिल लिए। लेकिन इन घटनाओं का उन पर जो मानसिक असर हुआ होगा, उसकी फिक्र कौन करेगा।

हाल में एक और वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक पांच-छह साल की बच्ची, जिसकी वाणी अभी पूरी तरह साफ भी नहीं है, वो देश के गद्दारों को, गोली मारो सालों को, जैसी पंक्तियों का सस्वर पाठ कर रही है। उस बच्ची को न गद्दार शब्द का मतलब पता होगा, न ये पता होगा कि साला अपशब्द है, गाली है, जिसे सभ्य समाज में कहना वर्जित है। लेकिन केवल अल्पसंख्यकों पर अपनी घृणा दिखाने के लिए बच्ची को असभ्य भाषा के संस्कार ही नहीं दिए जा रहे, उसे हिंसा और नफरत का पाठ पढ़ाया जा रहा है। एक बच्ची को हिंसा और आतंक के रास्ते पर धकेल कर आसपास खड़े लोग उसके सस्वर पाठ पर तालियां बजा रहे हैं। मुमकिन है उसके मां-बाप को उस पल गौरव का अनुभव हुआ होगा, लेकिन आखिर में वो अपने लिए पछतावा ही पाएंगे, क्योंकि एक मासूम मन को घृणा से विकृत करने का काम उन्होंने किया है।

लोगों को धर्म के नाम पर उन्मादी बनाकर कुछ लोग अपने लिए स्थायी सत्ता बनाना चाहते हैं। हिटलर ने जर्मनी में यही प्रयोग किया था। हिटलर को गुमान हुआ था कि लोगों ने उसे शिखर पर पहुंचाया है और वो उसकी नफरत पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। लेकिन आखिर में हिटलर को क्या हासिल हुआ, यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। आज जर्मनी में हिटलर का नाम लेना भी गुनाह जैसा है। इतिहास सबका लेखा-जोखा दर्ज करता ही है। अब ये भारतीय समाज को देखना है कि वह किस रूप में अपना नाम दर्ज कराना चाहता है।

# बदलती 'दंड संहिता' के निहितार्थ

भारतीय न्याय संहिता, ''भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य बिल' नाम से जिन तीन नई विधायी पहल से नरेंद्र मोदी सरकार 'भारतीय दंड संहिता' को आमूलचूल बदलने की पहल कर रही है वह अपने हिन्दी नामों और मंशा के चलते तो स्वागतयोग्य हैं, लेकिन अपने प्रावधानों को लेकर अभी भी संशय पैदा करते हैं। संशय की वजह सरकार की मंशा नहीं, उसके सोच और इस पहल की दिशा है। उम्मीद करनी चाहिए कि जब इस पहल पर संसद में बहस होगी और कानून अपने अंतिम रूप में पास होगा तो कई बातें बदली होंगी।

कुछ चर्चा बाहर मीडिया में होने लगी है, कुछ और होगी ही। तब भी कहना होगा कि इस पौने दो सौ साल पुराने कानून को बदलने की न तो पूरी तैयारी हुई है, न पर्याप्त चर्चा हो रही है। मोदी सरकार पुराने कानूनों को बदलना अपना एक काम मानती है, जो अच्छी बात है, लेकिन उसमें इतने लंबे समय के अनुभव को शामिल न किया जाए यह चिंता की बात है-खासकर वैसे मामले में जिससे हर किसी का पाला पड़ता है-सीधे या परोक्ष रूप से।



**अरविन्द मोहन**

> **मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी-पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिस वाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है।**

जी हां, सरकार ने 'भारतीय दंड संहिता' को बदलने की पहल की है जिसका 'दंड' अपराध को रोकने और अपराधी को सुधारने के जितने काम आता है, उसका 'डंडा' उससे ज्यादा सबको डराने के काम आता ही है। थाना, कचहरी ही नहीं इन मामलों वाला गृह मंत्रालय भी हमारी नजर में खौफ और शासन करने वालों के 'इकबाल' से ही ज्यादा चलता है। जब 1837 में लार्ड मैकाले ने इस कानून की पहल की थी तब उनके लिए खौफ और इकबाल लक्ष्य थे, बेंथम के दर्शन के अनुसार, शासन को खड़ा रहने के लिए तरह-तरह के अपराधों के लिए खास तरह के दंड जरूरी थे और विभिन्न रजवाड़ों और मजहबों द्वारा चलाई जा रही न्याय प्रणालियों में एकरूपता लाने की जरूरत थी।

वर्ष 1860 में दंड संहिता अंतिम रूप में आई और तब से अब तक इसमें पचासों संशोधन की जरूरत अंगरेजों को और हम भारतीयों को हुई। जेल को सुधारगृह, किशोर कैदियों को अलग रखने की व्यवस्था, सजा का लक्ष्य अपराधी को सुधारना, फांसी की सजा पर रोक, दहेज हत्या, पुलिस हिरासत से तकलीफ, राजद्रोह के प्रावधान पर सवाल से लेकर मानवाधिकार के सवालों को उठाया गया है या कानून में बदलाव हुए हैं। इस बीच दुनिया में 'दण्ड' की जगह व्यवहार सुधारने और ज्यादा-से-ज्यादा वित्तीय जुर्माने या दोषियों पर दूसरे दबाव बनाने (जैसे-वाहन लाइसेंस स्थगित या रद्द करना, पासपोर्ट पर सख्ती, पेशा वाला कार्ड रद्द करना) के काम हुए हैं।

दूसरी तरफ, हमने डंडा से सुधार (हालांकि हमने भी इस बीच पुलिस के 'थर्ड डिग्री' इलाज पर रोक लगाई है), वर्दी से खौफ, सुरक्षा गार्डों से इज्जत, ब्लैक कैट से राजनैतिक शान की व्यवस्था इतनी मजबूत कर ली है कि यह हमारे दिमागों में बैठ गई है। नए कानून के हिन्दी नाम में 'न्याय' को प्रमुखता जरूर दी गई है, लेकिन पुलिस हिरासत की संभावित अवधि पंद्रह दिन की जगह साठ दिन कर दी गई है, फांसी की सजा को बरकरार रखा गया है, राजद्रोह के प्रावधानों को और सख्त किया गया है और 'माब लिंचिंग' (जिसका सीधा प्रावधान पहली बार हुआ है) के लिए सामान्य हत्या से कम सजा का प्रावधान किया गया है। ये बातें दंड की जगह न्याय और सुधार को प्राथमिकता दिए जाने की मंशा को हल्का बनाती हैं।

राजद्रोह वाला मामला तो खास है क्योंकि जब सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों इसे समाप्त करना चाहा तो सरकार ने अदालत में भरोसा दिया था कि वह खुद इस पर पुनर्विचार कर रही है और वह जो नया कानून लाने जा रही है उसमें इसकी जरूरत नहीं रहेगी। अब जो नया कानून लाया जा रहा है उसमें सरकार के खिलाफ असंतोष वाली बात को तो नहीं रखा गया है, लेकिन देश की एकता और अखंडता वाले प्रावधानों को सख्त किया गया है। आपराधिक षडयन्त्र का प्रावधान अंग्रेजी हुकूमत ने 1913 में किया था और आज की सरकार को भी यह जरूरी लगता है, जबकि वह खुद राष्ट्रद्रोह और शासनद्रोह का फरक दिखाना चाहती है।

माना जाता है कि मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी-पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिस वाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है और इस आधार पर अदालत से अभियुक्त को जमानत न देने की गुहार लगा सकती है।

अपराधी भाग जाएगा, जांच को प्रभावित करेगा-जैसे तर्क पहले पंद्रह दिनों के लिए इस्तेमाल होते थे, अब साठ दिनों के लिए होंगे। इसमें भी अपराधी के चरित्र के आधार पर दो वर्ग बनाए गए हैं, लेकिन जब पुलिस का असर ज्यादा लंबे समय तक रहेगा तो मामले लंबा खिंचेंगे ही। हत्या और गैर-इरादतन हत्या की परिभाषाएं भी विवादास्पद हैं और इनसे सजा वाला पक्ष प्रबल होता है, सुधार या रोक वाला पक्ष नहीं।

हम पत्रकार भी कानून की रिपोर्टिंग करते हैं, खूब करते हैं और कई बार इसी चक्कर में उसकी चपेट में भी आते हैं। बल्कि इधर तो हर अखबार, हर चैनल में अदालती रिपोर्टिंग कई गुना बढ़ गई है। 'अदालत की अवमानना' नामक प्रावधान ऐसा है जिसमें मुक्ति की कोई राह नहीं है। अदालत अपने सारे फैसलों पर बार-बार पुनर्विचार करती है, लेकिन अवमानना के मामले में पत्रकारों के लिए कोई राहत नहीं है।

ऐसा ही एक मसला मानहानि का भी है और संपादकों (जिन पर खबर छापने की वैधानिक जिम्मेदारी होती है) का काफी सारा वक्त और ऊर्जा अदालती चक्करों में बीतता है। इस बार इनसे बचाव का कोई हिसाब नहीं रखा गया है, जबकि मानहानि कानून में दो-तीन बदलाव किए गए हैं। दूसरी ओर, 'हेट स्पीच' के मामले में कोई बदलाव नहीं है। समलैंगिकता, विवाहेत्तर संबंध और इनसे पैदा संतानों के अधिकार, ऐसा संबंध रखने वाली महिला के अधिकार को लेकर इधर काफी अच्छे और महत्वपूर्ण निर्णय सुप्रीम कोर्ट से आए हैं, पर व्यभिचार पर वही ईरानी नजरिया दिखाता है जिसकी दुनिया आलोचना करती है।

**(सर्वोदय प्रेस सर्विस से)**

## पावन प्रसंग

### अहंकार छोड़ें

न तो अन्न बुरा है और उसको खाना बुरा है। उसका हजम न हो पाना और हैजे के रूप में फूट निकलना व्यक्ति को कष्ट पहुंचाता है। संपदाएं बुरी नहीं हैं, उन्हें कमाना और अर्जित किया जाना चाहिए, लेकिन उसके कारण अपने को दूसरों से श्रेष्ठ समझना, उनका ऐसा भौंडा प्रदर्शन करना जिसका उद्देश्य दूसरों पर अपना बड़प्पन की छाप छोड़ना हो, अहंकार है। अहंकार यह प्रवृत्ति बताती है कि व्यक्ति संपदाओं को हजम नहीं कर पा रहा है और वह ओछेपन के रूप में फूटकर निकल रहा है। कहा जा चुका है कि संपदाएं बुरी नहीं हैं. पर उनका नशा बुरा है, जिसे अहंकार कहते हैं। चावल, जौ, गुड़ इनमें से कोई भी बुरा नहीं है। इन्हें विषयान्न कहते हैं, पर इन्हें सड़ाकर जब शराब बनाई जाती है। संपदा जब विकृत होकर किसी व्यक्ति के मन पर छा जाती है तो वह नशे जैसा प्रभाव उत्पन्न करती और मनुष्य उन्मत होकर उद्धत आचरण करने लगता है। संपदाओं की जब ऐसी ही प्रतिक्रिया होती है तो उसे अहंकार कहा जाता है। वह व्यक्ति जो अहंकार से ग्रसित होता है इस काम में पड़ जाता है कि वह उपलब्धियों के कारण दूसरों से बहुत बड़ा हो गया है। सबको उसकी संपदाओं और उपलब्धियों का विवरण जानना चाहिए तथा इसके आधार पर उसकी श्रेष्ठता स्वीकार करके सम्मान प्रदान करना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए वह विविधविध ऐसे आचरण करता, ऐसे प्रदर्शन करता है, जिससे लोग उसका बड़प्पन भूल न जाएं। तो फिर याद कर लें वह जो भी बातचीत करता है, उसमें उसका आधे से अधिक भाग तो आत्मप्रशंसा का होता है। बात-बात में अपने वैभव पराक्रम और बुद्धिमत्ता की चर्चा करता है, अपने को सफल सिद्ध करता है। यद्यपि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं होती।

शारीरिक दृष्टि से कोई व्यक्ति बलिष्ठ हो और उसमें बलिष्ठता का अहंकार उत्पन्न हो जाए तो प्राय: उसकी प्रतिक्रिया गुंडागर्दी के रूप में भी उभरती है। उसमें यही प्रवृत्ति काम करती है, लोग उसके बल पर अपना ध्यान केंद्रित करें, उसे सराहें। यह उद्देश्य अच्छे सद्कार्य कर के भी पूरा किया जा सकता था, पर ओछे मनुष्य का दृष्टिकोण इतना परिष्कृत कहां होता है ? उसे यह बात कब सूझती है ? उसमें इस प्रकार की योग्यता भी कहां रहती है ? उद्दंडता उसके लिए सरल पड़ती है किसी का अपमान कर देना, उसे सताना, तोड़-फोड़ करना, अपशब्द कहना,अवज्ञा करना, उच्छृंखलता बरतना और मर्यादाओं का व्यतिक्रमण करना यही बात ओछे व्यक्ति आसानी से कर सकते हैं अत: वही वे करते हैं। किसी का रंग गोरा हो, छवि सुंदर हो तो उसके लिए इतराने के लिए यह भी बहुत है।

विद्या का अभिमान तो और भी विचित्र है। विद्या ददाति विनयं के अनुसार विद्या का फल विनय होना चाहिए, पर यदि विद्वान अविनयशील हो जाए, पग-पग पर अपने लिए सम्मान मांगे और चाहे, कहीं रत्ती भर कमी दिखे तो पारा चढ़ जाए, इस विचित्र मन:स्थिति में ही आज के विद्वान कलाकार देखे जाते हैं।

साधु- महात्मा कहे जाने वाले त्यागी व्यक्तियों में भी यह अहंकार उन्माद भरा देखा जा सकता है। अपने घरों पर, आश्रमों में वे अपने लिए ऊंची गद्दी बिछाते हैं और दूसरे आगंतुकों को नीचे बैठने की व्यवस्था करते हैं। यह कैसा अशिष्ट और असामाजिक तरीका है। दूसरों के घर में जाएं और वहां वे लोग ऊंचे आसन पर बिठाएं तथा खुद नीचे बैठें तो बात कुछ समझ में आती है, पर अपने घर आया हुआ अतिथि तो देव है, उसे अपने से नीचा आसन नहीं देना चाहिए। बड़प्पन का अर्थ दूसरों को छोटा समझना या उनका असम्मान करना नहीं है।

इस तथ्य को समझा जाना चाहिए और अहंकार को आत्मवाद के अर्थों में मानवीय गरिमा के रूप में प्रयुक्त करते हुए तदनुरूप जीवन-नीति अपनाना चाहिए, यही आत्मनिर्माण है, प्रगति का प्रथम सोपान है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### प्रतिभा पलायन : शिक्षा क्षेत्र में भारी आर्थिक और बौद्धिक क्षति

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं, इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की ही है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटें। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें। अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं, जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी-लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है। भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल है। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाएं, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वहीं के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती हैं। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप की 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था, इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिसकी उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-प्रतिशत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लगेगा। हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## रूस के ब्रांस्क में जांच समिति की इमारत में विस्फोट

**मॉस्को।** रूस के ब्रांस्क शहर में जांच समिति की इमारत के अंदर बुधवार को विस्फोट हुआ, लेकिन अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है । शहर प्रशासन ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने टेलीग्राम पर कहा, जीपीएस 101 के रेडियो एक्सचेंज से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6:10 बजे ब्रांस्क क्षेत्र के लिए रूसी जांच समिति के जांच विभाग में 158 क्रास्नोर्मेस्काया स्ट्रीट पर एक विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई। विस्फोट के कारण की जानकारी नहीं दी गयी है।

# देश विदेश

# इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितम्बर तक बढ़ी

### तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद आया फैसला

**इस्लामाबाद,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दायर मामलों की सुनवाई के लिए हाल ही में स्थापित एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। श्री खान के वकील ने भी इसकी पुष्टि की। समाचारपत्र 'डॉन' के अनुसार यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तोशखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद यह फैसला



आया है। तोशाखाना मामले में श्री खान को पांच अगस्त को दोषी ठहराया गया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में श्री खान की दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी थी। फैसले के निलंबन के बाद हालांकि, विशेष अदालत ने अटॉक जिला जेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान को 'न्यायिक लॉकअप' में रखा जाए और सिफर मामले के संबंध में उन्हें आज पेश किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से श्री खान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी।

पाकिस्तानी जला रहे बिजली बिल

## सरकार लोगों का गुस्सा शांत करने में विफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बिजली बिलों में भारी बढ़ोत्तरी को लेकर राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं कार्यवाहक सरकार नागरिकों को कोई राहत देने में विफल रही है और वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नाराजगी से बचने और नागरिकों की परेशानी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रही है। यह जानकारी डॉन ने बुधवार को दी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अंतरिम मंत्रिमंडल ने इस मुद्दे का समाधान करने में असहायता व्यक्त की, यहां तक कि किश्तों में बिजली बिल लेने पर भी दुविधा है जब तक कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष इसे अपनी मंजूरी प्रदान नहीं करता। अंतरिम सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी ने बाद में एक निजी टीवी चैनल से कहा कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत उपायों के संबंध में आईएमएफ से बातचीत कर रही है।

## चीन के समुद्री खाद्य आयात प्रतिबंध का जवाब देगा जापान

### डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का कर रहा विचार

**टोक्यो,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। जापान ने कहा कि वह अपने समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात पर पाबंदी लगाने की चीन की कार्रवाई का मुकाबला विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत करेगा। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बुधवार को यह बात कही। गौरतलब है कि जापान के फुकुशिमा परमाणु बिजली घर (एनपीपी) के शोधित पानी को समुद्र में वापस छोड़े जाने को लेकर चीन ने पिछले दिनों जापान के समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात पर रोक लगा दी है। जापान के संवाद समिति क्योडो ने कल एक रिपोर्ट में कहा कि जापान सरकार चीन की कार्रवाई के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का विचार कर रही है। श्री मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस तरह की कार्रवाई (चीन की कार्रवाई) को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम डब्ल्यूटीओ की व्यवस्था के अंतर्गत



आवश्यक कार्रवाई करने के विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फुकुशिमा परमाणु बिजली घर में कुछ वर्ष पहले बड़ी दुर्घटना हुई थी। जापान ने 24 अगस्त को वहां से शोधित पानी को प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू कर दिया था। पानी छोड़ने से पहले उसमें बड़ी मात्रा में समुद्र का जल मिलाया गया था। इसके खिलाफ चीन के सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जापान से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। चीन ने फुकुशिमा परमाणु बिजली घर का पानी समुद्र में छोड़ने को लेकर जापान की आलोचना करते हुए कहा है कि वह पानी रेडियोधर्मी विकिरण से दूषित है।

## सुडोकू 6302

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 31 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष -आज का दिन आप सामाजिक कार्यों और मित्रों के साथ व्यतीत करेंगे। मित्र मंडली में नए मित्र जुड़ेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। बुजुर्गों से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा। आकस्मिक धन लाभ से मानसिक प्रसन्नता होगी।

वृषभ -नौकरी में पदोन्नति के समाचार मिलेंगे। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा। गृहस्थजीवन में सुख-शांति रहेगा। नए कामों का आयोजन हाथ में लेंगे। अधूरे काम पूरे कर सकेंगे।

मिथुन -आज आपको थोड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। कार्यस्थल पर भी साथी कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं रहेगा।

कर्क -आज के दिन आप पर नकारात्मकता हावी रहेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनैतिक काम और चोरी जैसे विचारों पर संयम रखें, अन्यथा अनिष्ट हो सकता है। आज वाणी पर संयम रखें।

सिंह -आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों के विषय में आपका व्यवहार उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या -परिवार में आनंद एवं उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला -आज आप अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति को अच्छी तरह काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियां या चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक -आपको आज का दिन शांति से व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य तो बिगड़ेगा ही, मानसिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह सकेंगे। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु -आज आप पर गूढ़ रहस्यवाद और आध्यात्मिकता का रंग चढ़ेगा। इस विषय में गहराई से जानने का प्रयास करेंगे। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा की संभावना है।

मकर -आज यदि वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत से अनर्थ से बच जाएंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कम सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचारों पर काबू रखें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ -शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। परिजनों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद उठाएंगे। दांपत्यजीवन की मधुरता का आनंद उठा सकेंगे। उपहार और धन की प्राप्ति होगी।

मीन -थोड़े समय में लाभ की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की जरुरत है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब रहेगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने किया संयुक्त वायु सेना अभ्यास

**सोल,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने बुधवार को वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान कम से कम एक अमेरिकी निर्मित बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक की तैनाती के साथ वायु सेना का संयुक्त अभ्यास किया। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि वायु सेना का अभ्यास दक्षिण कोरिया-अमेरिका के बीच चल रहे उल्ची फ्रीडम शील्ड और वारियर शील्ड फील्ड अभ्यास का हिस्सा था, जो 21 अगस्त को शुरू हुआ। बी-1बी के साथ अमेरिका द्वारा तैनात एफ-16 जेट और दक्षिण कोरिया के एफ-50 लड़ाकू विमान भी थे। मंत्रालय ने अभ्यास में शामिल विमानों की संख्या का खुलासा नहीं किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस अभ्यास ने उत्तर कोरिया के हाल ही में कथित बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के जवाब में अमेरिकी रणनीतिक संपत्तियों के समय पर समन्वय और तैनाती के माध्यम से ठोस संयुक्त रक्षा क्षमताओं तथा विस्तारित निरोध प्रक्रियाओं की सक्रियता का प्रदर्शन किया। यह दसवीं संयुक्त कवायद थी। गौरतलब है कि गत 24 अगस्त को उत्तर कोरिया ने आधिकारिक तौर पर सैन्य टोही उपग्रह लॉन्च करने के दूसरे प्रयास की विफलता की घोषणा की और कहा कि वह अक्टूबर में तीसरे लॉन्च का प्रयास करेगा।

## कांग्रेस नेता ने की जिनपिंग के सामने अरुणाचल के नक्शे का मुद्दा उठाने की मांग

**ईटानगर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता निनोंग एरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ (पीआरसी) चीन की ओर से जारी किए अरुणाचल प्रदेश के मानचित्र के मुद्दे को उठाने की मांग की है। श्री जिनपिंग दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने वाले हैं। इससे पहले चीन ने एक नक्शा जारी किया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया है। पासीघाट पश्चिम से विधायक एरिंग ने श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा, चीन की ओर से इस अप्रत्याशित, दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन जानबूझकर की गई घटना ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। यह सामान्य जानकारी है कि चीन ने पहले भी अप्रैल 2023 में 11 स्थानों, 2021 में 15 स्थानों और 2017 में छह स्थानों का नाम बदलकर



निनोंग एरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिला पत्र

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने की कोशिश की थी। चीन का मानक मानचित्र% की हालिया घटना उसकी नापाक योजनाओं की परिणति है और यह मामला विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। इस घटना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध की यादें ताजा कर दी है। विधायक ने कहा, 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में तथा दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़पें हुयी थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री की विद्वता पर पूरा विश्वास है और भारतीय सेना देश की सीमाओं से लगे नियंत्रण रेखा (एलओसी) तथा वास्तविक नियंत्रण रखा की रक्षा कर सकती है। मैं आपका ध्यान उपरोक्त मानचित्र के जारी होने को भारत की संप्रभुता और अखंडता पर हमले के रूप में मानने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

## वर्ग पहेली 6302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति (उर्दू)
७. तोड़फोड़ बर्बादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाला, धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
१९. किताब
२१. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित, वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१९. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6301

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ली | २ क | ट्टू | ■ | ■ | ३ अ | द्धां | ४ गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | ५ वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| ६ घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | ७ रि | क्त | ह | ८ स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ९ ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | १० वै | ता | ११ नि | क | ■ | ■ | १२ उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | १३ नि | मि | त्त | ■ | य |
| १४ सी | ता | १५ प | ति | ■ | पु | ■ | १६ म | १७ लि | न |
| धा | ■ | द | ■ | १८ प्र | ण | १९ त | ■ | हा | ■ |
| २० सा | द | र | ■ | ला | ■ | २१ र | जि | जा | २२ न |
| दा | ■ | २३ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## कनाडा ने एलजीबीटी यात्रियों को अमेरिकी जोखिमों के प्रति किया आगाह

**ओटावा,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा ने अमेरिका की यात्रा की योजना बना रहे अपने समलैंगिक, उभयलिंगी और ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) नागरिकों के लिए नई यात्रा चेतावनी जारी की है। बीबीसी ने बुधवार को बताया कि अमेरिका में एलजीबीटी विरोधी विरोध प्रदर्शन 2017 की तुलना में पिछले साल 30 गुना बढ़ गया। साथ ही एलजीबीटी अधिकारों को प्रतिबंधित करने के कानूनी कदम भी बढ़ रहे हैं।



अमेरिका में एलजीबीटी विरोधी विरोध प्रदर्शन बढ़े

ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने चेतावनी दी कि कुछ देश के कानून उनकी यात्रा पर प्रभाव डाल सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि कहां। ऐसी चेतावनियां आमतौर पर युगांडा, रूस या मिस्र जैसे देशों के लिए होती हैं। कनाडा के अमेरिकी यात्रा सलाह पृष्ठ पर लिखा है, कुछ देशों ने कानून और नीतियां बनाई हैं जो टू एसएलजीबीटीक्यूआई+ व्यक्तियों को प्रभावित कर सकती हैं। प्रासंगिक देश और स्थानीय कानूनों की जांच करें। टू एसएलजीबीटीक्यूआई प्लस पीपुल कनाडा में उन लोगों के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है जो खुद को दो-आत्मा, समलैंगिक, गे, उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, समलैंगिक, प्रश्नवाचक या इंटरसेक्स मानते हैं। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा के एक प्रवक्ता ने ट्रांसजेंडर समुदाय को लक्षित करने वाले अमेरिकी कानूनों की ओर इशारा किया। उन्होंने बताया, 2023 की शुरुआत से, अमेरिका के कुछ राज्यों ने ड्रैग शो पर प्रतिबंध लगाने और ट्रांसजेंडर समुदाय को लिंग-पुष्टि देखभाल तक पहुंच तथा खेल आयोजनों में भाग लेने से प्रतिबंधित करने वाले कानून पारित किए हैं।

## अफगानिस्तान में सोने की खदान धंसने से तीन खनिकों की मौत



**तालेकन,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत तखर में सोने की खदान धंसने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल मोबिन सफी ने कहा कि मंगलवार दोपहर को रस्ताक जिले में एक सोने की खदान की सुरंग में कई खनिक काम कर रहे थे, तभी अचानक सुरंग धंस गई। इसमें तीन खनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## आज का इतिहास

1881- अमेरिका मे पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया।
1919- अमेरिकन कम्युनिस्ट पार्टी का गठन।
1920- अमेरिकी शहर डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया।
1956- भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजूरी दी।
1957- मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त कर ली।
1962- कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए।
1964- कैलिफोर्निया आधिकारिक रूप से अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना।
1968- भारत में टू-स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण किया गया।
1983- भारत के उपग्रह इनसेट-1 बी को अमेरिका के अंतरिक्ष शटल चैलेंजर से प्रसारित किया गया।
1991- उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1994- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने लंबे संघर्ष के बाद युद्ध विराम की घोषणा की।
1997- ब्रिटेन की राजकारी और राजकुमार चार्ल्स की पूर्व पत्नी डायना की पेरिस में कार दुर्घटना में मौत।
1998- उत्तरी कोरिया ने जापान पर बैलिस्टिक मिसाइल दागा।
2010- इराक में अमेरिकी सैनिक हस्तक्षेप आधिकारिक रूप से समाप्त किया गया।
2010- भारत सरकार ने पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि 50 लाख से बढ़ाकर ढ़ाई करोड़ डॉलर किया।

**सहायता** संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने दी जानकारी

## यूएन ने सीरिया में 200 से ज्यादा सहायता मिशन चलाए

**संयुक्त राष्ट्र, 30 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने 14 फरवरी को इदलिब की पहली अंतर-एजेंसी यात्रा के बाद से अब तक उत्तर-पश्चिमी सीरिया में 200 सीमा पार मिशनों को अंजाम दिया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा, रविवार को हुए मिशन के दौरान और बाब अल-सलाम को पार करते हुए,**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कर्मियों ने उत्तर-पश्चिम में अफरीन और अज़ाज़ में स्वास्थ्य सुविधाओं और डब्ल्यूएचओ के गोदामों का निरीक्षण किया और अपने स्थानीय सहयोगियों से भी मुलाकात की। फरवरी में आए भूकंप के बाद तुर्की सीमा पर स्थित बाब अल-सलाम और अल-राय को शुरुआती तीन महीने के लिए खोल दिया गया था। प्राधिकरण को कई बार नवीनीकृत किया गया है।



सीरियाई सरकार ने तब से तुर्की सीमा पर बाब अल-हवा के माध्यम से सहायता वितरण की अनुमति देने लगी और छह महीने के लिए क्रॉसिंग के निरंतर उपयोग पर संयुक्त राष्ट्र के साथ सात अगस्त को एक समझौता किया था।

श्री डुजारिक ने मंगलवार को कहा, हम अभी भी समझौते को कैसे क्रियान्वित किया जाए, इसके परिचालन विवरण पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### सीरिया में गुटीय संघर्ष में 18 लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्वी प्रांत डेर अल-ज़ौर में अमेरिका समर्थित दो मिलिशिया के बीच घातक संघर्ष हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी एक युद्ध मॉनिटर ने मंगलवार को दी। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि सोमवार को डेर अल-ज़ौर में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) और अरब बहुल मिलिशिया डेर अल-ज़ौर मिलिट्री काउंसिल के बीच संघर्ष शुरू हो गया, जबकि दोनों गुट एक बार संयुक्त रूप से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का मुकाबला कर चुके हैं। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह के अनुसार, मारे गए लोगों में दो नागरिक, सैन्य परिषद से जुड़े 10 लड़ाके और एसडीएफ के छह लड़ाके शामिल हैं।

## दुनिया को जानें

### चीन व अमेरिका पर्यटन पर उच्च स्तरीय वार्ता करने पर सहमत

**बीजिंग,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय ने घोषणा की कि चीन और अमेरिका पर्यटन सहयोग को फिर से शुरू करने और विकसित करने के लिए 2024 में चीन में 14वीं चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय पर्यटन वार्ता आयोजित करने पर सहमत हुए। 29 अगस्त को चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्री हू हफिंग ने पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आई अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की।

हू हफिंग ने कहा कि चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के साथ मिलकर बाली में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच संपन्न महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने और कर्मियों के आदान-प्रदान का विस्तार करने को तैयार है। उन्हें आशा है कि अमेरिका और चीन के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बढ़ाएंगे, चीनी नागरिकों को अमेरिका के लिए वीजा के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करेंगे, ताकि दोनों देशों के पर्यटकों के लिए एक-दूसरे का दौरा करने के लिए बेहतर स्थितियां बनाई जा सके।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल में पटवारी 20 हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**शिमला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के नारकंडा में विजिलेंस दल ने पटवारी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवारी राकेश कुमार शर्मा ने आपदा प्रभावित रामलाल को रिलीफ फंड से आए 1,20,000 रुपये में से 20 हजार रुपये की मांग कर दी। रामलाल का घर आपदा में तबाह हो गया था। परिवार के लोग मकान खाली कर खुद बाहर रह रहे थे। प्रदेश सरकार ने प्रभावित को 1,20,000 रुपये की राहत राशि दी थी। लेकिन पटवारी ने इस राशि को जारी करने के एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस विभाग ने इंस्पेक्टर छतर सिंह नेतृत्व में एक दल जाल बिछाकर पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

# सुक्खू ने क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्गों को शीघ्र बहाल करने के दिए निर्देश

**शिमला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने एन.एच.ए.आई. को राज्य में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्गों को शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए।

श्री सुक्खू ने कहा कि आपदा के कारण मंडी-मनाली फोरलेन, विशेषकर पंडोह के पास कैंची मोड़ में सर्वाधिक प्रभावित हुआ है और यह निर्देश दिए कि बहाली कार्यों में और तेज़ी लाने के लिए इस फोरलेन के संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त अधिकारियों को तैनात किया जाए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे के दृष्टिगत मंडी-मनाली राजमार्ग को अस्थायी रूप से बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए आने वाले समय में मंडी जिले में कैंची मोड़ के नीचे सुरंग बनाने की संभावनाएं तलाशी जाएं।



आपदा के कारण मंडी-मनाली फोरलेन, विशेषकर पंडोह के पास कैंची मोड़ में सर्वाधिक प्रभावित हुआ है और यह निर्देश दिए कि बहाली कार्यों में और तेजी लाने के लिए इस फोरलेन के संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त अधिकारियों को तैनात किया जाए : सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सेब सीजन चल रहा है और किसानों की उपज को समय पर मंडियों तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लाहौल क्षेत्र में आलू की फसल भी तैयार हो जाएगी और राष्ट्रीय राजमार्गों की समय पर बहाली के लिए उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

श्री सुक्खू ने राज्य में तीन प्रमुख सुरंगों के निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कांगड़ा और कुल्लू घाटी को जोड़ने के लिए घटासनी-शिल्ह-बुधाणी-भुभु जोत सुरंग का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सुरंग न केवल पर्यटन की दृष्टि से वरदान साबित होगी बल्कि इसका सामरिक महत्व भी है क्योंकि इससे कांगड़ा से मनाली के बीच की दूरी लगभग 55 किलोमीटर कम हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चंबा जिले में चुवाड़ी-चंबा सुरंग और भावा घाटी से पिन घाटी को जोड़ने वाली सुरंग राज्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये सुरंगें पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के अलावा सभी मौसमों में सड़क सम्पर्क बनाए रखने में सहायक होंगी।

मुख्यमंत्री ने शिमला-मटौर फोरलेन परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा क्योंकि इससे प्रदेश के आठ जिलों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सड़क के सौंदर्यकरण में बढ़ोतरी के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप अथवा पांच मीटर का मध्याह्न सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या प्रति वर्ष 5 करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। शिमला-मटौर फोरलेन परियोजना राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होगी।

श्री सुक्खू ने एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों के साथ परवाणु-सोलन फोरलेन की चर्चा करते हुए कहा कि ढलानों में बेहतर स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इनकी कटाई तकनीकी रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि एन.एच.ए.आई. को राजमार्गों पर ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण कर पानी की उचित निकासी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बाढ़ के कारण सोलन जिले के बद्दी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुए दो पुलों के जीर्णोद्धार में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालागढ़-भरतगढ़ सड़क को फोरलेन बनाने पर बल दिया, जो दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरे पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन बनाया जाना चाहिए क्योंकि टुकड़ों में इस राजमार्ग को फोरलेन बनाने से यातायात के सुचारू प्रवाह में समस्या होगी।

# घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कटौती, हर घर को लाभ : बिंदल

**शिमला,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा की हिमाचल प्रदेश की सरकार जब से सत्ता में आई है तब से निरंतर हिमाचल वासियों पर महंगाई का बोझ बढ़ता चला जा रहा है।



- डीजल और दालों के दामों में बढ़ोतरी को तुरंत वापस में मुख्यमंत्री, जनता मांग रही है राहत
- सिलेंडर के दाम घटने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद
- हिमाचल की 22 लाख महिलाओं को सरकार से 13500 की आस

2022 में सत्ता में आने से पहले बार-बार महंगाई दूर करने का वायदा और गारंटी कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल की भोली भाली जनता को दी, परंतु सत्ता में आते ही डीजल के दामों में दो बार बढ़ोतरी कर दी गई। जिसके कारण डीजल में 6.50 रु प्रति लीटर बड़े, इस वृद्धि के कारण किराया, माल भाड़ा, आवागमन में बढ़ोतरी हुई और हिमाचल के किसान भाई बहनों को सीधा-सीधा नुकसान का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल घरेलू गैस सिलेंडर के दामों को 200 रु घटाया और इसी प्रकार उजवाला योजना के लाभार्थियों के लिए दाम 400 रु घट गए। यह निर्णय महंगाई रोकने के लिए है, इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हैं। इस निर्णय से हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक परिवार को लाभ होगा।

बिंदल ने कहा हिमाचल प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री से अपेक्षा करती है कि वह भी बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए डीजल के ऊपर 6.50 रु की बढ़ोतरी को तुरंत वापस ले, जिससे हिमाचल प्रदेश की जनता को बड़ी राहत पहुंचेगी। इसी प्रकार पिछले हफ्ते डिपोओं में कई दालों के रैटों में 16 रु की बढ़ोतरी कर दी गई, यह हिमाचल की जनता के साथ धोखा है। इस बढ़ोतरी को भी सरकार को तुरंत प्रभाव से वापस लेना चाहिए।

उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की 22 लाख महिलाओं से 1500 रु प्रति माह देने का वायदा और गारंटी दी थी। चुनाव के समय वर्तमान मुख्यमंत्री, मंत्री और उनके समस्त नेताओं ने गांव गांव जाकर इसका प्रचार भी किया था। आज भी हिमाचल की दीवारों पर इनकी गारंटीयां साफ दिखती है, वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे हैं, पर अभी तक हिमाचल प्रदेश की महिलाओं के खाते में एक भी किस्त नहीं पहुंची है। अब तो 9 महीने गुजर गए हैं प्रत्येक महिला 13500 रु का इंतजार कर रही है, हम रक्षा बंधन के इस पावन पर्व पर मुख्यमंत्री को उनकी दी गारंटी का स्मरण करवाना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### भाजपा के पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े जन प्रतिनिधियों होंगे प्रशिक्षित : कपूर

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी देश के हर चुने हुए पंचायती राज और नगर निकायों से जुड़े हुए भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के अलग-अलग प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन करेगी। उक्त शब्द भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी एल संतोष ने भाजपा मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित पंचायती राज, शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन एवं परिषद योजना बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। यह जानकारी प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर जो कि हिमाचल प्रदेश से प्रतिनिधि के रूप में बैठक में सम्मिलित हुए, ने जारी की गई एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। उनके साथ कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के पूर्ण कालिक विस्तारक राजपाल भी बैठक में मौजूद थे। कपूर ने बताया कि देश भर के पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े जन प्रतिनिधियों को अपने कार्य पद्धति व केंद्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाएं और उसमें उनके रहे अनुभवों की समीक्षा व कार्यान्वयन को लेकर अलग-अलग स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने के लिए पार्टी ने सभी राज्यों से आग्रह किया हैं। भाजपा नेता कपूर ने कहा कि जिस प्रकार से पिछले माह देश भर में क्षेत्रीय व प्रांत स्तर पर जिला परिषद सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ, उसी तरह यह कार्यक्रम भी अक्टूबर माह से पहले पहले संपन्न करने पर विचार किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, दुष्यंत गौतम, राधा मोहन अग्रवाल और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री शिव प्रकाश सिंह, आईसीसी के निदेशक व वरिष्ठ भाजपा नेता विनय सहस्त्र बुद्धे ने भी बैठक में अपने अलग-अलग विषयों पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया।

### नशे के खिलाफ युवा जजपा गांव-गांव चलाएगी विशेष अभियान

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नवनियक्त युवा सिरसा जिला अध्यक्ष रणदीप सिंह मट्टदादू ने युवाओं को नशे की दल दल से निकालने के लिए तशा तस्करों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। श्री सिंह ने आज यहां बताया कि जिले के हर गांव में अब युवा नशे के खिलाफ जंग लड़ेगा और जेजेपी युवा इकाई के कार्यकर्ता गांव- गांव में जाकर चिट्टा व अन्य नशा बेचने वालों का पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा की आज समाज में नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त करवाई की जरूरत है क्योंकि इसी नशे के कारण सामाजिक ताना बाना बिगड़ चुका है और युवा नशे की गर्त में डूबकर पतन की और जा रहे है जिन्हे सही मार्ग पर लाना सबका नैतिक फर्ज बनता है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक दलों को नशे के खिलाफ एक मंच पर इक्कठे हो जाये।

### सुडोकू 6302 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

## लगातार मलबा गिरने से आज भी चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग रहा बंद

**शिमला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में कल रात को पहाड़ी से भारी मलबा आने के कारण झलोगी के पास बंद हुआ चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बुधवार को भी नहीं खुल पाएगा। बुधवार सुबह मलबा हटाने के लिए मशीनरी तो मौके पर आ गई, लेकिन पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का सिलसिला दिन भर जारी रहा। इस कारण मलबा हटाने का कार्य नहीं किया जा सका। अभी भी यहां पर पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है।

प्रशासन की ओर कहा गया है कि मलबा गिराना बंद होने पर राहत कार्य शुरू हो सकता है। बड़े वाहन एक बार फिर से यहां पर फंस गए हैं, जबकि छोटे वाहनों को मंडी से कुल्लू वाया कटौला मार्ग से समयानुसार भेजा जा रहा है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि लगातार स्लाइडिंग होने के कारण मलबा हटाने में दिक्कतें आई। गुरूवार को फिर से मलबा हटाने का प्रयास किया जाएगा। इस लैंडस्लाइड के कारण ग्राम पंचायत भटवाड़ी के तउणा गांव पर खतरे के बादल मंडरा गए हैं। यह स्लाइड ऊपर गांव तक पहुंच गया है और वहां पर घरों में दरारें आ गई हैं। ग्राम पंचायत भटवाड़ी की प्रधान दीक्षा शर्मा ने बताया कि एसडीएम बालीचौकी और तहसीलदार औट ने मौके पर आकर लोगों को घरों को खाली करके सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा है। प्रशासन ने गांव वालों को हरसंभव मदद की बात भी कही है। इस गांव में 15 से 20 घर प्रभावित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि झलोगी के पास जहां यह लैंडस्लाइड हुआ है, वहां पर अब फोरलेन बन चुका है। हाल ही में यहां पर फोरलेन की 5 टनलों और एक फ्लाईओवर को यातायात के लिए शुरू किया गया था।

# गहलोत को चुनाव में सताने लगा हार का डर : जोशी

**जयपुर,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि उनका न्यायपालिका, संविधान और केंद्र सरकार पर दिया बयान उनकी हताशा, चुनाव में अपनी हार और अपनी सरकार की गलतियों को छिपाने और जनता को गुमराह करने का मकसद है। श्री जोशी ने बुधवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का न्यायपालिका पर इस तरह का बयान यह दर्शाता है कि संविधान और देश की न्याय व्यवस्था में इनका कोई विश्वास नहीं है क्योंकि यह प्रदेश की कानून व्यवस्था को संभालने में पूर्ण रूप से विफल रहे हैं।



उन्होंने कहा आप कहते हैं कि संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं जबकि आप संवैधानिक पद पर बैठे हैं और न्याय व्यवस्था पर प्रश्न उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जैसी संस्था में दखलंदाजी नहीं देने की बात करते हैं जबकि 600 से अधिक मामले मुख्यमंत्री की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण लंबित पड़े हैं और आरोपियों को फिर से वहीं पोस्टिंग दी जा रही है जहां उन्होंने भ्रष्टाचार किया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आरपीएससी में करोड़ों रुपए लेकर सदस्य बनाए जाते हैं जो पेपर लीक करवाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में प्रदेश की आर्थिक स्थिति सबसे अच्छी है, यह कहकर वह अपनी पीठ थपथपाना चाहते हैं लेकिन यह आर्थिक संपन्नता कहीं दिखाई क्यों नहीं देती। प्रदेश की बेरोजगारी की दर देश में सबसे अधिक क्यों है। चुनावी वादों के मुताबिक युवाओं को बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिला। किसानों की हालत आज भी दयनीय है। पिछले साढ़े चार वर्षों में उद्योग धंधों में भारी गिरावट आई है। बिजली की कीमत बढ़ाने से हजारों फैक्ट्रियां बंद हो चुकी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के लिए बोल रहे हैं कि देश को विश्व गुरु बनाने से पहले अपना घर संभाले। मुख्यमंत्रीजी आप राजस्थान संभाले, साढ़े चार साल में आपसे प्रदेश की व्यवस्थाएं नहीं संभल पाई।

श्री जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री चुनाव में फायदा लेने के लिए मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार की बात कर रहे हैं जबकि तुष्टिकरण की नीति के आधार पर यह सरकार काम कर रही है।

## महिला सुरक्षा व सम्मान से है रक्षाबंधन की सार्थकता : दीया

**जयपुर,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। सांसद दीया कुमारी ने रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि स्वयं की बहिनों की सुरक्षा के साथ महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करने का संकल्प लेकर इस पर्व को और सार्थक बनाया जा सकता है। सांसद दीया ने अपने बयान में आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनके प्रति पवित्र दृष्टिकोण रक्षाबंधन पर्व का मूल भाव है। उन्होंने नेशनल क्राइम ब्यूरो के रिकॉर्ड में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कठोर कानून आने के बाद भी अपराध की दर कम नहीं होने को देखते हुए रक्षाबंधन के अवसर पर महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति भी चिंतन करने आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक परम्पराओं के अनुरूप महिला अधिकारों की रक्षा एवं उनके प्रति सम्मान की भावना से ही महिला अत्याचार प्रकरणों में कमी लाई जा सकती है।

# शहरी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों में नियमों की अनदेखी न करें: कृषि मंत्री

**धर्मशाला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं पशु पालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कहा बुधवार को कहा कि शहरी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को लेकर नियमों की सख्ती से अनुपालना और विभागीय अधिकारियों को कारगर कदम उठाने चाहिए ताकि आपदा की स्थिति में जान माल के नुक्सान को कम किया जा सके।



श्री कुमार ने आज यहां धर्मशाला के मिनी सचिवालय में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आपदा प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक पहलु पर विचार जरूरी है तथा उसी के आधार पर योजनाओं का प्रारूप तैयार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बार बारिश के कारण राज्य में भारी नुक्सान हुआ है तथा राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से लोगों के राहत तथा पुनर्वास के लिए कारगर कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अब मानसून धीरे धीरे समापन की ओर है तथा अब सभी विभागीय अधिकारियों को अपने अपने विभागों से संबंधित परियोजनाओं की बहाली के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी उपायुक्तों तथा संबंधित विभागों को 165 करोड़ की धनराशि जारी की गई है ताकि प्रारंभिक तौर पर मुख्य मार्गों, पेयजल योजनाओं और विद्युत योजनाओं की बहाली सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भूकंप, भू-स्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के लिए अति संवेदनशील है और आपदा संबंधित जोखिम को कम करने के लिए ऐसी घटनाओं से प्राप्त डाटा का संकलन और इसकी निरंतर निगरानी पर भी ध्यान दिया जाएगा।

## प्रियंका गांधी करेंगी हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**शिमला,** 30 अगस्त (वार्ता) कांग्रेस महासचिव और वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी दस सितंबर से पहले हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर आपदा पीड़ितों से उनका दुख-दर्द सांझा करेंगी।

प्रियंका गांधी पहले भी तीन बार हिमाचल प्रदेश में आई त्रासदी के दौरान यहां आने का प्रयास कर चुकी हैं, लेकिन खराब मौसम और रेड अलर्ट घोषित होने के कारण वह नहीं आ सकीं।

बीते 21 अगस्त को प्रियंका के सोलन पहुंचने का कार्यक्रम तय हो गया था। उनकी सुरक्षा एवं सहयोगी टीम 20 अगस्त को सोलन पहुंच गई थीं। प्रियंका को भी दिल्ली से रवाना होना था, लेकिन 21 अगस्त को बारिश का रेड अलर्ट होने की वजह से उन्हें कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। अब प्रियंका गांधी का हिमाचल आने का कार्यक्रम फाइनल हो गया है। वह प्रदेश में आकर भारी बारिश व बादल फटने से हुए नुकसान का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगी। प्रियंका गांधी का हिमाचल प्रदेश से गहरा नाता है। वह समय-समय पर हिमाचल प्रदेश आकर लोगों से मिलती रहती हैं। प्रदेश के विकास को गति देने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में उनका योगदान रहता है।

# हिमाचल सरकार आखिर कब पूरी करेगी जनता को दी गई गारंटी : जयराम

**शिमला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार को बने नौ महीनें से ज़्यादा का समय हो गया है और अब तक एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया है। श्री जयराम ठाकुर ने आज यहां कहा कि रक्षा बंधन आ गया है मुख्यमंत्री प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरे नहीं किये है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश की माताओं बहनों को रक्षाबंधन के तोहफ़े के रूप में हर महिला को 1500 रुपए प्रति महीना देने की गारंटी पूरी करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे किए थे। प्रदेश के लोगों को दस गारंटिया भी दी थी। जिसमें से एक गारण्टी प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को हर महीनें 1500 रुपए देने की गारण्टी भी थी। कांग्रेस के सभी नेता जनता के बीच जाकर अपनी अपनी भाषा में 'घर में एक महिला होगी तो डेढ़ हज़ार, दो होगी तो तीन हज़ार, चार होगी तो छह हज़ार का नारा भी दिया था। हद तो तब हो गई थी जब कांग्रेस के नेताओं ने इसके लिए महिलाओं से फ़र्ज़ी फॉर्म भी भरवा लिए थे। हिमाचल की राजनीति में प्रदेश की जनता से इस तरह का छल आज तक किसी ने नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में जनता के साथ ऐसा धोखा आज तक किसी ने नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव में गारंटी देकर चुनाव जीतने के बाद उसे भूल जाने वालों को प्रदेश के लोग माफ़ नहीं करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद अपने सारे वादे, सारी गारण्टियां भूल गई लेकिन प्रदेश के लोग नहीं भूले और आज भी उनकी राह देख रहे हैं।



# राज्य में जलवायु परिवर्तन व आपदा तैयारियों के लिए 890 करोड़ का कार्यक्रम तैयार

**शिमला,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार ने राज्य में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और आपदा तैयारियों के दृष्टिगत 890 करोड़ रुपये का 'हिमाचल प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण और तैयारी कार्यक्रम' बनाया है। फ्रांसीसी विकास एजेंसी के सहयोग से तैयार यह कार्यक्रम अप्रैल, 2024 से आरंभ होगा और आगामी पांच वर्ष तक कार्यान्वित किया जाएगा।





मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए आपदा और जलवायु जोखिम में कमी लाना है। इसमें आपदाओं का सामना करने के लिए बुनियादी ढांचे को मज़बूत करना और शासन प्रणाली से संबंधित संरचनाओं का विस्तारीकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने के दृष्टिगत अग्रसक्रिय कदम उठाना समय की आवश्यकता है।

इस पंचवर्षीय योजना में कई प्रमुख घटक शामिल हैं, जिनमें आपदा जोखिम गवर्नेंस पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। इसमें संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाना, जोखिमों को गहराई से समझना और ज्ञान प्रबंधन को मज़बूत करने पर बल दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त आपदा तैयारियों को सुदृढ़ करना भी कार्यक्रम का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू है, जिसमें प्रभावी प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की स्थापना और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता में वृद्धि की जाएगी।

इस कार्यक्रम के संसाधनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शमन उपायों पर केन्द्रित किया जाएगा, जिसमें पारिस्थितिकी आधारित ईको-आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रकृति-आधारित समाधान शामिल हैं। इसका प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से पार पाने की दिशा में कार्य कर रहे विभिन्न विभागों को समर्पित निधि प्रदान की जाएगी।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इसमें हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) को मज़बूत करने के साथ-साथ राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना भी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, योजना में एक राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (ईओसी) और जिला-स्तरीय आपदा परिचालन केन्द्र भी स्थापित किए जाएंगे। सभी नदी घाटियों के लिए ग्रामीण स्तर पर जलवायु परिवर्तन भेद्यता आकलन (सीसीवीए) के साथ-साथ कांगड़ा में एक विशेष आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) कंपनी की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इसमें भूस्खलन, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, ग्लेशियरों के पिघलने से बनने वाली अस्थायी झीलों के कारण बाढ़ और बांध सुरक्षा के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का विकास भी शामिल है। बाढ़ पूर्वानुमान के लिए नेटवर्क में सुधार और जीआईएस-आधारित निर्णय सहायता प्रणाली आरंभ करना परियोजना का महत्त्वपूर्ण पहलू है।

## राजस्थान की बदहाली से बहुत डरावने हो गए हैं हालात : पूनियां

**जयपुर,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर राजस्थान की बदहाली का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके शासन में राजस्थान की बदहाली एवं अराजकता से बहुत डरावने हालात हो गये हैं। डा पूनियां ने कुचामन सिटी क्षेत्र में दो दलित युवकों की हत्या के मामले में अपनी प्रतिक्रिया में बयान जारी कर यह बात कही। उन्होंने कहा कि अक्सर थानों पर पंचलाइन लिखी होती है कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय, इसके उलट राजस्थान में हुआ है और अपराधों की लगातार फेहरिस्त बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सात हत्याएं प्रतिदिन यह राजस्थान की कांग्रेस सरकार के शासन की बानगी है, राजस्थान इस समय सर्वाधिक अपराधग्रस्त राज्य है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति ना घर में सुरक्षित है, ना सड़क पर सुरक्षित है, कुचामन क्षेत्र में जिस तरीके से कुचलकर दो नौजवानों की हत्या की गई, उस समाज का और शासन का एक दृश्य साफ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले कुछ अरसे से दलितों पर अत्याचार बढ़ने का जो क्रम है, उसमें 61 प्रतिशत अपराध दलितों पर हुए। राज्य में पौने पांच वर्षों में 11 लाख मुकदमों की बानगी यह स्पष्ट तौर पर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को पुख्ता करती है। डा पूनियां ने कहा कि राजस्थान सरकार के गृहमंत्री अशोक गहलोत की सरपरस्ती में जिस तरीके से कानून व्यवस्था की बदहाली हुई है, इससे समाज तो विचलित है ही लेकिन शासन की संवेदनाएं खत्म हो गईं, यह प्रतीत होता है।

# प्रादेशिकी

## रक्षाबंधन पर जेल में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**फर्रुखाबाद,**30 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी एवं विकास कुमार, पुलिस अधीक्षक द्वारा मय पुलिस बल जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जेल प्रबंधन की सराहना की गई। तलाशी में कोई निषिद्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। आगामी रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए सभी सुरक्षा उपकरण, पोल मेटल डिटेक्टर, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर 6, अग्निसमन यंत्र, 20 नग, सीसीटीवी सिस्टम, अलार्म सिस्टम इत्यादि को सिक्योरिटी ऑडिट के तहत जांच परख कर देखा। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने सभी सुरक्षा इंतजाम ठीक होने की बात कही। अभी जेल में 34 कैमरे लगे हैं जिनमे से 32 क्रियाशील हैं। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए जेल अधीक्षक ने जेल गेट के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल लगाए जाने हेतु निवेदन किया।

# तटबंधों व नदी के बीच बसे लोगों के लिए सरकार बनाएगी कॉलोनी : योगी

## मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जनपद बाराबंकी व गोंडा का किया दौरा

**लखनऊ/बाराबंकी/गोंडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों बाराबंकी और गोंडा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और स्थलीय सर्वेक्षण किया। साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों से भेंट की और राहत सामग्री का भी वितरण किया। सीएम योगी ने कहा कि आपदा के समय प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच मौजूद है और राहत और बचाव के लिए हर प्रकार से मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि तटबंध और नदी के बीच में जो लोग बसे हैं अगर वो इस पार बसना चाहें तो उनके लिए व्यवस्था की जाएगी। अगर सभी लोग तैयार हों तो सरकार की ओर से अच्छी कॉलोनी उनके लिए बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन नए स्थानों पर नदी का कटान हो रहा है उसके लिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि तत्काल मुकम्मल व्यवस्था की जाए।



- राहत व बचाव के लिए हर प्रकार से मदद की जा रही है
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई व स्थलीय सर्वेक्षण
- बाढ़ पीड़ितों से भेंट कर राहत सामग्री का किया वितरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दृष्टिगत सरकार की ओर से पहले ही तैयारियां कर ली गई थीं। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के साथ ही प्रभारी मंत्रियों और लखनऊ स्तर से अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश पहले ही दे दिए गए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 21 जनपदों के 721 ग्राम बाढ़ से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आने वाले समय में बाढ़ का स्थाई समाधान निकाला जाए।

### बाढ़ प्रभावितों से बातचीत कर व्यवस्था का हाल जाना

मुख्यमंत्री ने बाराबंकी में रामनगर तहसील के सूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत लालपुर कोरौता गांव में स्थापित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के साथ ही राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बाढ़ प्रभावितों से बातचीत कर मुख्यमंत्री ने व्यवस्था का हाल जाना। सीएम योगी ने कहा कि बाराबंकी के कुछ गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक-एक आवास उपलब्ध कराया जाएगा। आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हुए मकानों को भी मुआवजा उपलब्ध कराए जाएगा। उन्होंने बताया कि हर पीड़ित के लिए शासन की ओर से पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें आटा, चावल, आलू, अरहर की दाल, तेल, मिर्च, मसाले, साबुन, माचिस, महिलाओं के लिए डिग्निटी किट और बरसाती मुहैया कराई जा रही है। ये राहत सामग्री बाढ़ के दौरान हर 15 दिन पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता



**मवाना,**30 अगस्त (देशबन्धु)। बार एसोसिएशन मवाना के बैनर तले बुधवार को सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों की हड़ताल रख प्रदर्शन किया, वहीं हापुड़ अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले अफसरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। बार एसोसिएशन ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम अखिलेश यादव को दिया। मवाना अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन हापुड़ और बार एसोसिएशन गाजियाबाद का पूर्ण समर्थन किया है। मवाना बार एसोसिएशन ने एसडीएम को दिये ज्ञापन में मांग कि हापुड़ प्रियंका त्यागी व उनके पिता के खिलाफ दर्ज मुकदमें को तत्काल वापस लिया जाये, 48 घंटों में लाठीचार्ज करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तबादले किये जाये, घायल अधिवक्ताओं को तत्काल मुआवजा दिया जाये ताकि घायल अधिवक्ता अपना इलाज बेहतर करा सके। बार एसोसिएशन मवाना ने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे में प्रदेश सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती तो 3 सितम्बर 23 को बार काउंसिल के आदेशानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन**

# उप्र में बिजली चोरी करने वालों पर सरकार अपना रही सख्त रुख

## अधिक बिजली उपयोग करने वालों का ऑन द स्पॉट बढ़ेगा लोड

**लखनऊ,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। योगी सरकार उत्तर प्रदेश में न सिर्फ सुचारू बिजली आपूर्ति को लेकर प्रयास कर रही है, बल्कि बिजली चोरी पर भी सख्त रुख अपना रही है। इसी क्रम में सरकार ने निर्देश दिए हैं कि वो लोग जो कम लोड का बिजली कनेक्शन लेकर अधिक बिजली उपयोग कर रहे हैं, उन्हें उनके घर जाकर ऑन द स्पॉट अधिक लोड वाले कनेक्शन की स्वीकृति दी जाए। यही नहीं, सरकार की ये भी योजना है कि बिना कनेक्शन बिजली चोरी करने वालों पर न सिर्फ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, बल्कि उन्हें भी ऑन द स्पॉट बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इस पर सरकार जल्द ही एसओपी जारी कर कदम बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश में बिजली चोरी रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। इसी के तहत बिजली मित्र पोर्टल शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से लोग बिना अपनी आइडेंटिटी बताए बिजली चोरी की शिकायत कर सकते हैं। हजारों शिकायतें मिल चुकी हैं, जिन पर यूपीपीसीएल ने गंभीरता से कार्रवाई की है। पावर कारपोरेशन के प्रर्वतन दल की समीक्षा करते हुए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष गोयल ने कहा था कि बिजली व्यवस्था बेहतर करने के लिए विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश जरूरी है।

इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रवर्तन दलों के पास विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने तथा लोड बढ़ाने वाले फॉर्म रहें, जिससे ऑन द स्पॉट कनेक्शन दिए जा सकें। इस संबंध में अध्यक्ष ने बताया कि कम लोड का कनेक्शन लेकर अधिक लोड उपयोग कर रहे विद्युत उपभोक्ताओं का ऑन द स्पॉट लोड बढ़ाए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रवर्तन टीमें नियमानुसार इस पर कार्रवाई करेंगी। उन्होंने बिजली चोरी करने वालों को तत्काल कनेक्शन दिए जाने के मामले पर कहा कि बकायेदारों से वसूली के साथ ही उन्हें कनेक्शन देने की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। इस पर निर्णय लेकर जल्द ही एक विस्तृत एसओपी जारी की जाएगी, जिसके माध्यम से प्रवर्तन टीमें आसानी से कार्यवाही कर सकेंगी। साफ किया कि विच्छेदित कनेक्शन वाला कोई व्यक्ति बगैर वैध कनेक्शन स्वीकृत कराए बिजली का उपयोग न कर सके, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## सार संक्षेप

### जिलाधिकारी ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मतदाता सूची में जेण्डर रेशो, 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवा मतदाता, महिला मतदाता, ईपी रेशो की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि इस हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ एवं संबंधित कर्मचारियो के साथ बैठक कर चौक कराया जाए तथा ऐसे नाम जो मतदाता सूची से बाहर जोड़े जाने है, त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही डीएम ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि तहसील, ब्लॉक स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियो के साथ बैठक आहूत कर मतदाता सूची से अवगत कराया जाए तथा संवाद स्थापित करते हुए मतदाता सूची का सुदृढ़ीकरण एवं मतदाता प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु उनका सहयोग प्राप्त किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राहुल विश्वकर्मा, एसडीएम सदर ओजस्वी राज, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेटों ने खो-खो व कबड्डी खेली

**मवाना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज मवाना में बुधवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल महेश कुमार चौहान के निर्देशन में तथा एनसीसी अधिकारी विनय कुमारी के सहयोग से विभिन्न खेलकूद से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी के कैडेटों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने छात्राओं को बताया कि जो योग तथा खेलकूद को नियमित अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्हें किसी भी प्रकार की शारीरिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर मंजू रानी, आशा भारती, अनिता कुमारी, कविता रस्तोगी, रूबी सैनी, पूजा सिंह आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई सम्पन्न

## उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई



**मेरठ,**30 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम से संबधित बिन्दुओं पर बैठक में उपस्थित सहायक नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग में क्षेत्रों की कुल 5 सड़के रुपए 5.44 करोड़ ली जा रही है जिनमें टैण्डर आदि की प्रक्रिया शीघ्र निष्पादित कर सड़को का निर्माण शुरू कराया जायेगा। क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा द्वारा समिति को बताया गया कि मेरठ औद्योगिक क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलेपमेन्ट हेतु केंद्र सरकार द्वारा परतापुर इण्डस्ट्रियल एरिया/उद्योगपुरम् के लिए ऐस्टीमेटेड फण्ड की माँग की गई है।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में मौत के मुंह से निकले 25 लोग

**मवाना,**30 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र में बुधवार का दिन हादसों से भरा रहा। अलग-अलग क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर हुए हादसों में एक मौत कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुचीं थाना 108 ऐबुलेंस सेवा घायल को सीएचसी ले आई जहां कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया तो गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर भेज दिया।

वहीं पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज दिया। पहली घटना सुबह लगभग 4 बजे की है नेशनल हाईवे स्थित कौल बाईपास के समीप की है। जहां तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर में ईको चालक की मौत हो गई और ईकों सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ईको दिल्ली से नगीना जा रही थी। जब ईको नशेनल हाईवे स्थित कौल बाईपास के समीप पहुंची तो रामराज की और से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक सख्या युपी 15 डीटी से टक्कर हो गई। जिसमें ईको चालक 26 वर्षीय भारत की मौके पर ही मौत हो गई।




**बाईपास पर हुए दोनों हादसे**

जबकि ईको सवार 27 वर्षीय हरीओम पुत्र रामकुमार, 28 वर्षीय सोनू पुत्र जगदीस, 26 वर्षीय काले पुत्र अज्ञात, 5 वर्षीय अभि पुत्र हरीओम, 29 वर्षीय तेजपाल पुत्र रामपाल और सोनू पुत्र अज्ञात गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुचीं थाना पुलिस और 108 ऐबुलेंस घायल को सीएचसी ले आई जहां सभी की हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर मृतक भारत का शव पीएम के लिए भी दिया। दूसरी घटना भी नेशनल हाईवे पर पहली घटना से कुछ दूर की है।

मेरठ के शाहपीर गेट निवासी कपडे के व्यापरी बिजनौर जा रहे थे। तेज रफ्तार महेंद्रा पिकप गाड़ी का पिछला टायर पंचर होने से गाडी पटल गई। गाडी में सवार 30 वर्षीय मोहम्मद आमिर, 28 वर्षीय नौसाद, 25 वर्षीय महताब और 32 वर्षीय इमरान के साथ एक अन्य घायल हो गये। मौके पर चीख पुकार मच गई।

# शोभित में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**मेरठ,**30 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को शोभित विश्वविद्यालय में मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 70 यूपी बटालियन के कमांडेंट कर्नल पंकज मग्गू के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शोभित विश्वविद्यालय के सीनियर डिवीजन के 17 कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.जयानंद एवं कुल सचिव डॉ.गणेश भारद्वाज के द्वारा किए गए संबोधन के उपरांत प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ.कुलदीप कुमार रहे। कार्यक्रम में डॉ.अभिषेक डबास का विशेष योगदान रहा।

# प्राइवेट बस चलकों के खिलाफ की कार्रवाई करने की मांग

**मवाना,**30 अगस्त (देशबन्धु)। मेरठ परिवहन विभाग की अनदेखी एवं दलालों की सांठगांठ से नगर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन के बिना रोक-टोक संचालित प्राइवेट बस एवं टैंपो संचालकों में आपसी नोंक-झोंक एवं तनातनी आए दिन देखने को मिल रही है। दो दिन पहले किसान संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित के मवाना आगमन पर टैंपो संचालकों ने शिकायत पत्र देकर अवगत कराया था जिसकी सिफारिश एसडीएम अखिलेश यादव से कर समाधान कराने की मांग उठाई थी। संगठन की जिलाध्यक्ष पूजा जाटव ने टैंपो संचालकों को साथ लेकर एसडीएम अखिलेश यादव के कार्यालय में पहुंचे और कार्रवाई की मांग उठाई। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि परिवहन विभाग द्वारा बसों का परमिट चौक किया जाएगा। अवैध रूप से संचालित बसों को रोका जाएगा।

- टैंपो चालकों ने एसडीएम से की शिकायत
- एक माह से परेशान करने का लगाया आरोप, नहीं मिल रहीं सवारियां

बता दें कि रूट पर संचालित टैंपो संचालकों द्वारा प्राइवेट बस संचालकों द्वारा अभद्रता,मारपीट किए जाने के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई गई। हस्तिनापुर-मवाना एवं मेरठ रूट पर सवारियां लेकर चलने वाले टैंपो संचालकों प्राइवेट बस संचालकों द्वारा अभद्रता,मारपीट व सवारियां उतारने के विरोध में तहसील पहुंचकर एसडीएम मवाना अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई। संयुक्त किसान मजदूर संगठन की जिलाध्यक्ष पूजा जाटव के नेतृत्व में बुधवार को तहसील पहुंचकर लगभग दो दर्जन टैंपो संचालकों ने लिखित शिकायतपत्र सौंपते हुए एसडीएम अखिलेश यादव से कार्रवाई करने को कहा। बताया कि बीते कई महीनों से मवाना बिजनौर मेरठ तथा मवाना, मुज्जफरनगर के रूट पर चलने वाली प्राइवेट बसों के चालकों,परिचालकों व मुनीमों द्वारा उनके साथ गालीगलौच,मारपीट व अभद्रता करते हुए सभी सवारियों को जबरदस्ती उतार लिया जाता है तथा टैंपों को सीज कराए जाने की धमकियां दी जाती हैं।

# लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का किया प्रसारण

**मेरठ,**30 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री द्वारा कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में एनआईसी, कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी एवं अमरीश शर्मा प्रतिनिधि कैंट विधायक अमित अग्रवाल की उपस्थिति में जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित 13 बालिकाओं से संवाद करते हुए प्रमाण पत्र, मिष्ठान पैकेट इत्यादि वितरित करते हुए। इस दौरान लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं द्वारा प्रतिनिधि विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।



# एमपीएस के छात्र आभास का गोल्ड मैडल पर कब्जा

**मेरठ,**30 अगस्त (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल (मेंन विंग) के छात्र आभास राणा ने विश्व जूनियर आर्म् रेसलिंग प्रतियोगिता में देश का प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त कर सफलता के आकाश में देश का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करवाया मेरठ पब्लिक स्कूल (मेंन् विंग) के छात्र आभास राणा ने वर्ल्ड आर्म रेसलिंग फेडरेशन द्वारा अल्माटी-कजाकिस्तान में आयोजित 44वीं वर्ल्ड आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता 2023 में सब जूनियर पुरुष वर्ग में दाएं एवं बाएं दोनों हाथों की श्रेणी में देश का प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, माता-पिता अपितु संपूर्ण राष्ट्र का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करवा दिया। इससे पूर्व भारत एशिया कप में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर चुका है परंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश भारत को प्रथम स्वर्ण पदक दिलवाकर विद्यालय के छात्र आभास राणा ने सभी को गौरवान्वित किया है। आभास इस प्रतियोगिता के समापन के उपरांत भारतीय जूनियर टीम के साथ 3 सितंबर को भारत लौटेंगे।



- भारत के हिस्से में आया प्रथम स्वर्ण पदक, देश को किया गौरवान्वित
- कजाकिस्तान में आयोजित हुई थी वर्ल्ड आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता

**बैठक** *जनपद स्तरीय विकास, राजस्व कार्य व पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा*

# जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें अधिकारी : मीणा

**मेरठ,30 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनपद स्तरीय विकास कार्य, राजस्व कार्य एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों से कहा कि वह शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें, जनता से मधुर व्यवहार रखे, जनता की समस्याओ का निस्तारण प्राथमिकता पर व समय से कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजना एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।**

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा दिये गये निर्देशानुरूप प्रत्येक परिवार की फैमिली आईडी बनायी जानी है जिसको गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन करायी जानी है। एसडीएम, डीपीआरओ एवं संबंधित सभी विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर बैठक करते हुए लोगों को जागरूक करें तथा इस कार्यक्रम की लगातार समीक्षा की जाये तथा योजना से संबंधित पेम्पलेट तैयार कराते हुये उनका वितरण सुनिश्चित किया जाये तथा अधिक-अधिक जनहित में प्रचार-प्रसार किया जाये। जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुये बताया गया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ भगवान विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर 17 सितम्बर को किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों व कारीगरों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उन्नत किस्म के उपकरण एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान कर उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है। योजनान्तर्गत 18 पारंपरिक व्यवसायों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें बढ़ई, बोट मेकर (नौका बनाने वाले), शस्त्र बनाने वाले (आर्मरर), लौहार, टूलकिट मेकर, ताला मेकर, मूर्तिकार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी बुनकर, खिलौनी बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी फिसिंग नेटर मेकर को सम्मिलित किया गया है। इस अवसर सीडीओ शशांक चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस श्रुति शर्मा, अपर जिलधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, समस्त एसडीएम, सीएमओ डा. अखिलेश मोहन, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



- जिलाधिकारी ने जन कल्याणकारी योजना एवं निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश
- 17 सितम्बर को होगा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ

### प्राप्त धनराशि के अनुरूप शहर में होंगे विकास कार्य

इसी क्रम में जनपद की समस्त नगर पंचायत, नगर पालिका के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि प्राप्त धनराशि के अनुरूप शहर में जो भी विकास कार्य कराये जाने है जैसे-नए पार्क का विकास करना, वेन्डिंग जोन, स्ट्रीट लाईट, रेलिंग, एमआरएफसेंटर या इससे इतर ऐसे विकास कार्य जिससे अपने शहर को सुंदर रूप दिया जा सके कार्ययोजना तैयार कर जल्द से जल्द भेजी जाये जिससे की आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।


**पं0 दीन दयाल उपाध्याय मैनेजमेन्ट कॉलिज, 17, माल रोड, मेरठ कैन्ट**
**चुनाव सम्बन्धी सूचना एवं कार्यक्रम**

पं0 दीन दयाल उपाध्याय मैनेजमेन्ट कॉलिज, मॉल रोड, मेरठ कैन्ट की साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव सोसाइटी कार्यालय एसोसिएसन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ओ-पॉकेट, गंगानगर, मेरठ में निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा।

**कार्यक्रम**

| क्रमांक | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.09.2023 | प्रातः 10 बजे |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची की आपत्तियाँ | 09.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 3 | आपत्तियों का निस्तारण व वैध अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| 4 | प्रत्याशियों का नामांकन | 10.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 5 | (अ) नामांकन पत्रों की जाँच/समीक्षा | 10.09.2023 | दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (ब) वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 11.09.2023 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 6 | (अ) नाम वापसी | 11.09.2023 | दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक |
| | (ब) चुनाव चिन्ह् आवंटन | 11.09.2023 | दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक |
| | (यदि चुनाव आवश्यक हुआ) | | |
| 7 | (अ) मतदान | 12.09.2023 | प्रातः 8 बजे से |
| | (ब) मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | 12.09.2023 | मतदान के तुरन्त बाद |

नोटः कृपया चुनाव के लिए निम्न अभिलेखों में से कोई एक सुविधा के लिए अवश्य लाये- पहचान पत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/आधार कार्ड/बैंक पासबुक/किसान जोत बही/राशन कार्ड/भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो पहचान पत्र/पासपोर्ट लाना आवश्यक है। कृपया भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत जारी गाईडलाईन (सोशल डिस्टेसिंग आदि) का अनुपालन कर मतदान में प्रतिभाग करें।


(डॉ0 वी0 पी0 राकेश)
चुनाव अधिकारी

देशबन्धु | नई दिल्ली, गुरूवार, 31 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## राजस्थान की महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म

**जयपुर,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है, जिनमें दो लड़के और दो लड़कियां है। आयुष्मान अस्पताल की डॉ. शालिनी अग्रवाल ने बताया कि वजीरपुरा निवासी किरण कंवर (28) को रविवार रात 2 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसके परिजन अस्पताल लेकर आए। सुबह करीब छह बजे महिला का ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। अग्रवाल के मुताबिक, तीन नवजातों का वजन 1 किलो 350 ग्राम है, जबकि चौथे का वजन 1 किलो 650 ग्राम है। उन्होंने कहा, 'इन बच्चों को स्पेशल मॉनिटरिंग की जरूरत है। 1 किलो 350 ग्राम वजन वाले तीन बच्चों को सुरक्षा के लिए जनाना अस्पताल रेफर किया गया है। चौथे को उसकी मां के साथ रखा गया है।'

# बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क में पनपते परजीवी कीड़ा का पता चला



**कैनबरा,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क की सर्जरी करके, एक परजीवी कीड़े को निकाला है। मंगलवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गयी एएनयू और कैनबरा अस्पताल के एक प्रमुख संक्रामक रोग विशेषज्ञ संजय सेनानायके ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि महिला (64) को तीन सप्ताह से पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। जिसके बाद, उन्हें वर्ष 2021 में दक्षिण–पूर्व न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी थी**

पेट संबंधी बीमारी के इलाज के बाद, महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी। जब वह कैनबरा अस्पताल के एक न्यूरोसर्जन के पास गयी, तब उन्होंने एमआरआई स्कैन किया। इसमें मस्तिष्क के दाहिने हिस्से में एक जीवित परजीवी कीड़े को पनपते देखा। उन्होंने महिला के मस्तिष्क की सर्जरी की। डॉक्टरों ने परजीवी कीड़े की पहचान आठ सेमी का ओफिडास्करिस रोबर्टसी राउंडवॉर्म के रूप में की। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) और कैनबरा अस्पताल के शोधकर्ताओं ने परजीवी राउंडवॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। एएनयू के अनुसार, इस तरह का परजीवी अजगर में पाया जाता है।

अध्ययन में अनुमान लगाया गया कि मरीज महिला संभवतः देशी घास को छूने या खाने से संक्रमित हुआ थी, जिसमें एक कालीन अजगर ने परजीवी को छोड़ दिया था। गौरतलब है कि महिला अभी भी संक्रामक रोग और मस्तिष्क विशेषज्ञों की निगरानी में बनी हुई है।

# यूट्यूब ने नियम उल्लंघन के कारण भारत में प्लेटफॉर्म से हटाए 19 लाख वीडियो



**गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने 'कम्युनिटी गाइडलाइन्स' का उल्लंघन करने के चलते जनवरी और मार्च 2023 के बीच भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 1.9 मिलियन से ज्यादा वीडियो हटा दिए हैं**

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने 'कम्युनिटी गाइडलाइन्स' का उल्लंघन करने के चलते जनवरी और मार्च 2023 के बीच भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 1.9 मिलियन से ज्यादा वीडियो हटा दिए हैं। विश्व स्तर पर वीडियो–स्ट्रीमिंग जायंट ने नियम उल्लंघन के लिए 6.48 मिलियन से ज्यादा वीडियो हटा दिए। कंपनी ने इसी अवधि में 8.7 मिलियन से ज्यादा चैनलों को हटा दिया, जिन्हें यूट्यूब की स्पैम पॉलिसी का उल्लंघन करने के लिए समाप्त कर दिया गया था, जिनमें स्कैम, मिसलिडिंग मेटाडेटा या थंबनेल और वीडियो और कमेंट्स स्पैम शामिल थे, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं थे।

यूट्यूब ने 853 मिलियन से ज्यादा कमेंट्स भी हटा दिए, जिनमें से अधिकतर स्पैम थे। यूट्यूब ने बुधवार को कहा, 'पिछले कुछ सालों में, हमने यूट्यूब कम्युनिटी की सुरक्षा के लिए आवश्यक पॉलिसी और प्रोडक्ट्स में भारी निवेश किया है। आज, ज्यादातर क्रिएटर्स विश्वास के साथ पॉलिसी के तहत कंटेंट अपलोड करते हैं। हमारा मानना है कि शैक्षिक प्रयास उन क्रिएटर्स की संख्या को कम करने में सफल हैं जो अनजाने में हमारी पॉलिसी का उल्लंघन करते हैं। कंपनी के अनुसार, यूट्यूब द्वारा हटाए गए 93 प्रतिशत से अधिक वीडियो पहले इंसानों के बजाय मशीनों द्वारा चिह्नित किए गए थे। मशीनों द्वारा पहचाने गए वीडियो में से, 38 प्रतिशत को एक बार देखने से पहले ही हटा दिया गया था, और 31 प्रतिशत को हटाने से पहले एक से 10 बार देखा गया था। 2019 में, यूट्यूब ने पॉलिसी उल्लंघन के लिए चेतावनी देना शुरू कर दिया, जिससे क्रिएटर्स को कार्रवाई का सामना करने से पहले रिव्यू करने का मौका मिला कि क्या गलत हुआ। चेतावनी प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक क्रिएटर्स कंपनी की पॉलिसी का उल्लंघन नहीं करते हैं।

इसके अलावा, यूट्यूब की सुरक्षा करने वाली पलिसी और सिस्टम को संरक्षित करने के लिए, कंपनी ने क्रिएटर्स के लिए 'एजुकेशनल ट्रेनिंग कोर्स' शुरू किया है।

यूट्यूब ने कहा, 'आज से, क्रिएटर्स के पास कम्युनिटी गाइडलाइन्स संबंधी चेतावनी मिलने पर एजुकेशनल ट्रेनिंग कोर्स' लेने का विकल्प होगा। ये रिसोर्सेज क्रिएटर्स को यह समझने के नए तरीके प्रदान करेंगे कि वे भविष्य में हमारी पॉलिसी का उल्लंघन करने वाले कंटेंट अपलोड करने से कैसे बच सकते हैं।

## मेटा ने चाइनीज प्रोपेगंडा कैपेंन से जुड़े 7000 से ज्यादा फर्जी अकाउंट्स को हटाया



सैन फ्रांसिस्को। मेटा ने चाइनीज प्रोपेगंडा कैपेंन को जुड़े हजारों फेसबुक और कई इंस्टाग्राम अकाउंट हटा दिए हैं। मेटा ने कुल मिलाकर 7,704 फेसबुक अकाउंट, 954 पेज, 15 ग्रुप और 15 इंस्टाग्राम अकाउंट हटा दिए, जिससे यह कंपनी द्वारा अब तक खोजे गए फर्जी अकाउंट के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक बन गया। टेक दिग्गज के अनुसार, फर्जी अकाउंट्स ने चीन समर्थक संदेश फैलाने की कोशिश की, जिसमें चीन और उसके प्रांत शिनजियांग के बारे में सकारात्मक टिप्पणी और अमेरिका, पश्चिमी विदेश नीतियों और पत्रकारों और शोधकर्ताओं सहित चीनी सरकार के आलोचकों की आलोचना शामिल थी। मेटा ने मंगलवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, 'हमने हाल ही में हजारों अकाउंट और पेज हटा दिए हैं जो दुनिया में सबसे बड़े क्रॉस–प्लेटफॉर्म सीक्रेट इन्फ्लुएंस ऑपरेशन का हिस्सा थे। इन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), यूट्यूब, टिकटॉक, रेडिट, पिनटेरेस्ट, मीडियम, ब्लॉगस्पॉट, लाइवजर्नल, वीकॉन्टैक्टे, वीमियो और दर्जनों छोटे प्लेटफॉर्म और फोरम शामिल हैं।

## 'जवान' के ट्रेलर लॉन्च और रिलीज से पहले शाहरुख खान ने किए माता वैष्णो देवी के दर्शन



**मुंबई,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। अपनी अपकमिंग फिल्म 'जवान' की रिलीज से पहले सुपरस्टार शाहरुख खान वैष्णो देवी मंदिर के दरबार पहुंचे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर में एक्टर ने पूजा–अर्चना की। वह मंगलवार देर रात मत्था टेकने के लिए दरबार पहुंचे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्टर वैष्णो देवी में ब्लू जैकेट पहने और अपना चेहरा पूरी तरह से ढके हुए नजर आ रहे हैं। क्लिप में वैष्णो देवी मंदिर के पुलिस अधिकारी नजर आ रहे हैं। इनके अलावा, स्टार के प्राइवेट स्टाफ को भी देखा जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब शाहरुख ने मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, पिछले साल दिसंबर में उन्होंने वैष्णो देवी का दौरा किया था। 'जवान' एटली द्वारा निर्देशित गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह–निर्मित रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति है। यह फिल्म 7 सितंबर, 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।


# दक्षिण कोरिया में जनसंख्या में आई गिरावट




**सियोल,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में जून में जनसंख्या में कमी आई है, क्योंकि प्रजनन दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। सांख्यिकी कोरिया की मासिक रिपोर्ट के अनुसार, जून में केवल 18,615 बच्चे पैदा हुए, जो एक साल पहले की तुलना में 1.6 प्रतिशत कम है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया में लगातार 91 महीने से जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या में गिरावट आई है। इसके विपरीत, बढ़ती आबादी के बीच देश में मौतों की संख्या इस अवधि में 7.6 प्रतिशत बढ़कर 26,820 हो गई। जन्म से अधिक मौतों की प्रवृत्ति लगातार 44 महीनों से जारी है। देश की कुल प्रजनन दर, एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या, 2023 की दूसरी तिमाही में 0.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई, जो एक साल पहले की तुलना में 0.05 कम है। यह 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से बहुत कम है, जो दक्षिण कोरिया की जनसंख्या को 51 मिलियन पर स्थिर रखेगा। आंकड़ों से पता चला कि इस अवधि में विवाहों की संख्या 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,053 हो गई। यह वृद्धि तब हुई, जब उन जोड़ों ने, जिन्होंने कोविड–19 महामारी के दौरान अपनी शादियों में देरी की थी, आखिरकार शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया। इस अवधि में तलाक के मामलों में भी 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 7,791 मामले सामने आए। दूसरी तिमाही में, जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत कम होकर 56,087 हो गई।

अप्रैल–जून की अवधि में मौतों की संख्या 83,359 रही, जो इसी अवधि में 7.9 प्रतिशत की गिरावट है। इन आंकड़ों के कारण जनसंख्या में 27,272 की कमी हुई।

# अपनी बहन नुपुर सेनन के साथ रक्षाबंधन मना रही कृति सेनन



**मुंबई,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी बहन नुपुर सेनन के साथ रक्षाबंधन मना रही हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि उनके बीच कितना झगड़ा और बहस होता था। लेकिन, उनके बीच एक मजबूत और अटूट बंधन है। इंस्टाग्राम पर कृति सेनन ने अपने यूट्यूब वीडियो की एक रील पोस्ट की, जहां दोनों अपने रिश्ते के बारे में बताती हैं, साथ ही दोनों बहनें एक–दूसरे को 'हैप्पी राखी' की शुभकामनाएं देती हैं। कृति सेनन ने कैप्शन दिया: 'द सेनन सिस्टर्स!!' दोनों ने अपने रिश्ते का एक मोंटाज शेयर किया। कृति सेनन वीडियो में कहती हैं, 'सुबह वास्तव में मज़ेदार थी, क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा था कि 'ओह, आज हम एक साथ शूटिंग कर रहे हैं'! नूपुर सेनन ने कहा, 'मैं जल्दी चली गई और उनके दादा ने कहा, 'आप इतनी जल्दी जा रहे हो? क्यों? तो मैंने कहा 'मुझे टाइम से पहुंचना है।' इसलिए उन्होंने शूटिंग के लिए अलग–अलग कार में सफर किया। नूपुर ने खुलासा किया कि उन्होंने यह सब सिर्फ इसलिए प्लान किया, क्योंकि उसे अपनी बहन के साथ राइडिंग करना पसंद नहीं है क्योंकि वह उसे अपने पंजाबी सॉन्ग सुनने नहीं देती है।

अपने शूट के बारे में बात करते हुए, कृति ने कहा, 'आप जानते हैं कि यह कभी–कभी वास्तव में परेशान करने वाला होता है, लेकिन अंत में मुझे अभी भी उनके साथ

## झाला का पांचवां हास्य व्यंग्य संग्रह 'हास्यम् लास्यम्' वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुआ दर्ज



**जयपुर,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। देश के लोकप्रिय हास्य कवि संजय झाला का पांचवां हास्य व्यंग्य संग्रह 'हास्यम् लास्यम्' वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। हास्य आधारित यह संग्रह पहली बार तीन भाषाओं संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी में एक साथ प्रकाशित हुआ है। सिंपली जयपुर द्वारा प्रकाशित संग्रह के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के राज्य प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने संस्कृत दिवस के अवसर पर बुधवार को लेखक संजय झाला सहित वरिष्ठ संस्कृत विद्वानों को रिकॉर्ड संबंधी प्रमाण पत्र सौंपा। जयपुर के श्याम नगर स्थित विश्वगुरु दीप आश्रम द्वारा 'हास्यम् लास्यम्' के आलोक में संस्कृत भाषा में नवाचार—नवोन्मेष पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रपति सम्मानित प्रो. बनवारी लाल गौड़ ने कहा कि पुस्तक में वेद वाक्यों की अनुकृति, भाष्य शैली और उपनिषदों—पुराणों की प्रश्नोत्तर शैली में श्री झाला ने हास्य की संरचना की है जो नई पीढ़ी के लिए आवश्यक थी। राष्ट्रपति सम्मानित प्रो. दयानंद भार्गव ने कहा कि असहिष्णुता के दौर में हास्य—व्यंग्य लिखना सर्वाधिक कठिन काम है। सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे उक्ति का झाला ने बखूबी निर्वाह किया है। सिंपली जयपुर की अंशु हर्ष ने कहा कि सोशल मीडिया और युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए शॉर्ट्स और रील्स की तरह की गई यह रचना है।

## इसरो का सूर्य मिशन प्रगति पर, शनिवार को होगा प्रक्षेपण



**चेन्नई,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष स्पेस केन्द्र से दो सितंबर को सूर्य के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किये जाने वाले पहले मिशन की तैयारी प्रगति पर है और इसके लांच करने का पूर्वाभ्यास पूरा कर लिया गया है। इसरो ने बताया कि आदित्य–एल1 उपग्रह सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष आधारित भारतीय वेधशाला होगी। इसे शनिवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च वाहन पीएसएलवी–सी57 से प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन की आंतरिक जांच भी पूरी कर ली गई है। सूर्य मिशन को लेकर इसरो ने एक पोस्ट में कहा प्रक्षेपण की तैयारी प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्षेपण अभ्यास वाहन की आंतरिक जांच पूरी हो गई है। उल्लेखनीय है कि यह दस दिनों की छोटी अवधि में भारत द्वारा दूसरा प्रमुख अंतर–ग्रहीय अन्वेषण होगा। चंद्रयान –3 ने 23 अगस्त को चंद्रमा के अंधेरे वाले हिस्से सफलतापूर्वक उतरकर और लैंडर मॉड्यूल से निकलकर वहां से रोवर चंद्र सतह का रासायनिक विश्लेषण करना शुरू कर दिया है तथा चंद्रमा की तस्वीरें भेज रहा है।

## पुष्पा 2- द रूल से अल्लू अर्जुन का लुक रिलीज




**मुंबई,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2– द रूल से उनका लुक रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा– द राइज' वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई थी। फिल्म में अल्लू अर्जुन ने अपने अवतार से फैंस का दिल जीत लिया था। 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा– द राइज' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। अब वह फिल्म की सीक्वल पुष्पा 2– द रूल लेकर आ रहे हैं। पुष्पा 2– द रूल से अल्लू अर्जुन का लुक रिलीज हो गया है। फोटो में अल्लू अर्जुन शान से ट्रक के सामने खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उनका स्वैग ऑन–पॉइंट है। अल्लू अर्जुन सोने की ज्वेलरी से लदे हुए हैं। अर्जुन का नया लुक देखकर उनके फैंस काफी खुश हैं। साउथ के ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला वियबालन के मुताबिक, पुष्पा 2– द रूल 22 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

# विजय पर्व के तौर पर बुंदेली मनाते हैं रक्षाबंधन



**महोबा,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भाई–बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार देश दुनिया मे सावन की पूर्णिमा को मनाया जाता है लेकिन बुंदेलखंड में यह दूसरे दिन विजय पर्व के रूप में आयोजित होता है। इस दौरान बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती है और कजली का विसर्जन भी करती है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड में त्योहारों को लेकर प्रचलित मान्यताओं और परंपराओं में राखी के पर्व का खास महत्व है। रक्षा सूत्र के रूप में यहां यह एक बहन द्वारा भाई की कलाई में बांधा जाने वाला धागा न होकर राष्ट्र के मान,सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। जिसमें बारह सौ वर्ष पूर्व दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान द्वारा उतपन्न किये गए संकट को महोबा के शूरवीर योद्धाओं आल्हा, ऊदल, ढेबा, मलखान आदि ने अपने शौर्य और पराक्रम से कीरत सागर के महत्वपूर्ण युद्ध मे विजय.श्री हासिल करके न सिर्फ चन्देलों की आन–बान–शान को बहाल रखा था बल्कि चन्देल साम्राज्य की यश कीर्ति का परचम चारो ओर फहरा दिया था। 841 साल पुरानी इस घटना की यादगार में आज भी महोबा एवं आसपास के क्षेत्र में रक्षा बंधन का त्योहार मनाए जाने की परंपरा है। जगनिक शोध संस्थान के सचिव डा वीरेंद्र निर्झर कहते है कि 'भुजारियों की लड़ाई' शीर्षक से इतिहास में प्रमुख अध्याय के रूप में दर्ज यह घटना सन 1182 ई की है,जब माहिल के उकसाने पर दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान ने महोबा पर आक्रमण कर दिया था। उसने तब चन्देल राजा परमाल को सूचना भेज युद्ध रोकने के बदले में नोलखा हार,लोहे को छुलाते ही स्वर्ण में बदल देने वाली पारस पथरी और राजकुमारी चंद्रावल का डोला समेत पांच प्रमुख चीजें भेंट स्वरूप भेजने की मांग रखी थी।

मातृभूमि पर आए संकट की सूचना पाकर कन्नौज में निर्वासित जीवन बिता रहे आल्हा.ऊदल का खून खौल उठा था। उन्होंने अपने चुनिंदा सैनिकों के साथ आनन.फानन में महोबा पहुंच पृथ्वीराज की सेना से भीषण युद्ध लड़ा और उसे बुरी तरह पराजित करके खदेड़ दिया था।

## महोबा में पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का लिया संकल्प

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा में पर्यावरण प्रेमियों ने बुधवार को रक्षाबंधन का त्योहार अनूठे अंदाज में पेड़ों को राखी बांध उनकी सुरक्षा का संकल्प लेकर मनाया। सावन की पूर्णिमा के मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आज तड़के यहां गोरखगिरी धाम की परंपरागत परिक्रमा भजनकीर्तन के साथ श्रद्धा और उल्लास के माहौल में पूर्ण की। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे एवं वृद्ध भी इसमें सम्मलित रहे। इस दौरान करीब पांच किलोमीटर के परिक्रमा मार्ग में स्थित वृक्षों को राखी बांध कर लोगों ने उनके संरक्षण का संकल्प लिया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि पेड़ पर्यावरण के रखवाले है। इनका मानव से सृष्टि की रचना के समय से ही सम्बन्ध है। मत्स्य पुराण में एक पेड़ दस पुत्र समान की सूक्ति देकर इनकी महत्वता को इंगित किया गया है। यही वजह रही है कि बुंदेली समाज ने पेड़ो के संरक्षण कार्यक्रम में रक्षाबंधन को शामिल करके इस त्योहार को मनाया। संगीत साधक सिद्ध गोपाल सेन ने बताया कि महोबा का गोरखगिरी धाम की प्रमुख धार्मिक क्षेत्र के रूप में मान्यता स्थापित हुई है। यहां प्रत्येक पूर्णमासी को परिक्रमा के लिए भारी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटती है।

## ग्रामीणों के लिए तेंदुआ बना खिलौना



- ग्रामीण तेंदुआ के साथ पालतू जानवर जैसा व्यवहार करते रहे
- सेल्फी भी लेने से नहीं चूके लोग


**देवास,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक तेंदुआ ग्रामीणों के लिए खिलौना बन गया और वे उसके साथ पालतू जानवर जैसा व्यवहार करते रहे, सेल्फी भी लेने से नहीं चूके। मामले की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और तेंदुआ को अपने कब्जे में लिया। मंगलवार शाम सोनकच्छ के पीपलरावा थाना क्षेत्र के इकलेर माताजी गांव की झाड़ियों में ग्रामीणों को तेंदुआ नजर आया। पहले तो वे उसे देखकर घबरा गए, लेकिन तेंदुए को सुस्त हालत में पाया तो वे उसे तंग करने लगे। ग्रामीणों ने तेंदुए को गांव में घुमाया। सभी ने उसके साथ सेल्फी ली और उसे सहलाते रहे। गांव में तेंदुआ होने की जानकारी वन विभाग को मिली, तो वन अमला मौके पर पहुंचा और तेंदुए को अपने कब्जे में लिया।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर**

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## गैर-बासमती चावल की फंसी निर्यात खेप के लिए नियम संशोधित, निर्यातकों को राहत

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी संबंधी नियमों में कुछ नये संशोधन किये हैं ताकि पिछले निर्णयों के कारण बंदरगाहों पर फंसी निर्यात की खेप दूसरे देशों के उनके विभिन्न गंतव्य के लिए आगे बढ़ायी जा सके ।

चावल निर्यातकों ने कहा है कि इस संबंध में मंगलवार को जारी अधिसूचना से उन्हें बड़ी राहत मिली है और इसके लिए उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया है । नेशनल राइस एक्सपोर्ट फेडरेशन (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम गर्ग ने कहा कि सरकार के नये निर्णय से निर्यातकों की कुल करीब 1.5 लाख टन चावल की खेप अब निकल जाएगी जो विभिन्न बंदरगाहों पर फंसी हुई थी । विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी द्वारा 29 अगस्त को जारी अधिसूचना में गैर बासमती चावल पर पाबंदी के लिए 20 जुलाई, 2023 की को जारी अधिसूचना में संशोधन करते हुए नया प्रावधान यह किया गया है। इससे 20 जुलाई को पाबंदी लागू होने के दिन एक निश्चित समय के पहले तक बंदरगाहों पर पहुंच



चुके माल की खेप को निर्यात के लिए अब जारी किया जा सके ।

अधिसूचना में कहा गया है कि यदि (1) - गैर-बासमती चावल की निर्यात के लिए निकली खेप 20 जुलाई, 2023 को रात 21 बजकर 57 मिनट एक सेंकेड से पहले सीमा शुल्क विभाग की कंप्यूटर प्रणाली में दर्ज हो चुकी थी या उस समय तक सीमा शुल्क केंद्र में प्रवेश कर गयी थी और उसका तिथि तथा समय सहित पुष्ट प्रमाण है तो उसका 30 अक्टूबर तक निर्यात किया जा सकता है। (2) ऐसे माल जिस पर पाबंदी की उस तिथि को रात 21 बज कर 57 मिनट से पहले निर्यात शुल्क का भुगतान हो चुका हो उसके निर्यात की भी छूट होगी। पाबंदी से पहले गैर बासमती चावल का निर्यात नियंत्रित करने के लिए 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगा हुआ था।

गौरतलब है कि चावल की कीमतों में तेजी को देखते हुए सरकार ने जुलाई में गैर-बासमती सफद चावल के निर्यात पर रोक लगा दी थी। सरकार ने उसके बाद एक निश्चित दर से कम भाव वाले बासमती चावल का निर्यात भी रोक दिया है क्यों कि उसने देखा था कि कुछ निर्यातक वैश्विक बाजार में तेजी का फायदा उठाते हुए बासमती के नाम पर गैर बासमती चावल बाहर भेजने लगे थे। डॉ गर्ग ने बासमती चावल पर लागू किए गए 1200 डालर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य को घटा कर 1000 डालर करने की मांग भी की है ।

आईआरईएफ के अध्यक्ष डॉ गर्ग ने सरकार का धन्यवाद करते हुए एक बयान में कहा, इस फैसले से भारत के चावल व्यापारी, चावल मिल मालिक, चावल निर्यातक, ट्रांसपोर्टर, पैकिंग सामग्री वाले, क्लियरिंग हाउस एजेंट, किसान एवं मजदूर भाई सभी को फायदा हुआ है और सबने बड़ी राहत की सांस ली है। डॉ गर्ग का अनुमान है कि आगे दो-तीन महीनों के अंदर जो चावल की नयी फसल बजार में आने पर बाजार शांत होगा। उन्होंने कहा, 'हम दोबारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के लिए सरकार का कोटि कोटि धन्यवाद करते हैं। हमें उम्मीद है कि भारत सरकार चावल के मुक्त व्यापार (निर्यात) को दोबारा से खोलेगी।

## देश के अधिकांश शहरों में पहली तिमाही में घर हुए महंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद जैसे आठ प्रमुख महानगरों सहित 50 बड़े शहरों में से 43 में घरों की कीमत तेज हुई। यह तथ्य राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) द्वारा बुधवार को जारी आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक पहली तिमाही में कोलकाता, मुंबई और पुणे में भी संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। एनएचबी रेसिडेक्स नामक आवास मूल्य सूचकांक तिमाही आधार पर चुनिंदा 50 शहरों में आवासीय संपत्तियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर निगाह रखता है। इस सूचकांक के लिए तुलना का आधार वित्तीय वर्ष 2017-18 की कीमतों को रखा गया है। बुधवार इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के आठ प्रमुख शहरों में प्राथमिक आवासीय बाजारों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी कहीं एक प्रतिशत से कम तो कहीं नौ प्रतिशत तक देखी गई। इनमें अहमदाबाद में कीमतों में वार्षिक आधार पर 9.1 प्रतिशत, बेंगलुरु (8.9 प्रतिशत), चेन्नई (1.1 प्रतिशत), दिल्ली (0.8 प्रतिशत), हैदराबाद (6.9 प्रतिशत),



कोलकाता (7.8 प्रतिशत) , मुंबई (2.9 प्रतिशत), और पुणे में (6.1 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गयी।

बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से एकत्रित 50-शहरों की आवासीय संपत्तियों के मूल्यांकन के आंकड़ों के आधार पर तैयार एचपीआई सूचकांक में वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में वृद्धि सात प्रतिशत थी। अलग अलग शहरों में आवास की कीमतों में बदलाव का अनुपात अलग-अलग है। उदाहरण के लिए इस दौरान गुरुग्राम में कीमतें सालाना आधार पर 20.1 प्रतिशत ऊंची हुई हैं जबकि लुधियान में प्राथमिक आवासीय सम्पत्तियों के भावों में एक साल पहले की तुलना में 19.4 प्रतिशत की गिरावट रही।

## अधिकांश कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अच्छा महसूस नहीं करते : सर्वे

बेंगलुरु, 30 अगस्त, (वार्ता) भारतीय संस्थानों में काम करने वाले केवल 24 प्रतिशत कर्मचारी ही अपने कार्यस्थलों पर काफ़ी अच्छा महसूस करते हैं। भारतीय व्यवसायों में काम करने वाले कर्मचारियों में तीन-चौथाई से ज़्यादा ने कम अच्छा महसूस होने की बात कही है। हालाँकि, कार्यस्थल पर कम खुशहाली केवल भारत में ही नहीं है। यह समस्या पूरे विश्व की है। इनडीड और फॉरेस्टर कंसल्टिंग द्वारा जारी एक संयुक्त रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। सर्वे के मुताबिक़ भारतीय संस्थानों में खुशहाल कर्मचारियों की संख्या वैश्विक औसत- 25 प्रतिशत के लगभग बराबर है। वर्क वेलबीइंग इन इंडिया 2023 रिपोर्ट हाउ थ्राइविंग पीपल क्रिएट थ्राइविंग कंपनीज़ शीर्षक की इस रिपोर्ट का उद्देश्य कर्मचारियों की खुशहाली मापने और नौकरी के प्रदर्शन, कार्यस्थल उत्पादकता एवं संगठनों में कर्मचारी के रिटेंशन लेवल आदि पर उनके प्रभाव को पहचानना था। ज़्यादा अच्छा महसूस करने वाले कर्मचारियों को 'कार्यस्थल पर खुशहाल' माना जाता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में वैलनेस रिसर्च सेंटर के अनुसार, ऐसे कर्मचारी निम्नलिखित गुण या अनुभव प्रदर्शित करते हैं - नौकरी से अत्यधिक संतुष्ट, काम को लेकर बहुत कम तनाव, अत्यधिक सकारात्मकता/खुशी, और संस्थान में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट उद्देश्य। सर्वे में शामिल 67 प्रतिशत से ज़्यादा कर्मचारियों ने माना कि कार्यस्थल पर उनकी खुशहाली की ज़िम्मेदारी उनके नियोक्ता की है। ऐसे कार्यस्थलों में समावेशिता की भावना, स्वीकृति, सम्मानजनक बातचीत और सहयोगपूर्ण मैनेजर्स की उपस्थिति जैसी विशेषताएँ होती हैं। अधिकांश




कर्मचारियों (93प्रतिशत) ने कहा कि उनका मैनेजर सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व प्रदर्शित करता है, 87प्रतिशत ने बताया कि उनका मैनेजर उदाहरण द्वारा नेतृत्व करता है। लेकिन यदि भारत में कार्यस्थल की संस्कृति पर किए गए मुख्य अध्ययनों को देखें तो इस तरह के उदाहरण बहुत कम हैं। सर्वे में शामिल 69प्रतिशत कर्मचारियों के मुताबिक़ उनके संगठनों में वरिष्ठ नेतृत्व उनसे चाहता है कि वो अपने निर्धारित दायित्वों से बढ़कर काम करें।

इनडीड इंडिया के विक्रय प्रमुख शशि कुमार ने कहा, कार्यस्थल पर खुशहाली हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, फिर चाहे हम रिमोट काम करें या ऑफिस में। हमारे द्वारा किए गए अध्ययनों में सामने आया है कि आगे चलकर कार्यस्थल पर खुशहाली के ऊपर ज़्यादा ज़ोर दिया जाएगा। सर्वे में खुशहाली को लेकर कर्मचारियों के दृष्टिकोण में स्पष्ट पीढ़ीगत परिवर्तन देखने को मिलता है। 18 से 26 साल के जेन ज़ी समूह (20प्रतिशत) अपने के ज़्यादा उम्र के मिलेनियल्स (24प्रतिशत) और जेन-एक्स (27प्रतिशत) की तुलना में कम खुशहाल कर्मचारी हैं। ज़्यादा उम्र के कर्मचारी कर्मचारियों की खुशहाली को प्राथमिकता देने के मामले में अपने नियोक्ताओं की क्षमता पर भी ज़्यादा भरोसा करते हैं। 67प्रतिशत जेन ज़ी कर्मचारियों का मानना है कि उनके नियोक्ता खुशहाली और कल्याण को व्यवसायिक सफलता से जोड़ते हैं। मिलेनियल्स और जेन-एक्स के मामले में ये आंकड़े 78प्रतिशत और 74प्रतिशत थे।

## शेयर बाजार सपाट

**मुंबई** 30 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद आज शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई) के निफ़्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, दिग्गज कंपनियों के मुक़ाबले मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.55 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,207.87 अंक और स्मॉलकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36,851.14 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2302 में लिवाली जबकि 1343 में बिकवाली हुई वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 30 कंपनियां तेजी जबकि 21 गिरावट पर रही। बीएसई के चौदह समूहों में लिवली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.63, सीडी 1.03, एफ एम सी जी 0.53, हेल्थ केयर 0.20, इंडस्ट्रियल्स 0.42, आईटी 0.71, दूरसंचार 1.40, ऑटो 0.68, कैपिटल गुड्स 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.72, रियल्टी 1.38, टेक 0.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.14 प्रतिशत मजबूत रहे जबकि पॉवर, तेल एवं गैस ऊर्जा, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और बैंकिंग समूह के शेयर 0.61 प्रतिशत की गिरावट पर रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.13, जापान का




निक्केई 0.33 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.46 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,311.58 अंक पर खुला और लिवली की बदौलत दोपहर से पहले 65,458.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,052.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,075.82 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 65,087.25 अंक पर रहा। निफ़्टी भी 91 अंक बढ़कर 19,433.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,452.80 अंक के उच्चतम जबकि 19,334.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,342.65 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत बढ़कर 19,347.45 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की तेजी पर रही 17 कंपनियों में से जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा स्टील 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.53, मारुति 1.50, इंफोसिस 1.19, एचसीएल टेक 0.91, अल्ट्रासिम्को 0.77, आईटीसी 0.59, नेस्ले इंडिया 0.58, सन फार्मा 0.49, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.40, टीसीएस 0.37, एशियन पेंट 0.28, भारती एयरटेल 0.28, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.23, एक्सिस बैंक 0.23 और टाइटन के शेयर भी 0.13 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, पावरग्रिड 1.59, एसबीआई 1.31, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.71, इंडसइंड बैंक 0.55, एनटीपीसी 0.36, कोटक बैंक 0.35, एलटी 0.29, विप्रो 0.20, बजाज फाइनेंस 0.18, टाटा मोटर्स 0.16, बजाज फाइनेंस 0.14, टेक महिंद्रा 0.10 और रिलायंस के शेयरों ने 0.08 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## इंडिगो विमान में खराबी, डीजीसीए कर रहा व्यापक तकनीकी मूल्यांकन

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय विमानन नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) मंगलवार को दो अलग-अलग इंडिगो विमानों में आई इंजन से संबंधित समस्याओं का व्यापक तकनीकी मूल्यांकन कर रहा है। विमानन नियामक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, डीजीसीए एयरलाइन ऑपरेटर के साथ कड़ा सहयोग बनाए रखते हुए इन दोनों घटनाओं के तकनीकी मूल्यांकन की निगरानी कर रहा है। मंगलवार को कुछ घंटों के अंतराल में दूसरी घटना में कोलकाता से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में हवा में खराबी आ गई। इस घटना में विमान का एक इंजन बंद हो गया, हालांकि, फ्लाइट सुरक्षित रूप से उतरने में सफल रही। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, कोलकाता से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 455 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के बाद कोलकाता लौट आई। पायलट ने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया और कोलकाता में प्लेन को वापस उतार लिया। यात्रियों को बेंगलुरु लाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। इससे पहले मंगलवार को मदुरै से उड़ी इंडिगो प्लेन एक इंजन बंद होने के बावजूद मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई। एयरबस ए321 सुरक्षित रूप से मुंबई में लैंड कराया गया। इस मामले पर एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, मदुरै से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई 2012 में मुंबई में लैंडिंग से पहले एक तकनीकी समस्या थी। पायलट ने मुंबई में लैंडिंग को प्राथमिकता दी। विमान को मुंबई में रोक दिया गया है। प्लेन आवश्यक रखरखाव के बाद परिचालन में वापस आ जाएगा। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

## खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 65 रिंगिट उबलकर 3866 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट की तेजी लेकर 63.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## 24 कंपनियों ने किया हाईवेयर पीएलआई स्कीम में आवेदन

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की कंप्यूटर हार्डवेयर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे चरण में आज आखिरी दिन कम से कम 32 कंपनियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं और ये सभी कंपनियां भारत में एक टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में योगदान को लेकर खासी उत्साहित हैं।

संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में लैपटॉप, डेस्कटॉप, सर्वर आदि हार्डवेयर के निर्माण के लिए पीएलआई 2.0 योजना में अंतिम दिन तक 24 कंपनियों के आवेदन आये हैं उनमें एचपी, डेल, एसर, एसिस, लेनोवो, थॉमसन, एचपी एंटरप्राइजेज़, वीवीडीएन आदि शामिल हैं। इनमें से 25 प्रतिशत घरेलू, 22 प्रतिशत हाईब्रिड विनिर्माण करेंगी। कुछ भारतीय



कंपनियां भी हैं जो विश्व के बड़े ब्रॉण्डों के लिए विनिर्माण करेंगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस चरण में देश में उत्तरोत्तर उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपए तक का होने का अनुमान है। जबकि ये कंपनियां 2430 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी तथा इससे 75 हजार प्रत्यक्ष एवं करीब सवा दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निस्तारण बहुत तेजी से किया जाएगा और उन्हें जल्द से जल्द उत्पादन शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

लाइसेंस प्रणाली को लेकर विवाद के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी आवेदकों से उनकी सीधी बात हुई है और एक भी कंपनी को इस बारे में कोई शिकायत या चिंता नहीं है। सभी कंपनियां भारत में मेक इन इंडिया को सफल बनाने और भारत को हार्डवेयर के क्षेत्र में टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और मूल्यवर्धन श्रृंखला बनाने को लेकर खासी उत्सहित हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह विश्वास जताया कि जिस प्रकार से भारत मोबाइल आयातक देश से ना सिर्फ मोबाइल फोन निर्यातक देश बन गया है और भारत में 98 प्रतिशत मोबाइल फोन सेट स्वदेश निर्मित हैं। हार्डवेयर पीएलआई योजना से इससे भी अच्छी स्थिति निर्मित होगी।

एपल कंपनी के इस पीएलआई योजना में भाग नहीं लेने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एपल के भी आने की उम्मीद है। वर्तमान में एपल भारत में ऐसे चार कंपोनेंट बनाती है जिसे विश्व भर में निर्यात किया जाता है।

हार्डवेयर पीएलआई स्कीम 2.0 के अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपए का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना की अवधि विनिर्माण शुरू होने के बाद छह वर्ष तक है। बीते आठ वर्षों में कंप्यूटर हाईवेयर क्षेत्र में भारत में 17 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गयी है। हार्डवेयर पीएलआई स्कीम 2.0

### सार संक्षेप

## एक्सिस कम्युनिकेशंस का पहला एक्सपीरियंस सेंटर

**नई दिल्ली।** नेटवर्क वीडियो क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एक्सिस कम्युनिकेशंस ने बेंगलुरु में पहला एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर एक्सिस इंडिया ऑफिस का हिस्सा है, जो नेटवर्क सिक्योरिटी सोल्यूशंस में हो रही आधुनिक प्रगति का प्रदर्शन करेगा। इस हब में पूरे देश के अंशधारकों के विशाल नेटवर्क के साथ संलग्न होकर सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर (एईसी) और इस ऑफिस के उद्घाटन के अवसर पर एक्सिस कम्युनिकेशंस एबी के सीईओ रे मॉरिट्सन; एशिया पैसिफ़िक के उपाध्यक्ष बुडेविज्न पेश्च; साउथ एशिया पैसिफ़िक के क्षेत्रीय निदेशक कार्ल माल्मक्विस्ट और एक्सिस कम्युनिकेशंस इंडिया एवं सार्क के निदेशक सुधींद्र होल्ला मौजूद थे। बेंगलुरु में स्थापित इस नये परिसर द्वारा राज्य में एक्सिस की स्थिति मज़बूत होगी और गठबंधन के लिए संभावित साझेदारों का परिवेश मिल सकेगा, जिससे इनोवेशन और उत्कृष्टता लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर में उत्पादों के भौतिक एवं इंटरैक्टिव प्रदर्शन द्वारा भविष्य की टेक्नोलॉजी का फर्स्ट-हैंड अनुभव मिलेगा। कंपनी के नवीनतम उत्पादों का अवलोकन पेश करते हुए, एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर परिवेश के साझेदारों को उत्पादों का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देगा, ताकि वो टेक्नोलॉजीज की सही कार्यप्रणाली समझ सकें, और ग्राहकों को हर टच पॉइंट पर बेहतरीन अनुभव मिले। एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर में ऑडियो एनालिटिक्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन, ऑटोमेटेड एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और डेटा एनालिटिक्स टूल्स सहित एडवांस्ड सर्विलेंस सिस्टम एवं कई अन्य उत्पादों का प्रदर्शन होगा, जिससे बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

## स्पाउडी का स्व-रोजगार महिला समूह 'सेवा' से करार

**नई दिल्ली।** ग्रीन-टेक इनोवेटर स्पाउडी और दुनिया की सबसे बड़ी स्व-रोजगार महिला संगठन 'सेवा' ने भारत की हजारों महिला लघु किसानों को स्मार्ट फार्मिंग शुरू करने योग्य बनाने के लिए 5 साल के एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस करार को वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 2 के तहत आपसी सहयोग पूरा किया जाएगा। यह घोषणा वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 1 की सफलता देखने के बाद की गई है जिसमें स्पाउडी और सेवा ने भारत के चार राज्यों में जमीनी स्तर पर कार्यरत सेवा सदस्यों को स्मार्ट फार्मिंग टेक्नोलॉजी और प्रशिक्षण दिया। वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 1 का संचलान एसएचएल मेडिकल के सहयोग से किया गया था। वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव के कई साझेदार हैं जो छोटे किसानों के कृषि कार्य में बड़ा बदलाव करते हुए उन्हें स्मार्ट फार्मिंग करने में सक्षम बनाते हैं। इसमें कम पानी में अधिक पैदावार और अधिक मुनाफा लेने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सेवा की निदेशक रीमाबेन नानावटी ने कहा स्मार्ट फार्मिंग अलायंस की वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव सेवा के स्वच्छ आकाश अभियान की तर्ज पर शुरू की गई है, जिसमें हमारा मिशन अधिक से अधिक पर्यावरण अनुकूल रोजगार सृजन करना और भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छ आसमान सुनिश्चित करना है।

# खेल जगत

## पाकिस्तान एक असाधारण टीम है : रविचंद्रन अश्विन



**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान को सबसे मजबूत दावेदार और भारत के साथ पसंदीदा बताया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि पाकिस्तान की सफलता काफी हद तक कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। अश्विन ने कहा, अगर बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़्वान मध्यक्रम में बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो पाकिस्तान इस एशिया कप और विश्व कप में एक शानदार टीम बनने जा रही है। पाकिस्तान एक असाधारण टीम है। उन्होंने पाकिस्तान को भारत से इतनी ऊंची रेटिंग देने के पीछे का कारण भी बताया। अश्विन ने कहा, यह सब उनकी टीम की गहराई पर निर्भर करता है। पाकिस्तान ने हमेशा असाधारण क्रिकेटर पैदा किए हैं, टेप बॉल क्रिकेट के कारण, उनके पास हमेशा तेज गेंदबाज रहे हैं।

# चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच बीसीसीआई मीडिया राइट्स बेचने के लिए बेताब

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया की निगाहें एशिया कप पर टिकी हुई हैं, ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में सितम्बर 2023 से मार्च 2028, तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों के लिए 31 अगस्त को द्विपक्षीय मीडिया राइट्स बेचने की तैयारी कर रहा है। बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मीडिया राइट्स के लिए ई-ऑक्शन का विकल्प चुना है जिसमें भारत के डिजिटल + शेष विश्व टीवी और डिजिटल अधिकारों के लिए आधार मूल्य 25 करोड़ रुपये और भारत के टेलीविजन अधिकारों के लिए 20 करोड़ रुपये है, जो आईपीएल मीडिया राइट्स के रुझान को जारी रखता है। हालांकि इसमें एक शर्त है, एक मैच का संचयी मूल्य 60 करोड़ रुपये से कम नहीं होना चाहिए, अन्यथा बीसीसीआई के पास नीलामी रद्द करने का अधिकार है।

यह कुल 88 मैचों के लिए प्रति मैच संयुक्त अधिकार मूल्य 45 करोड़ रुपये है, जो पिछले चक्र में डिज़्नी स्टार द्वारा भुगतान किए गए प्रति मैच 60 करोड़ रुपये से कम है।

इन अधिकारों की बोली बीसीसीआई द्वारा 2022 में आईपीएल अधिकारों की बिक्री से 48,390 करोड़ रुपये प्राप्त करने के बाद आई है। लेकिन जब गुरुवार की द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों की बोली की बात आती है तो परिस्थितियां अब अलग हैं। खर्च में मंदी के कारण बाजार का माहौल चुनौतीपूर्ण हो गया है। विशेष रूप से विज्ञापन के मोर्चे पर, साथ ही टी20 लीगों के प्रसार के कारण द्विपक्षीय मैचों में रुचि की कमी हो रही है।

अगर आप इस बार की अधिकार नीलामी को देखें, तो पिछली बार की तुलना में इस बार बाजार का माहौल बहुत अलग है।बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के मामले में, मूल्य निर्धारण पहले ही कम रखा गया है और व्यापक मूल्य निर्धारण के संदर्भ में, यह प्रति मैच लगभग 25 प्रतिशत कम है।

इलारा कैपिटल के वरिष्ठ वीपी-रिसर्च मीडिया विश्लेषक करण तौरानी ने एजेंसियां से कहा, दूसरी ओर, यदि आप आईपीएल को देखें, तो यह पहले के संस्करणों की तुलना में बेस प्राइस के मामले में 50त्न अधिक था। इसलिए, आपको आईपीएल की तुलना में यहां आक्रामक प्रतिक्रियाएं देखने को नहीं मिलेंगी।





तौरानी का मानना है कि बोली प्रक्रिया में केवल तीन प्रतियोगियों के कारण द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों में प्रतिस्पर्धा कम हो जाएगी। आप इसके लिए इस तरह के भारी प्रीमियम नहीं देखेंगे क्योंकि ये प्रसारक अपनी बोली के मामले में बहुत रूढ़िवादी होने जा रहे हैं।

द्विपक्षीय मीडिया अधिकार नीलामी में, केवल तीन खिलाड़ी हैं - सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, डिज़्नी स्टार और वायाकॉम18। सोनी, ज़ी के साथ अपने विलय के आधार पर और नवंबर के मध्य तक पूरा होने के कारण, 2024-28 चक्र के लिए विश्व कप मैचों के भारत टेलीविजन अधिकार अपने पास रखेगा। डिज़्नी स्टार, जिसके पास पिछले दो चक्रों में बीसीसीआई के द्विपक्षीय मीडिया अधिकार थे। उसके पास विश्व कप मैचों और आईपीएल टेलीविजन अधिकारों के डिजिटल अधिकार हैं। इस बीच, वायाकॉम 18 के पास आईपीएल डिजिटल अधिकार के साथ-साथ डब्ल्यूपीएल टीवी और डिजिटल अधिकार भी हैं। वायाकॉम18 अपनी गहरी जेब के कारण ई-नीलामी प्रक्रिया में, विशेष रूप से डिजिटल अधिकारों में, एक कड़ी चुनौती देना चाहता है, जिससे तौरानी सहमत हैं। उन्होंने कहा, यदि आप उनकी रणनीति को देखें, तो जहां तक ओटीटी का सवाल है, वे आक्रामक रूप से मार्केट लीडर बनना चाहते हैं।

ऐसा नहीं है कि वो आईपीएल हासिल करके पीछे हट गए, क्योंकि उन्होंने इसके बाद भी कई फिल्में और ओरिजिनल जियो सिनेमा पर लॉन्च की हैं और यह प्रक्रिया जारी है। इस मामले में भी, वे गंभीर बोलीदाताओं में से एक बन जाएंगे और वे संभावित रूप से इस प्रकार की संपत्ति के लिए आक्रामक बोली लगाएंगे।

बीसीसीआई ने पहली बार एक कंसोर्टियम बोली की अनुमति दी है लेकिन तौरानी, सोनी और ज़ी को एक साथ नीलामी में प्रवेश करते नहीं देख रहे हैं। क्योंकि अभी इसे पूरी तरह लागू होने में समय लग सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि विलय वाली कंपनी नवंबर के मध्य से पहले बनेगी। लेकिन एक साथ बोली लगाने के लिए कंपनियों के बीच किसी तरह की रणनीति और तालमेल हो सकता है। लेकिन आधिकारिक तौर पर वे एक साथ बोली नहीं लगा सकते क्योंकि विलय प्रक्रिया दो महीने दूर है।

तौरानी का मानना है कि डी-मर्जर और आईपीएल के डिजिटल अधिकारों के नुकसान के कारण राजस्व में गिरावट की खबरों के साथ, डिज्नी स्टार द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों की बोली में आक्रामक नहीं हो सकता है। जहां तक स्टार की बात है, उनके पास एक मिश्रित प्रकार की रणनीति है। अगर आप आईपीएल को देखें, तो वे टीवी पर मौजूद हैं। इसके अलावा, विश्व कप-2023 के बाद, उन्होंने ज़ी को टीवी अधिकारों की उप-फ़्रैंचाइज़ी दी है और उसके लिए डिजिटल अधिकार बरकरार रखे हैं। इसलिए, वे एक ऐसी रणनीति का पालन कर रहे हैं जहां वे इसे अपनी रणनीति में सुरक्षित रख सकें और संभावित रूप से दोनों प्लेटफॉर्म प्राप्त करने का प्रयास कर सकें। तौरानी का मानना है कि सबसे आदर्श परिदृश्य यह होगा कि एक बोलीदाता टीवी और डिजिटल दोनों अधिकार ले लेगा। इस मामले में, ऐसा संयोग हो सकता है, जहां टीवी और डिजिटल अधिकार निश्चित रूप से दो अलग-अलग प्लेटफार्मों को बेचे जा रहे हों। लेकिन मेरा मानना है कि सबसे आदर्श परिदृश्य यह है कि एक मंच टीवी और डिजिटल दोनों के अधिकार ले ले। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर एक बार अधिकार दो अलग-अलग खिलाड़ियों को अलग-अलग बेचे जाते हैं, तो आपको विज्ञापनदाताओं की रुचि और विज्ञापनदाताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के मामले में बहुत अधिक चुनौती देखने को मिलती है।

# अगर भारत जल्दी विकेट नहीं खोता है, तो मैच सिर्फ उनका होगा : मांजरेकर

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को एशिया कप और विश्व कप 2023 में पहले दस ओवरों में अपना विकेट न खोने और गेंदबाजों का सम्मान करने की सलाह दी है। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, देखिए, सौभाग्य से भारत के लिए, नंबर एक, दो और तीन, जब विराट नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हैं, तो वे तीन बहुत अच्छे टेस्ट बल्लेबाज होते हैं। और आप शायद 50 ओवरों के बारे में बात कर सकते हैं- दिन का मैच और सफेद गेंद वाला क्रिकेट और वह सब, लेकिन 50 ओवर के खेल की शुरुआत टी20 मैच की तरह नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में कुछ गंभीर कौशल की जरूरत है और फिर रोहित शर्मा ने पिछले विश्व कप में ये पांच शतक लगाए। मांजरेकर ने शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक पर भी प्रकाश डाला और उन्हें उस तकनीक के साथ खेलने के लिए कहा। संजय मांजरेकर ने कहा,मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरुआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा। इस बीच, एक अन्य पूर्व भारतीय क्रिकेटर, संजय बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक अन्य साक्षात्कार में केएल राहुल की अनुकूलनीय प्रकृति और प्रशिक्षण शिविर में आजमाए गए विभिन्न बल्लेबाजी संयोजनों के बारे में बात की। बांगड़ कहा, केएल राहुल एक बहुत ही बहुमुखी खिलाड़ी हैं, खासकर जब उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में खेलाया जाता है। कभी उन्होंने पारी की शुरुआत की है, कभी उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी की है। इसलिए, आज हमें इस



**मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरुआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा: संजय मांजरेकर**

शिविर में बहुत कुछ देखने को मिला। उन्होंने कहा, आज, हमने खिलाड़ियों की अलग-अलग जोड़ियों को एक साथ बल्लेबाजी करते हुए देखा, जैसा कि हमने कल के सत्र में देखा था - शुभमन गिल और रोहित शर्मा जोड़ियों में बल्लेबाजी कर रहे थे। आज, केएल और रोहित जोड़ियों में एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। बांगड़ ने आगे कहा, इस प्रकार इसका मतलब है कि टीम प्रबंधन के मन में यह विचार हो सकता है कि क्या केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। मुझे नहीं लगता कि यह उनका पहला विकल्प है, लेकिन जाहिर है, वे इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ मौका देना चाहते हैं, या वे अपने पास एक विकल्प रखना चाहते हैं।

## ज्यूरिख में डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन दोहराना चाहते हैं विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा





**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। 2023 वांडा डायमंड लीग ज्यूरिख में सीजन की अपनी 11वीं प्रतियोगिता की मेजबानी करेगी, जिसमें विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा अपनी शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे। लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर भी एक्शन में नजर आएंगे। गत चैंपियन के लिए यह तीसरा डायमंड लीग इवेंट होगा जहां वह चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च और जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर हैं। दोनों व्यक्ति दस सदस्यीय मजबूत क्षेत्र बनाएंगे जिसमें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर सहित अन्य शामिल होंगे।

इस बीच, श्रीशंकर डब्ल्यूएसी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (ग्रीस), विलियम विलियम्स (यूएसए) और कैरी मैकलियोड (जमैका) जैसे कट्टर प्रतिस्पर्धियों को ज्यूरिख में पछाड़ने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलीट फिलहाल लंबी कूद तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसे शीर्ष के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

सभी गतिविधियां जियोसिनेमा पर लाइव होंगी और 31 अगस्त को स्पोर्ट्स18, 1 एचडी और एसडी पर प्रसारित होंगी।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को 15-1 से रौंदा

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 30 अगस्त (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह के चार तथा उपकप्तान मोहम्मद रहील के तीन गोल की बदौलत भारत ने बांग्लादेश को सलाला( ओमान) में पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर के छह टीमों के इलीट पूल मैच में 15-1 से हरा अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। विजेता भारत के लिए साथ ही सुखविंदर, गुरजोत और पवन राजभर ने भी दो-दो तथा कप्तान मनदीप मोर तथा डिप्सन टिर्की ने भी एक - एक गोल किया। बांग्लादेश के लिए इकलौता गोल सवन सरोवर ने दूसरे मिनट में दागा।





भारत ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन पवन राजभर के मैदानी गोल करने का मौका चूकने के बाद दूसरे ही मिनट सवन सरोवर ने गोल कर बांग्लादेश को 1-0 से आगे कर सभी को चौंका दिया। मोहम्मद रहील ने अगले ही क्षण गोल कर भारत करे एक-एक की बराबरी दिला दी। शुरू में गोल खाने से बचने और एक दूसरे की थाह लेने की मंशा में भारत और बांग्लादेश की टीमों ने संभल कर आगाज किया। कप्तान मनदीप मोर ने आठवें मिनट में, अगले ही मिनट डिप्सन टिर्की औरमनिंदर ने दो मिनट बाद अपना पहला गोल भारत को 4-1 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी। गुरजोत ने पहला हाफ खत्म होने से दो मिनट पहले अपना पहला , सुखविंदर ने अगले ही क्षण एक और गोल तथा रहील ने अपना दूसरा गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 7-1 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी थी।

भारत ने दूसरे हाफ में अपने हमले जारी रखे। मनिंदर ने दाएं से बढ़ कर दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में,अगले ही मिनट पवन राजभर ने तथा तीन मिनट बाद सुखविंदर और अगले ही मिनट गुरजोत ने गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। मोहम्मद रहील ने मैच के 24 वें मिनट में अपना तीसरा गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। पवन राजभर ने मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत की 13-1 कर दी। मनिंदर सिंह ने खेल खत्म होने से दो गोल और कर भारत को 15-1 से मैच जिता दिया।

# कोहली बढ़ाएंगे पाकिस्तान की टेंशन : मोहम्मद कैफ

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पिछली बार जब पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप-2022 में भारत का सामना किया था, तो विराट कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सबका दिल जीत लिया था। इस मैच में भारत ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। पिछले साल खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत को बेहद कठिन परिस्थितियों से निकालते हुए यादगार जीत दिलाई थी। ये जीत भारतीय क्रिकेट फैंस के जहन में हमेशा ताजा रहेगी।

ऐसे में एक बार फिर, जब एशिया कप-2023 में पाकिस्तान और भारत, 2 सितंबर को आमने-सामने होंगे। तो, फैंस को कोहली से एक बार फिर विराट पारी की उम्मीद होगी। यह बात पाकिस्तानी





टीम भी जानती है कि किंग कोहली उनके लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान को बड़ी टेंशन दे दी है। उन्होंने कोहली की इस पारी को याद करते हुए कहा कि विराट को गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज निश्चित रूप से दबाव में होंगे।

कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और जब पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह एक दमदार बल्लेबाज हैं। वह पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और लक्ष्य का पीछा करने में माहिर हैं।

उस विश्व कप में उनका जो फॉर्म था, वह एशिया कप-2022 में उनके प्रदर्शन के कारण था, जिसकी शुरुआत उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लगाए गए शतक से की थी। प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कोहली द्वारा खेली गई 53 गेंदों में 82* रनों की मैच विजयी पारी निश्चित रूप से उनकी सबसे कठिन पारियों में से एक थी। वह खुद इसे टी-20 में अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी मानते हैं।

## इंग्लैंड में महिला क्रिकेट टीम की फीस पुरुषों के बराबर हुई

**लंदन,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को घोषणा की कि वो तत्काल प्रभाव से महिला टीम की मैच फीस को पुरुष टीम की मैच फीस के बराबर कर रहे हैं। इंग्लैंड ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की इस घोषणा का यह मतलब है कि मैच फीस में समानता इंग्लैंड की महिलाओं की श्रीलंका के खिलाफ आगामी सफेद गेंद वाली घरेलू श्रृंखला से प्रभावी होगी। न्यूजीलैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड अपनी अंतरराष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के लिए मैच फीस बराबर करने वाला चौथा क्रिकेट राष्ट्र बन गया है। इंग्लैंड की कप्तान





हीथर नाइट ने इस ऐतिहासिक कदम पर कहा, यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाना जारी रखें और इंग्लैंड की महिलाओं और इंग्लैंड के पुरुषों के लिए समान मैच फीस देखना शानदार है। मैं खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर खेल के विकास में उनके समर्थन के लिए पीसीए और इंग्लैंड महिला खिलाड़ी साझेदारी को भी धन्यवाद देना चाहूंगी।

यह विकास इस ग्रीष्मकालीन महिला एशेज श्रृंखला में जून और जुलाई में 110,000 की रिकॉर्ड-तोड़ भीड़ के बाद आया है। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह एक यादगार पल था। इंग्लैंड ने एजबेस्टन, किआ ओवल और लॉर्ड्स में महिलाओं की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के नए रिकॉर्ड बनाए। हीथर ने श्रृंखला को महिलाओं के खेल के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला घोषित किया।

ईसीबी ने कहा कि इस साल घरेलू वेतन में बढ़ोतरी और द हंड्रेड में महिला खिलाड़ियों का वेतन पिछले साल दोगुने से अधिक होने के कारण अतिरिक्त निवेश हुआ है। दुनिया भर की प्रतियोगिताओं में कमाई के बढ़ते अवसरों के साथ, यह खेल वर्तमान में महिला टीम खेलों के बीच कमाई के कुछ बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

# डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में हरमनप्रीत, ऋचा, दीप्ति, जेमिमा, पूजा

**मेलबर्न,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर बुधवार को लीग द्वारा घोषित उद्घाटन डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में शामिल की गयी हैं। कुल मिलाकर, 3 सितंबर को होने वाले बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट के लिए 50 खिलाड़ियों को प्लेटिनम का दर्जा दिया गया है। प्लेटिनम सूची में नामित 25 खिलाड़ी शीर्ष वेतन बैंड के भीतर टीमों द्वारा पहले दौर में ड्राफ्ट किए जाने के पात्र हैं।

हरमनप्रीत ने लीग में सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेला है, जबकि ऋचा ने पिछले साल के डब्ल्यूबीबीएल सीज़न में होबार्ट हरिकेंस का प्रतिनिधित्व किया था। जेमिमा मेलबर्न स्टार्स और रेनेगेड्स के लिए खेल चुकी हैं, जबकि दीप्ति सिडनी थंडर के लिए खेल चुकी हैं और पूजा ने अतीत में ब्रिस्बेन हीट का प्रतिनिधित्व किया था। चामरी अटापट्टू , लॉरेन बेल, तज़्मिन ब्रिट्स, ऐलिस कैप्सी, केट क्रॉस, निदा डार, सोफी डिवाइन, डींड्रा डॉटिन, सारा ग्लेन, शबनिम इस्माइल, मारिज़ैन कप्प, अमेलिया केर, हीथर नाइट, हैली मैथ्यूज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, स्टैफनी टेलर, क्लो ट्रायॉन , लॉरा वोल्वार्ड्ट, इस्सी वोंग और डैनी व्याट डब्ल्यूबीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची में अन्य खिलाड़ी हैं। बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में इंग्लैंड का दबदबा है, जिसके 14 खिलाड़ी गस एटकिंसन, सैम बिलिंग्स, हैरी ब्रूक, जो क्लार्क, जैक क्रॉली, टॉम करेन, एलेक्स हेल्स, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, टॉम कोहलर-कैडमोर, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, फिल साल्ट और जेम्स विंस हैं।





अन्य बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में क्विंटन डी कॉक, फाफ डु प्लेसिस, मार्टिन गुप्टिल, राशिद खान, शादाब खान, कॉलिन मुनरो, निकोलस पूरन, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान, रिले रोसौव और मुजीब उर रहमान शामिल हैं। ड्राफ्ट में केवल कुछ ही दिन बचे हैं, उम्मीदें बढ़ रही है और हम प्रत्येक ड्राफ्ट के लिए प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची साझा करने के लिए उत्साहित हैं। दोनों सूचियों में विश्व स्तरीय टी20 प्रतिभाएं शामिल हैं, जो इस गर्मी में क्रिकेट उत्कृष्टता के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करती हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, दोनों ड्राफ्ट के लिए नामांकन असाधारण हैं, और हम रविवार रात के ड्राफ्ट कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें क्लब कुल मिलाकर न्यूनतम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन कर सकेंगे, प्रत्येक क्लब को कम से कम एक राउंड में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। ड्राफ्ट नाइट में चार श्रेणियां होंगी जिनमें खिलाड़ियों का चयन किया जा सकता है- प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज़। प्रत्येक श्रेणी के लिए वेतन विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्धारित किया गया है, जिसमें प्लेटिनम खिलाड़ी का उच्चतम भुगतान है। डब्लूबीबीएल में, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 110,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमशः 90,000, 65,000 और 40,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे। बीबीएल के लिए, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 420,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलना तय है, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमशः 300,000, 200,000 और 100,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे।

## सार संक्षेप

### सांस लेने की परेशानी पर काबू पाकर ओन्स जाबौर दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** पिछले साल की फाइनलिस्ट ट्यूनीशिया की ओन्स जाबौर ने सांस लेने में दिक्कत के बावजूद कोलंबियाई युवा कैमिला ओसोरियो को 7-5, 7-6(4) से हराकर मंगलवार को यूएस ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 2022 की उपविजेता, जो सोमवार को 29 साल की हो गयी, ने सांस लेने में कठिनाई के बावजूद कोलंबियाई युवा कैमिला ओसोरियो को पछाड़कर लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम के अंदर एक साहसी प्रदर्शन के साथ जीत हासिल की । जाबौर ने अपने ट्रेडमार्क ड्रॉप शॉट्स और लूपिंग लॉब्स का इस्तेमाल करते हुए जीत दर्ज की।ट्यूनीशियाई का अगला मुकाबला गुरुवार को चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने मैडिसन ब्रेंगल को आसानी से 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल प्रतियोगिता के पहले दौर के मैच में एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने कनाडा की 2021 यूएस ओपन महिला एकल उपविजेता लेयला फर्नांडीज को हरा दिया। काफी नाटकीयता वाले कड़े मुकाबले में एलेक्जेंड्रोवा 7-6(4), 5-7, 6-4 से मैच जीतने में सफल रही। दूसरे दिन पहले दौर के अन्य मैचों में, यूनाइटेड किंगडम की केटी बोल्टर ने फ्रांस की डायने पैरी को 6-4, 6-0 से हराया, जबकि जर्मनी की मारिया तात्जाना क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक से 6-2, 6-1 से हार गईं।

### यूएस ओपन : शीर्ष सितारे मेदवेदेव, ज्वेरेव, बेरेटिनी दूसरे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव मंगलवार को यहां हंगरी के अत्तिला बालाज को 6-1, 6-1, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए। यह तीसरी वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी की सीज़न की 50वीं टूर-स्तरीय जीत थी। अब उनके पास यूएस ओपन में 24-5 का रिकॉर्ड है, उन्होंने हार्ड-कोर्ट इवेंट में तीन अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियाई ओपन 21, विंबलडन 13, रोलैंड गैरोस 7) की तुलना में अधिक जीत हासिल की है। उनका अगला मुकाबला मैक्स परसेल और क्रिस्टोफर ओकोनेल के बीच होने वाले ऑस्ट्रेलियाई मैच के विजेता से होगा। मेदवेदेव, जो इस पखवाड़े में अपने दूसरे स्लैम खिताब का पीछा कर रहे हैं, ने इस साल हार्ड कोर्ट पर चार टूर-स्तरीय ट्रॉफियां उठाई हैं। अन्य मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अलेक्जेंडर वुकिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला डेनियल अल्टमैयर या कॉन्स्टेंट लेस्टिएन से होगा।